नई दिल्ली
शनिवार, 13 दिसंबर 2025
पौष मास कृष्ण पक्ष, नवमी वर्ष : 29, अंक : 240
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 23
न्यून. 11


# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


# रेलवे 1.5 लाख करोड़ रुपये के नए फ्रेट कॉरिडोर विकसित करने की तैयारी में

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय रेलवे देश में माल परिवहन क्षमता बढ़ाने के लिए लगभग 1.5 लाख करोड़ रुपये की लागत से तीन नए डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर (डी ए फ सी) विकसित करने की योजना पर काम कर रहा है। ये कॉरिडोर देश के पूर्व, दक्षिण और मध्य भारत में बनाए जाएंगे। रेलवे का लक्ष्य है कि बढ़ती लॉजिस्टिक्स मांग और तेजी से बढ़ रहे माल परिवहन को देखते हुए नए मार्ग तैयार किए जाएं, ताकि उद्योग, खनन और कृषि क्षेत्र को तेज़ परिवहन उपलब्ध कराया जा सके।



## माल परिवहन को दें नई गति

रेलमंत्री अश्वनी वैष्णव ने रेलवे बोर्ड को निर्देश दिया है कि पूर्वी भारत, दक्षिण भारत और मध्य भारत के माल परिवहन को सुचारू बनाने के लिए कनेक्टेड तीन फ्रेट कॉरिडोर को ऐसा डिज़ाइन करें जिससे माल परिवहन को नई गति दी का सके। समय पर माल इधर से उधर पहुंचाई जा सके। इन कॉरिडोरों के लिए विजयवाड़ा–नागपुर–इटारसी जैसे रूटों पर भी विचार किया जा रहा है। अंतिम चयन तकनीकी व्यवहार्यता, ट्रैफिक अनुमान और फंडिंग के आधार पर किया जाएगा।

## कोविड के बाद माल ढुलाई मांग बढ़ी

नए फ्रेट कॉरिडोर मौजूदा 1,337 किमी पूर्वी डीएफसी, 1,506 किमी पश्चिमी डीएफसी को और मजबूत करेंगे और इनके साथ मिलकर बड़ी मालगाड़ियों के हाई-स्पीड संचालन को सक्षम बनायेंगे। कोविड के बाद से भारत में माल ढुलाई की मांग कई गुना बढ़ी है। रेलवे इस मांग को पूरा करने के लिए अगले वर्षों में फ्रेट क्षमता को 2030 तक 3.5 बिलियन टन तक पहुँचाने का लक्ष्य रखता है।

## जीडीपी में रेलवे की भागीदारी बढ़ाएंगे

रेलवे अधिकारियों के अनुसार, नए कॉरिडोर ईंधन लागत में कमी लाएंगे, कार्बन उत्सर्जन घटाएंगे, उद्योगों को तेज़ और समयबद्ध डिलीवरी देंगे, बंदरगाहों तक तेज़ माल पहुंचाकर निर्यात में बढ़ोतरी करेंगे। ज़ाहिर इसका सीधा असर न केवल रेलवे की बैलेंस सीट पर पड़ेगा बल्कि देश के जीडीपी में रेलवे की भागीदारी भी बढ़ेगी।

## लॉजिस्टिक खर्च कम होगा

यह व्यापक परियोजना 2027–2032 के बीच अलग-अलग चरणों में पूरी हो सकती है। इसके लिए सरकारी फंड, मल्टीलेटरल संस्थाओं और पीपीपी मॉडल के तहत निवेश की योजना है। विशेषज्ञों का कहना है कि भारत के लॉजिस्टिक खर्च जीडीपी का लगभग 13–14 फ़ीसदी है, जो विकसित देशों के मुकाबले बहुत अधिक है। नए फ्रेट कॉरिडोर इस लागत को काफी हद तक कम करेंगे।

बोले जायसवाल, विवाद के बीच संयम बरतें और शांति के मार्ग पर वापस लौटें कंबोडिया-थाईलैंड

## प्रीह विहार मंदिर को पहुंचे नुकसान को लेकर भारत ने जताई चिंता



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

कंबोडिया और थाईलैंड सीमा पर जारी तनाव के बीच प्रीह विहार मंदिर को पहुंचे नुकसान को लेकर शुक्रवार को भारत ने चिंता जताते हुए दोनों देशों से अपील की है कि वो संयम बरतें और सभी प्रकार की शत्रुता को समाप्त करने के लिए जरूरी कदम उठाएं। जिससे इलाके में और अधिक तनाव न फैले। विवाद से जुड़े सभी पक्षों को बातचीत और शांति के मार्ग पर लौटने का भी भारत ने आग्रह किया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक बयान के जरिए यह जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि विवाद में प्रीह विहार मंदिर सुविधा को पहुंचे नुकसान के मामले को लेकर मीडिया द्वारा मंत्रालय से कई प्रश्न पूछे गए थे। जिसके जवाब में हमारा यही मत है कि प्रीह विहार मंदिर समूह यूनेस्को की विश्व धरोहर स्थल की सूची में शामिल मानवता की साझा सांस्कृतिक विरासत है। दोनों देशों के तनाव की वजह से इसे पहुंचा किसी भी तरह का नुकसान ▶▶ शेष पेज 7 पर

### मंदिर के संरक्षण से जुड़ा रहा भारत

जायसवाल ने कहा, भारत मंदिर के संरक्षण के लिए बेहद निकटता से शामिल रहा है। हम उम्मीद करते हैं कि मंदिर स्थल को सुरक्षित बनाए रखने और इससे जुड़ी हुई संरक्षण गतिविधियों के लिए सभी जरूरी कदम उठाए जाएंगे। भारत एक बार फिर से थाईलैंड और कंबोडिया से यह आग्रह करता है कि दोनों देश तनाव के बीच धैर्य और संयम का ▶▶ शेष पेज 7 पर

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### आयोग ने 8 राज्यों में की एसआरओ की नियुक्ति



**नई दिल्ली।** भारत के निर्वाचन आयोग ने शुक्रवार को कहा कि 9 राज्यों और 3 केंद्र शासित प्रदेशों में एसआईआर की प्रक्रिया करवाई जा रही है। आयोग ने प्रमुख राज्यों में वोटर लिस्ट के एसआईआर के लिए विशेष रोल पर्यवेक्षकों की तैनाती की है। छग, गोवा, गुजरात, केरल, मप्र, राजस्थान, तमिलनाडु, उप्र, बंगाल में सर्वे चल रहा है।

### विनेश फोगाट ने वापस लिया संन्यास का फैसला



**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का नाम रोशन कर चुकी ओलिंपियन एवं जुलाना से कांग्रेस विधायक विनेश फोगाट ने सन्यास का फैसला वापस लेते हुए दोबारा कुश्ती के मैट पर उतरने की इच्छा जताई है। विनेश ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक भावुक पोस्ट साझा करते हुए स्पष्ट किया।


प्रधानमंत्री मोदी की 15 दिसंबर से शुरू हो रही ओमान, जॉर्डन, इथोपिया की यात्रा में होंगे कई समझौतों पर हस्ताक्षर

# ओमान से भारत को मिलेंगे जगुआर विमानों के लिए कलपुर्जे, होगा एफटीए!

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिकी टैरिफ और वैश्विक संघर्षों के मुश्किल वक्त में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 15 से 18 दिसंबर तक जॉर्डन, इथोपिया और ओमान जैसे तीन देशों की आधिकारिक यात्रा पर रहेंगे। जिसकी शुरुआत अगले सप्ताह सोमवार को जॉर्डन से होगी और गुरुवार को इसका समापन ओमान में होगा। लेकिन देश के शीर्ष नेता की इस यात्रा से ठीक पहले भारत के लिए एक अच्छी खबर आ गई है। जिसमें यह जानकारी मिली है कि ओमान से भारतीय वायुसेना को जगुआर लड़ाकू विमानों के लिए आगामी कुछ दिनों में कलपुर्जों की सप्लाई की जा सकती है। इसके अलावा दोनों देशों के बीच एक मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर भी पीएम की यात्रा के दौरान हस्ताक्षर किए जाने की संभावना है। विदेश मंत्रालय में शुक्रवार को प्रधानमंत्री मोदी के इस विदेश दौरे से पहले आयोजित किए गए संवाददाता सम्मेलन में पूछे गए प्रश्नों के जवाब में यह जानकारी निकलकर सामने आई है।

## तीनों देशों के साथ मजबूत होंगे भारत के संबंध और बढ़ेगा व्यापारिक सहयोग



### किसी तीसरे देश के चश्मे न देखें संबंध

उन्होंने ओमान का बतौर ओआईसी का सदस्य होने और चीन से जुड़े प्रभाव के प्रश्न पर कहा कि भारत, ओमान संबंधों में एक अहम तत्व हाइड्रोकार्बन व्यापार का भी है। भारत हरित ऊर्जा, ऊर्जा सुरक्षा के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाना चाहता है। हम ओमान से ▶▶ शेष पेज 7 पर

### भारत-ओमान के बीच होगा एफटीए

चटर्जी ने कहा, भारत-ओमान के बीच जो व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौते (सीईपीए) का मामला है। उसे लेकर हम बेहद आशान्वित हैं। दोनों देशों की टीमों ने इस समझौते को जल्द अंतिम रूप देने के लिए कड़ी मेहनत की है। हम इस दिशा में काम कर ▶▶ शेष पेज 7 पर

### मजबूत होगा वायुसेना का जंगी बेड़ा

मंत्रालय में सचिव (सीपीवी-ओआईओ) अरुण कुमार चटर्जी ने बताया कि दुनिया में जगुआर विमानों का इस्तेमाल करने में ओमान की रॉयल वायुसेना भी शामिल रही है। हालांकि कुछ समय पहले उन्होंने इन युद्धक विमानों को अपनी हवाई सेवा से पूरी तरह से बाहर कर दिया है। लेकिन ओमान भविष्य में भारत को जगुआर विमानों के कलपुर्जे देने का इच्छुक है। हमें उम्मीद है कि आगामी दिनों में कलपुर्जों की भारत को सप्लाई की जाएगी। यहां बता दें कि वर्तमान में देश की वायुसेना के पास जगुआर विमानों की कुल 6 स्क्वाड्रन हैं, जिनमें करीब 108 विमान हैं। विमानों की वास्तविक निर्माता ब्रिटिश-फ्रेंच कंपनी द्वारा इनका उत्पादन बहुत पहले बंद करने की वजह से वायुसेना को विमानों की देखरेख-मरम्मत के लिए कलपुर्जों को लेकर भारी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। चीन-पाकिस्तान सीमा से मिलती युद्ध की संयुक्त चुनौती के बीच भारत को अनिवार्य रूप से लड़ाकू विमानों की 42 स्क्वॉड्रन की आवश्यकता है। जबकि अभी उसके पास फिलहाल इनकी संख्या 30 बनी हुई है। ऐसे में ओमान से जगुआर विमानों के कलपुर्जे मिलना बल के लिए किसी बड़ी राहत से कम नहीं है। वायुसेना के पास लड़ाकू विमानों की 30 में से सुखोई की 13 स्क्वॉड्रन, मिराज की 3, जगुआर की 6, मिग-29 की 3, तेजस की 2, राफेल की 2 के साथ ही एलसीए मार्क-1ए की एक स्क्वॉड्रन शामिल है। ओमान से कलपुर्जे भारत को मुफ्त में दिए जाएंगे। हरिभूमि से इस मामले को लेकर एक खबर को हाल ही में अपने दिल्ली व अन्य संस्करणों में प्रमुखता से प्रकाशित किया था।

### जॉर्डन में गाजा के मुद्दे पर होगी बातचीत

मंत्रालय में सचिव (दक्षिण) नीना मल्होत्रा ने कहा कि ओमान, जॉर्डन के साथ हमारे संबंध अपना महत्व रखते हैं। शीर्ष नेता साझा हितों से जुड़े हुए क्षेत्रीय, वैश्विक मुद्दों पर चर्चा करेंगे। लेकिन गाजा के मामले पर बातचीत होगी। उसे लेकर मैं कहूंगी कि जब भी दोनों देशों के नेता मिलते हैं, तो सभी मुद्दों पर चर्चा होती है। हो सकता है कि शीर्ष नेता इस मामले पर भी चर्चा करें। जहां तक गाजा शांति योजना का विषय है तो भारत ने इसके पहले चरण का स्वागत किया है। विदेश राज्य मंत्री ने हाल ही में शर्म अल शेख में हुए सम्मेलन में भी भाग लिया था। नई दिल्ली का यही मानना है कि हम इलाके में स्थायी शांति के लिए ▶▶ शेष पेज 7 पर

भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने लोकसभा में तमिलनाडु सरकार पर साधा निशाना

# पूछा, कार्तिगई दीपम त्योहार पर तमिलनाडु सरकार की ओर से हिंदू श्रद्धालुओं को क्यों रोका जाता है?

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



लोकसभा सदन में शुक्रवार को भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने तमिलनाडु सरकार को मदुरै जिले में तिरुपरमकुंद्रम पहाड़ी पर स्थित अरुलमिगु सुब्रमण्य स्वामी मंदिर में कार्तिगई दीपम त्योहार को लेकर कठघरे में खड़ा किया। अनुराग ने दावा किया कि इस दौरान मंदिरों के दरवाजे बंद कर दिए गए थे। उन्होंने कहा कि इसके खिलाफ लोगों को कोर्ट का रुख करने के लिए मजबूर किया गया। भाजपा सांसद ने कहा कि हाल ही में मद्रास हाईकोर्ट की मदुरै पीठ ने तमिलनाडु सरकार को कड़ी फटकार लगाई है। उन्होंने कहा कि मदुरै पीठ ने 'कार्तिगई दीपम' को लेकर जारी निर्देशों को अधिकारियों की ओर से जानबूझकर पालन न करने के आरोप ▶▶ शेष पेज 7 पर

### एक राज्य सनातन धर्म विरोध का चेहरा बना

सांसद ठाकुर ने कहा, 'भारत का एक राज्य सनातन धर्म-विरोध का चेहरा बन गया है। इस राज्य के मंत्रियों ने सनातन धर्म के खिलाफ बयान दिए हैं।' अनुराग ठाकुर ने आरोप लगाते हुए कहा कि जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की तो तमिलनाडु के मंदिरों में इसके प्रसारण पर रोक लगा दी गई थी।

## राष्ट्रीय मखाना बोर्ड की पहली बैठक में 476 करोड़ रूपये की केंद्रीय स्कीम को स्वीकृति

मखाना मूल्य श्रृंखला को आधुनिक बनाएंगे | बीज की ज़रूरतों को एक साथ लाएंगे



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रीय मखाना बोर्ड की पहली बैठक शुक्रवार को नई दिल्ली के कृषि भवन में हुई। सरकार ने इस पहल का समर्थन करने के लिए 2025-26 से 2030-31 के समय के लिए 476 करोड़ रूपये के खर्च के साथ मखाना के विकास के लिए केंद्रीय क्षेत्र की स्कीम को स्वीकृति दी है।

यह स्कीम अनुसंधान और नवाचार, गुणवत्तापूर्ण बीज उत्पादन, किसानों की क्षमता बढ़ाने, बेहतर कटाई और कटाई के बाद के तरीके, मूल्य संवर्धन, ब्रांडिंग और मार्केटिंग, निर्यात प्रोत्साहन और गुणवत्ता नियंत्रण पर केंद्रित है। ज्ञात हो कि केंद्र सरकार ने केंद्रीय बजट 2025-26 की घोषणा को पूरा करते हुए राष्ट्रीय मखाना बोर्ड बनाया है। प्रधानमंत्री ने आधिकारिक रूप से 15 सितंबर 2025 को बिहार में बोर्ड को आरंभ किया था।बैठक की अध्यक्षता कृषि और किसान कल्याण विभाग के सचिव डॉ. देवेश चतुर्वेदी ने की। बैठक में बोर्ड और केंद्रीय क्षेत्र की स्कीम को लागू करने की प्रक्रिया को शुरू किया गया। बोर्ड ने राज्यों और अनुसंधान संस्थानों द्वारा जमा की गई वार्षिक कार्य योजना की समीक्षा की और इस क्षेत्र के समग्र विकास के ▶▶ शेष पेज 7 पर

'कर हितैषी' मोबाइल ऐप से जीएसटी चोरी की जानकारी दे सकेंगे

## मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आबकारी एवं कराधान विभाग की 6 ऑनलाइन सेवाओं का किया शुभारंभ





**नई दिल्ली।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने शुक्रवार को आबकारी एवं कराधान विभाग की दो प्रमुख डिजिटल पहलों की शुरुआत करते हुए शासन-प्रशासन में पारदर्शिता, दक्षता और सुगमता को नई गति प्रदान की। इन डिजिटल पहलों का उद्देश्य विभागीय प्रक्रियाओं को पूरी तरह तकनीक-आधारित बनाना, सेवाओं को समयबद्ध तरीके से आमजन तक पहुंचाना और राजस्व प्रबंधन को अधिक सुदृढ़ करना है। मुख्यमंत्री ने विभाग द्वारा विकसित 'कर हितैषी' मोबाइल एप्लिकेशन का लोकार्पण किया। यह ऐप आम नागरिकों को जीएसटी चोरी की जानकारी सरल और गोपनीय तरीके से देने की सुविधा प्रदान करता है। नागरिक फर्जी बिलिंग, गलत इनपुट टैक्स क्रेडिट, बिना पंजीकरण कारोबार, बिल न देने, या लेन-देन छिपाने जैसी ▶▶ शेष पेज 7 पर

चालू वित्त वर्ष में नवंबर तक कुल जीएसटी संग्रह 83,606 करोड़, जो पिछले वर्ष की तुलना में 7 प्रतिशत अधिक

शाह करेंगे वाजपेयी की प्रतिमा का अनावरण

## मुख्यमंत्री नायब सैनी ने अटल पार्क में कार्यक्रम की व्यवस्थाओं का किया निरीक्षण

**नई दिल्ली।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बताया कि 24 दिसंबर को पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिवस की पूर्व संध्या पर देश के गृह मंत्री अमित शाह पंचकूला के एमडीसी सेक्टर-1 स्थित अटल पार्क में वाजपेयी जी की प्रतिमा का अनावरण करेंगे। इसके अलावा वे पंचकूला में आयोजित अन्य कार्यक्रमों में भी शिरकत करेंगे। मुख्यमंत्री सैनी शुक्रवार को अटल पार्क में कार्यक्रम की व्यवस्थाओं का निरीक्षण करने के उपरांत पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। इस अवसर पर भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली भी उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री सैनी ने बताया कि अटल जी की धातु से बनी 41 फीट ऊंची प्रतिमा का अनावरण ▶▶ शेष पेज 7 पर



दिव्यांगों के लिए होंगी सुलभ परीक्षाएं

## यूपीएससी ने सभी विशिष्ट दिव्यांगता वाले उम्मीदवारों के लिए 'पसंदीदा केंद्र' की सुविधा का शुभारंभ किया

**नई दिल्ली।** संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) ने दिव्यांगजनों के लिए परीक्षा की सुगमता और पहुंच बढ़ाने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए सभी दिव्यांग उम्मीदवारों को अपनी परीक्षाओं के लिए 'पसंदीदा परीक्षा केंद्र' आवंटित करने का निर्णय लिया है।






इन उम्मीदवारों को अक्सर होने वाली व्यवस्था संबंधी चुनौतियों और विशेष आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए, आयोग ने यह सुनिश्चित करने का निर्णय लिया है कि प्रत्येक दिव्यांगजन आवेदक को वही परीक्षा केंद्र आवंटित किया जाए जिसे उन्होंने आवेदन पत्र में अपनी पसंदीदा पसंद के रूप में चुना है। इस पहल की जानकारी देते हुए यूपीएससी के अध्यक्ष डॉ. अजय कुमार ने कहा कि पिछले ▶▶ शेष पेज 7 पर

लातूर के देवघर में चल रहा था इलाज

# पूर्व गृहमंत्री शिवराज पाटिल का 90 की उम्र में निधन, लातूर में ली अंतिम सांस



मुंबई हमले की नैतिक जिम्मेदारी लेकर इस्तीफा दिया था

एजेंसी ▶▶ लातूर

वरिष्ठ कांग्रेस नेता और पूर्व केंद्रीय गृह मंत्री शिवराज पाटिल का शुक्रवार को 90 साल की उम्र में निधन हो गया। उन्होंने महाराष्ट्र के लातूर में सुबह 6.30 बजे अंतिम सांस ली। पाटिल पिछले कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे। लातूर में उनके घर देवघर में उनका इलाज चल रहा था।

पाटिल का अंतिम संस्कार शनिवार को किया जाएगा। शिवराज के परिवार में उनके बेटे शैलेश, बहू अर्चना और दो पोतियां हैं। पाटिल लातूर लोकसभा सीट से 7 बार सांसद रहे। शिवराज को इंदिरा गांधी और राजीव गांधी का विश्वासपात्र माना जाता था। वे 1980 के दशक में इंदिरा और राजीव की सरकारों में रक्षा मंत्री रहे। इसके अलावा वे 1991 से 1996 तक लोकसभा के 10वें अध्यक्ष रहे। 2004 से 2008 तक केंद्र में गृह मंत्री रहे।

इंदिरा राजीव गांधी के भरोसेमंद थे

मुंबई हमले में सुरक्षा चूक की नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए उन्होंने इस्तीफा दे दिया था। 26 नवंबर 2008 को मुंबई में आतंकवादी ▶▶ शेष पेज 7 पर

इंडिगो संकट के बीच नागरिक उड्डयन मंत्री ने लोकसभा में कहा 'हवाई क्षेत्र को मुक्त रखने का मूल विचार अभी भी कायम'

# हवाई किराये पर पूरे साल कैपिंग असंभव, फिक्स नहीं हो सकता टिकट रेट: नायडू

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू ने शुक्रवार को लोकसभा में कहा कि सरकार के लिए पूरे देश में हवाई किराए पर सीमा लगाना व्यावहारिक नहीं होगा, क्योंकि एक अनियंत्रित बाजार अंततः उपभोक्ताओं को लाभ पहुंचाता है और फेस्टिवल सीजन के दौरान टिकटों की कीमतें आमतौर पर बढ़ जाती हैं।

उन्होंने कहा कि फेस्टिवल सीजन के दौरान विशिष्ट मार्गों और विशेष समयों पर मांग बढ़ने के कारण हवाई किराए में आमतौर पर वृद्धि होती है। ये उतार-चढ़ाव मौसमी होते हैं, और किसी भी विशेष मार्ग पर पूरे वर्ष के लिए किराए को स्थिर रखना संभव नहीं है। बाजार की मांग और आपूर्ति स्वाभाविक रूप से हवाई किराए को नियंत्रित करती हैं।



### उदारीकरण का लाभ यात्रियों को


मंत्री के अनुसार, जब उदारीकरण की शुरुआत हुई थी, तब इसका उद्देश्य इस क्षेत्र को विकसित होने देना था। उन्होंने आगे कहा, जिन देशों ने असाधारण वृद्धि देखी है, उन सभी ने बाज़ारों को उदारीकृत किया है। इससे अधिक कंपनियों को प्रवेश करने का प्रोत्साहन मिलता है और सहयोग के द्वार खुलते हैं। इससे बाज़ार की गतिशीलता को स्वाभाविक ▶▶ शेष पेज 7 पर

### नियंत्रण मुक्त होने पर ही बढ़ेगी प्रतिस्पर्धा

इंडिगो संकट के बीच हवाई किराए को विनियमित करने के लिए पेश किए गए एक निजी विधेयक पर प्रतिक्रिया देते हुए, जिसके कारण टिकटों की कीमतें आसमान छू गईं, मंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि नियंत्रण से मुक्त रखने का मूल विचार अभी भी कायम है, और यदि हम नागरिक उड्डयन क्षेत्र का विकास ▶▶ शेष पेज 7 पर

# उपराज्यपाल ने दिल्ली पुलिस कर्मियों के लिए मानद रैंक प्रमोशन योजना को दी मंजूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



उपराज्यपाल विनय सक्सेना ने शुक्रवार को कांस्टेबल से लेकर सब-इंस्पेक्टर रैंक तक के पुलिस कर्मियों के लिए मानद रैंक प्रमोशन योजना को मंजूरी दी। अब कांस्टेबल से सब-इंस्पेक्टर रैंक का कोई भी पुलिसकर्मी अपनी रिटायरमेंट के एक दिन पहले तक अगली रैंक पाने का हकदार होगा। उपराज्यपाल डीजीपी/आईजीपी कॉन्फ्रेंस-2025 के फॉलोअप पर केंद्र शासित प्रदेश स्तरीय वर्कशॉप में शिरकत करने पुलिस मुख्यालय पहुंचे थे। इस वर्कशॉप का उद्देश्य रायपुर कॉन्फ्रेंस के कार्रवाई योग्य बिंदुओं को लागू करना और एसीपी रैंक तक के अधिकारियों के साथ उन पर विचार-विमर्श करना था। कार्यक्रम में मुख्य सचिव, अतिरिक्त मुख्य सचिव गृह (जीएनसीटीडी) और आईबी के अतिरिक्त निदेशक भी उपस्थित रहे।

स्पेशल सीपी क्राइम देवेश चंद्र श्रीवास्तव ने ऑल इंडिया डीजीपी/आईजीपी रायपुर कॉन्फ्रेंस-2025 के कार्रवाई योग्य बिंदुओं के बारे में एक विस्तृत प्रस्तुति दी गई। इसके साथ ही दिल्ली पुलिस की उपलब्धियों पर प्रदर्शन रिपोर्ट भी उपराज्यपाल के सामने प्रस्तुत की। पुलिस कमिश्नर सतीश गोलचा ने उपराज्यपाल समेत सभी मेहमानों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि कैसे दिल्ली पुलिस ने पिछले तीन वर्षों में 70 आतंकी स्लीपर मॉड्यूल का भंडाफोड़ करके और 30 आतंकवादियों और उनके साथियों को गिरफ्तार करके आतंकवाद के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की है। आगे बोलते हुए, उन्होंने बताया कि दिल्ली पुलिस गैंगस्टरों द्वारा दी जाने वाली धमकियों और जबरन वसूली की कॉलों पर विशेष ध्यान दे रही है। दिल्ली पुलिस साइबर अपराध पर भी ध्यान केंद्रित कर रही है और इसमें धोखे से लूटी गई राशि के लिए ई-एफआईआर की सीमा को 10 लाख रुपये से घटाकर 1 लाख रुपये करना शामिल है। साइबर अपराधियों के इकोसिस्टम को खत्म करने के लिए Cyhawk जैसे विशेष ऑपरेशन भी चलाए जा रहे हैं। सीपी ने नारकोटिक्स ड्रग्स के खिलाफ दिल्ली पुलिस द्वारा किए गए प्रयासों, पीसीआर वैन की बढ़ती संख्या, सशक्तिकरण जैसी कम्युनिटी पुलिसिंग योजनाओं, ज्यादा समय तक रहने वाले विदेशियों/अवैध प्रवासियों के खिलाफ कार्रवाई और राजधानी में ट्रैफिक को बेहतर बनाने के कदमों पर भी प्रकाश डाला।

इस मौके पर बोलते हुए उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना दिल्ली ने लाल किले में कार ब्लास्ट की घटना के बाद और संगठित अपराधों/नशीली दवाओं/गैंगस्टरों के खिलाफ दिल्ली पुलिस द्वारा की गई जांच के प्रयासों की सराहना की। उपराज्यपाल ने यह भी बताया कि अब तक पिछले तीन सालों में दिल्ली पुलिस ने 45 हजार किलोग्राम से ज्यादा की नशीली दवाएं, जिनकी कीमत लगभग 14 हजार करोड़ रुपये थी, नष्ट कर दी हैं। उन्होंने दिल्ली पुलिस की कम्युनिटी पुलिसिंग पहलों की भी सराहना की, जिसमें सशक्तिकरण, वी केयर, युवा, प्रहरी आदि शामिल हैं। उन्होंने दिल्ली पुलिस को फुटपाथों पर गाड़ियां पार्क करके अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

# कालकाजी में ट्रिपल सुसाइड से सनसनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दक्षिण पूर्वी जिले के कालकाजी इलाके में शुक्रवार को ट्रिपल सुसाइड का केस सामने आया। मृतकों के नाम अनुराधा कपूर (52) और उनके दो बेटे आशीष कपूर (32) व चैतन्य कपूर (27) बताये गये हैं। तीनों ने कथित तौर पर फांसी लगाकर जान दी है। शवों को पोस्टमॉर्टम के लिये एम्स भिजवाया गया है। पुलिस का कहना है कि मौके से बरामद एक नोट से पता चलता है कि परिवार डिप्रेशन से पीड़ित था, जिसके कारण उन्होंने यह कदम उठाया।

पुलिस के अनुसार शुक्रवार दोपहर करीब 2:47 बजे कालकाजी पुलिस स्टेशन में एक पीसीआर कॉल आई, जिसमें हाउस नंबर जी-70बी, कालकाजी से आत्महत्या की घटना की सूचना मिली। पुलिस मौके पर पहुंची जहां कपूर परिवार के तीन सदस्य मृत पाए गए। तीनों छत के पंखे से लटके हुए थे। शवों को धारा 194 बीएनएसएस के तहत आगे की कार्यवाही के लिए एम्स मुर्दाघर भेज दिया गया है और मामले की जांच जारी है। पुलिस का कहना है कि यह घटना तब सामने आई जब एक बेलीफ (कोर्ट अधिकारी), स्थानीय पुलिस स्टाफ के साथ कोर्ट के कब्जे के आदेश को लागू करने के लिए मृतकों के घर पहुंचे थे। बार-बार दरवाजा खटखटाने पर कोई जवाब नहीं मिला, जिसके बाद डुप्लीकेट चाबी का इस्तेमाल करके अंदर प्रवेश किया गया था।

## छोटे एलपीजी सिलेंडर से घर में लगी आग, पांच झुलसे

नई दिल्ली। आदर्श नगर थाना इलाके के लाल बाग में छोटे एलपीजी सिलेंडर में घर में आग लग गई। आग लगने के बाद सिलेंडर ब्लास्ट भी हुआ। आग की चपेट में आने से परिवार के पांच लोग घायल हुये हैं। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर दमकल विभाग, पुलिस व एंबुलेंस मौके पर पहुंची। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायलों में अमित, उनकी पत्नी वंदना और तीन बच्चे शामिल हैं। सभी को 25 से 50 प्रतिशत बर्न इंजरी आई है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि अमित और वंदना की हालत गंभीर बनी हुई है। डीसीपी भीष्म सिंह के अनुसार आदर्श नगर पुलिस को शुक्रवार सुबह एक पीसीआर कॉल मिली। कॉलर ने पुलिस को बताया कि घर के अंदर एक छोटा गैस सिलेंडर फटने से आग लग गई है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। पता चला कि घायलों को इलाज के लिए बीजेआरएम अस्पताल ले जाया जा चुका है। उधर, मामले की सूचना मिलते ही मौके पर क्राइम व एफएसएल की टीम भी 9/413, लाल बाग, आजादपुर पहुंची। टीम ने निरीक्षण के बाद साक्ष्य जुटाए। तीन बच्चों में दो के नाम जानवी व आयुष है। एक बच्चा दो माह का बताया गया है। जांच में पुलिस को पता चला कि सुबह उठने के बाद वंदना रसोई में नाश्ता बनाने के लिए गई थी। उसने जैसे ही माचिस जलाई आग लग गई और कुछ ही देर में सिलेंडर ब्लास्ट हो गया। दमकल विभाग के अनुसार उन्हें सुबह करीब 7.15 बजे आग लगने के संबंध में जानकारी मिली। एक गाड़ी मौके पर भेजी गई।

## 11 साल से फरार हत्यारोपी उत्तर प्रदेश से पकड़ा

**नई दिल्ली**। क्राइम ब्रांच ने हत्या के एक मामले में 11 वर्षों से फरार आरोपी को गिरफ्तार किया है। कई राज्यों में छापेमारी के बाद आरोपी लखन सिंह (43) को उत्तर प्रदेश के कासगंज से पकड़ा गया। इसके खिलाफ केस रनहोला थाने में दर्ज था।

पुलिस ने कहा कि लंबित मामलों की समीक्षा के दौरान एक टीम ने रनहोला में हुई हत्या के इस अनसुलझे मामले पर ध्यान केंद्रित किया, जिसमें आरोपी लखन सिंह एक दशक से अधिक समय से फरार था। 21 नवंबर 2014 को खेड़ी बाबा पुल के पास नाले के किनारे 40-45 वर्ष के एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिला था, जिसके चेहरे, सिर के पिछले हिस्से और शरीर पर गंभीर चोटें थी। बाद में उसकी पहचान राकेश के रूप में हुई थी। जांच के दौरान लखन सिंह का नाम मुख्य संदिग्ध के रूप में सामने आया था। लेकिन हत्या के तुरंत बाद वह फरार हो गया और वर्षों तक उसका कोई सुराग नहीं मिला। पुलिस को बाद में सूचना मिली कि आरोपी उत्तर प्रदेश में छिपा हुआ है। 10 दिसंबर को कासगंज में छापेमारी कर इसे गिरफ्तार किया गया। 28 सितंबर 2015 को अदालत ने से भगोड़ा अपराधी घोषित किया था। आरोपी फरारी के दौरान राजस्थान, हरियाणा और उत्तर प्रदेश में ठिकाने बदल बदल कर रहा।

## शाहदरा में बाइक सवार कारोबारी की पीठ में मारी तीन गोलियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



■ कारोबारी का चल रहा है इलाज, प्रॉपर्टी विवाद में वारदात

शाहदरा थाना इलाके में प्रॉपर्टी विवाद के चलते एक बाइक सवार कारोबारी की पीठ में तीन गोलियां मारी गई। वारदात के बाद हमलावर मौके से फरार हो गए। घायल कारोबारी को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जोगेंद्र राठौर उर्फ बिल्ला (50) की हालात गंभीर बताई गई है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि वारदात को प्रॉपर्टी विवाद के चलते अंजाम दिया गया। उधर पुलिस हमलावरों की पहचान का दावा कर रही है। वारदात सीसीटीवी में भी कैद हुई है। पुलिस जल्द आरोपियों की गिरफ्तारी के लिये जगह जगह छापेमारी कर रही है।

डीसीपी प्रशांत गौतम के अनुसार गुरुवार रात करीब 10:31 बजे शाहदरा पुलिस को फायरिंग के संबंध में एक पीसीआर कॉल मिली। कॉलर निशा ने बताया कि उनके पति को किसी ने गोली मार दी है और अब उनके पति को अस्पताल लेकर जा रहे हैं। जांच में पुलिस को पता चला कि जोगेंद्र, बलबीर नगर शाहदरा में परिवार के साथ रहता है। उसकी पीठ पर तीन गोलियां लगीं हैं और फिलहाल हालत नाजुक है। जोगेंद्र के परिवार में पत्नी के अलावा दो बच्चे हैं। वह प्रॉपर्टी डीलिंग का बिजनेस करते हैं। पुलिस सूत्रों से पता चला कि आरोपी व पीड़ित करीब 7-8 साल पहले एक साथ प्रॉपर्टी का काम करते थे। दोनों के बीच एक प्रॉपर्टी को लेकर झगड़ा है। जोगेंद्र ने दूसरी पार्टी पर भी केस दर्ज करवाएं हुए हैं। इसी रंजिश के चलते वारदात को अंजाम दिये जाने की आशंका है।

### हमले का वीडियो हो रहा वायरल

वारदात का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है। वीडियो में दिखाई दे रहा है कि जोगेंद्र अपने कर्मचारी के साथ बाइक पर पीछे बैठकर जा रहा था। गली के कोने पर पहुंचते ही पीछे से आ रही बाइक पर बैठे लड़के उसकी पीठ पर एक गोली मारते हैं। गोली लगते ही बाइक का संतुलन बिगड़ जाता है और बाइक दीवार के पास जाकर रुक जाती है। इसके बाद हमलावर उसे दो और गोलियां मारते हैं। जोगेंद्र के साथ मौजूद युवक बदमाशों के पीछे दौड़ता है।

## हत्या के बाद शव मुनक नहर में ठिकाने लगाने वाला अरेस्ट

**नई दिल्ली**। स्पेशल सेल ने 16 नवंबर को टिकरी कलां इलाके में एक 18 वर्षीय युवक की हत्या कर शव को मुनक नहर, बवाना में फेंकने के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। मृतक अंकित गुलाबी बाग का रहने वाला था। आरोपी आशीष निवासी टीकरी कलां (23) को घेवरा-कंझावला रोड से पकड़ा गया। पूछताछ करने पर उसने अंकित की हत्या का जुर्म कबूल लिया है।

पुलिस के अनुसार आरोपी आशीष 8वीं कक्षा पास है। पढ़ाई छोड़ने के बाद उसने प्राइवेट जगहों पर ड्राइवर/हेल्पर के तौर पर काम करना शुरू किया। कुछ महीने पहले किसी बात पर आशीष का अपने जान पहचान वाले अंकित से झगड़ा हो गया था। अंकित से बदला लेने के लिए आशीष ने उसे खत्म करने का फैसला किया और सोच-समझकर प्लानिंग शुरू कर दी। 16 नवंबर को देर शाम आशीष ने अंकित को टिकरी कलां में अपने घर बुलाया और उसे मारने के लिए धारदार चीज से उस पर हमला किया। फिर उसने मृतक के हाथ, पैर और मुंह रस्सी से बांध दिए और लाश को मुनक नहर में फेंक दिया था। आरोपी सांपला, रोहतक के भी एक जान से मारने के केस में शामिल पाया गया है।


# दूरदर्शी नीति, ठोस कार्रवाई: इलेक्ट्रिक बसों से बदलती दिल्ली



## जब बसें बदलीं, तो सफर भी बदला

आज दिल्ली की सड़कों पर 3,337 इलेक्ट्रिकबसें चल रही हैं। ये बसें डीज़ल की जगह बिजली से चलती हैं, इसलिए चलते समय धुआं नहीं छोड़तीं। इसका सीधा फायदा यह है कि सड़कों पर प्रदूषण कम होता है और आसपास की हवा साफ रहती है। साथ ही ये बसें शोर भी कम करती हैं, जिससे ध्वनि प्रदूषण भी कम होता है। इलेक्ट्रिकबसों से सफर भी आसान हुआ है। बसें आधुनिक हैं, आरामदायक हैं और नियमित रूप से चल रही हैं। इससे ज्यादा लोग सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करने लगे हैं, और जब लोग बस चुनते हैं, तो निजी वाहन अपने आप कम होते हैं। यही बदलाव प्रदूषण कम करने में सबसे ज्यादा मदद करता है।

### मुख्यमंत्री का विज़न
### दिल्ली का भविष्य सुरक्षित हो

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता का विज़न है कि सार्वजनिक परिवहन ऐसा हो, जिस पर लोग भरोसा करें। और नीति ऐसी हो, जो आने वाली पीढ़ियों के काम आए। इलेक्ट्रिक बसें इसी सोच का उदाहरण हैं। ये बसें सिर्फ यात्रियों को मंजिल तक नहीं पहुंचा रहीं, बल्कि दिल्ली को एक स्वच्छ, स्वस्थ और बेहतर भविष्य की ओर ले जा रही हैं।

## ऑटोमेटेड टेस्टिंग स्टेशन प्रदूषण पर सटीक नियंत्रण

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता द्वारा ऑटोमेटेड टेस्टिंग स्टेशन्स (एटीएस) का निर्माण भी कराया जा रहा है। परिवहन सुधार की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। यह पहल इलेक्ट्रिक बसों के साथ-साथ पूरे परिवहन तंत्र को स्वच्छ बनाने में सहायक है।







हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली में प्रदूषण कोई नई समस्या नहीं है। सालों से राजधानी की हवा, ट्रैफिक और डीजल वाहनों का बोझ झेलती रही है। ऐसे में सवाल केवल यह नहीं था कि प्रदूषण कम कैसे किया जाए, बल्कि यह था कि ऐसा समाधान क्या हो जो लंबे समय तक काम करे। इसी सोच से मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में दिल्ली सरकार ने सार्वजनिक परिवहन को प्रदूषण नियंत्रण की रणनीति के केंद्र में रखा और इलेक्ट्रिक बसों को इस बदलाव की धुरी बनाया।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में दिल्ली सरकार का दृष्टिकोण साफ है। प्रदूषण से निपटने के लिए अस्थायी कदम नहीं, बल्कि ऐसी व्यवस्था चाहिए जो आने वाले वर्षों तक असर दिखाए। यही कारण है कि इलेक्ट्रिक बसों को केवल एक नई सुविधा नहीं, बल्कि शहर के भविष्य की जरूरत के रूप में देखा गया।

## देवी बसें: घर के पास से स्वच्छ सफर

एक हजार से ज्यादा देवी बसें शुरू की गई हैं। ये छोटी इलेक्ट्रिक बसें मोहल्लों, कॉलोनियों और मेट्रो स्टेशनों को जोड़ती हैं। देवी बसों से लास्ट-माइल कनेक्टिविटी बेहतर हुई है। अब लोगों को छोटी दूरी के लिए बाइक या कार निकालने की जरूरत कम पड़ती है। इससे न केवल समय बचता है, बल्कि प्रदूषण भी कम होगा।







## 2027 तक 10,000 इलेक्ट्रिक बसें

दिल्ली सरकार ने लक्ष्य तय किया है कि 2027 तक राजधानी में 10,000 इलेक्ट्रिक बसें डीटीसी के बेड़े में शामिल की जाएंगी। यह लक्ष्य केवल संख्या बढ़ाने तक सीमित नहीं है, बल्कि पूरे सार्वजनिक परिवहन तंत्र को आधुनिक और स्वच्छ बनाने की दिशा में उठाया गया कदम है। इसी क्रम में बस डिपो को आधुनिक बनाया जा रहा है और उन्हें एयरपोर्ट जैसी सुविधाओं वाले ट्रांजिट हब के रूप में विकसित किया जा रहा है, ताकि सार्वजनिक परिवहन लोगों की पहली पसंद बने। इसके साथ ही, इंटर-सिटी इलेक्ट्रिक बस सेवाएं भी शुरू की गई हैं, जिससे दिल्ली और आसपास के क्षेत्रों के बीच यात्रा अधिक स्वच्छ और सुविधाजनक हो सके। इससे निजी वाहनों पर निर्भरता कम होगी और क्षेत्रीय स्तर पर भी प्रदूषण नियंत्रण में मदद मिलेगी।

## उत्सर्जन-मुक्त डीटीसी की ओर बढ़ता कदम

दिल्ली सरकार का लक्ष्य है कि दिल्ली परिवहन निगम का पूरा बेड़ा धीरे-धीरे उत्सर्जन-मुक्त बनाया जाए। इलेक्ट्रिक बसों की बढ़ती संख्या यह साबित करती है कि यह लक्ष्य केवल घोषणा नहीं है, बल्कि एक ठोस योजना के साथ आगे बढ़ रहा है। इससे ईंधन खर्च कम होगा, रखरखाव आसान होगा और सबसे अहम लोगों का स्वास्थ्य बेहतर होगा। साफ हवा का फायदा हर दिल्लीवासी को मिलेगा, खासकर बच्चों और बुजुर्गों को।

DIP/Shabdarth/Advertorial/0095/25-26


ALLEN
DELHI
IIT-JEE, NEET (UG)
CLASS 8th TO 12th
स्टूडेंट्स के लिए हम लाए हैं
SPECIAL FEE + SCHOLARSHIP*
नए साल का
तोहफा
नए साल से
पहले
SECURE YOUR SEAT - Savings & Future
SPECIAL FEE BENEFIT*
GO EARLY SAVE BIG
DUAL ADVANTAGE Special Fee Benefit* + Scholarship*
Valid till 20th Dec. 2025
आगामी सत्र 2026–27 की फीस की पहली प्रारंभिक किश्त 20 दिसंबर 2025 से पहले जमा करने पर, मार्च/अप्रैल 2026 से शुरु होने वाले बैचेस में अधिकतम शुल्क लाभ के साथ सीट सुरक्षित करने का सुनहरा अवसर प्राप्त करें।
Building a Legacy of Results with Proven Academics!
CREATING CITY CHAMPIONS — Consistently, for 3 Consecutive Years
DELHI NCT TOPPER
AIR 4 MRINAL KISHORE JHA Classroom NEET (UG) 2025
AIR 8 MALAY KEDIA Classroom JEE Adv. 2023
DELHI GIRL'S TOPPER
AIR 22 RISHIKA AGGARWAL Classroom NEET (UG) 2024
AIR 26 VAIBHAV VATSAL Classroom JEE Main. 2025
AIR 81 SHIRIN GUPTA Classroom NEET (UG) 2025
AIR 84 SAUMY MALIWAL Classroom JEE Adv. 2025
& Many More
INO 2025 75
Selections for INDIAN NATIONAL OLYMPIADS 2025 in Various Subjects
OCSC 2025 09
Selections amongst INDIA'S Top Talent towards International Stage
ADMISSIONS OPEN AT DELHI - NCR
NEET (UG) | JEE (Main+Adv.) | Olympiads | Class 8th to 12th & 12th Pass
SIGN-UP FOR ASAT
GET UP TO 90% SCHOLARSHIP*
14 & 21 DEC.
*Subject to the scholarship rules and the T&Cs.
NURTURE COURSE
For students moving from class 10th to 11th
JEE (Main+Adv.): 25 MARCH 2026
NEET (UG): 25 MARCH 2026
XENON ADVANCE BATCH
Target: JEE(M+A) / NEET(UG) 2028 with High Ranks
Batch Started From: 13 DECEMBER
Hurry up! SEATS FILLING FAST
ENTHUSIAST COURSE
For students moving from class 11th to 12th
JEE (Main+Adv.): 18 MARCH 2026
NEET (UG): 18 MARCH 2026
PRE-NURTURE & CAREER FOUNDATION
For class 8th to 10th students
Starting From: 03 APRIL 2026
For more test dates & course start dates visit: allen.ac.in/delhi
ALLEN
ALLEN Delhi Center 95136 85900 allen.ac.in/delhi
ALLEN Kota Center 0744-3556677 allen.ac.in
Disclaimer: We provide an academic ecosystem and environment for the students to prepare for their target examinations. Studying at a coaching institute does not guarantee selection in the examinations. Selection also depends on other factors like preparation, available admission seats in the competitive exam, and the number of applicants appearing. All the students mentioned are part of paid and full time classroom course.

**खबर संक्षेप**

## ठगी के मामले में पांच आरोपी गिरफ्तार



**फरीदाबाद।** शेयर मार्केट में निवेश के नाम पर 7,92,000 रुपए की ठगी के एक मामले में साईबर थाना पुलिस ने खाताधारक सहित पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया कि ठगों ने उसके पिता से व्हाट्सएप पर बात करके एक एप डाउनलोड करवाया और उस पर ठगों ने शेयर मार्केट में निवेश करवाना शुरू किया।

## हत्या के प्रयास के मामले में दो आरोपी पकड़ाए

**फरीदाबाद।** फरीदाबाद पुलिस द्वारा अपराध व अपराधियों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है।



ऊंचा गांव की टीम ने हत्या के प्रयास के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार हरपाल निवासी कैली ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका रिकवरी वैन का काम है, 10 दिसंबर को पार्टनर का लड़का प्रतीक हिसाब करने के लिए ऑफिस पर आया हुआ था।

## गाजियाबाद में युवक की गोली मारकर हत्या

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद में एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गयी। पुलिस ने आरोपी की



तलाश शुरू कर दी है। एसीपी ज्ञान प्रकाश रॉय ने बताया कि शाम लगभग पौने 10 बजे थाना अंकुर विहार पुलिस को यह सूचना प्राप्त हुई कि एक युवक जिसकी उम्र लगभग 19 वर्ष है उसे अज्ञात व्यक्ति द्वारा गोली मारी गई जिसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने मामले की जानकारी की तथा अस्पताल जाकर पूछताछ की गई तो उपचार के दौरान युवक की मौत हो गई।

# नमो भारत ट्रेन ने दो वर्षों में लगाए दो करोड़ कम्यूटर ट्रिप, बना परिवहन का पसंदीदा साधन

हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद

नमो भारत ने परिचालन के दो साल के अंदर 2 करोड़ कम्यूटर ट्रिप्स का माइलस्टोन पार कर लिया है और इस क्षेत्र में परिवहन के पसंदीदा साधन के रुप में अपना स्थान बना लिया है। अक्टूबर 2023 में इसके परिचालन के आरंभ के बाद से दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ नमो भारत कॉरिडोर पर यात्रियों की संख्या में लगातार बढ़ोतरी देखी जा रही है, जो इस परिवहन साधन के प्रति लोगों के बढ़ते विश्वास को दर्शाता है।

एनसीआरटीसी के प्रवक्ता पुनीत वत्स ने बताया कि प्रधानमंत्री ने 20 अक्टूबर 2023 को साहिबाबाद से दुहाई डिपो के बीच 17 किमी लंबे प्राथमिक खंड का उद्घाटन किया था। जिसके अगले दिन यानी 21 अक्टूबर से इस कॉरिडोर पर परिचालन का आरंभ हुआ था। परिचालन के एक महीने पूरे होने के बाद, नवंबर 2023 में कॉरिडोर पर 72,000 से अधिक प्रतिमाह राइडरशिप दर्ज की गई थी।

वर्ष 2024 में, कॉरिडोर के परिचालित खंड का मार्च के महीने में मोदीनगर नॉर्थ तक और अगस्त में मेरठ साउथ तक चरणबद्ध रूप से विस्तार किया गया, जिसके साथ ही राइडरशिप में भी लगातार बढ़ोतरी होती रही। वर्ष 2024 के अंत तक, नौ स्टेशनों के साथ कॉरिडोर का 42 किमी का खंड जनता के लिए खोल दिया गया, जिसके साथ ही दिसंबर माह में प्रति माह राइडरशिप बढ़कर लगभग 7 लाख हो गई।

**कॉरिडोर पर यात्रियों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही हैं**

### दो स्टेशन जनता के लिए खोले



जनवरी 2025 प्रधानमंत्री ने न्यू अशोक नगर से साहिबाबाद तक दिल्ली सेक्शन में 13 किमी लंबे अतिरिक्त खंड का उद्घाटन किया। इस उद्घाटन के साथ ही दिल्ली में दो स्टेशन जनता के लिए खोल दिए गए, जिनमें से एक आनंद विहार था जोकि एक महत्वपूर्ण मल्टी-मॉडल हब है। परिचालित खंड के विस्तार के साथ ही वर्ष 2025 के मध्य तक, यानी जुलाई के महीने में प्रति माह राइडरशिप लगभग 15 लाख का आंकड़ा छूने लगी, जो पिछले साल के अंत में दर्ज की गई राइडरशिप का संख्या के दोगुने से भी ज़्यादा थी। इसी के साथ, नमो भारत में दैनिक यात्रियों की सबसे अधिक संख्या, 81,550 दर्ज की गई। वर्तमान में, औसतन 55000- 60,000 लोग रोज़ाना नमो भारत



ट्रेन में सफर कर रहे हैं और जल्द ही, पूरे कॉरिडोर के परिचालन के साथ यह रोजाना लाखों यात्रियों को सेवा प्रदान करेगी। यात्रियों की बढ़ती डिमांड को देखते हुए, एनसीआरटीसी ने नमो भारत ट्रेनों की फ्रीक्वेंसी 15 मिनट से घटाकर 10 मिनट कर दी है और भविष्य में इसे और कम करते हुए 3 मिनट तक करने का भी प्रबंध है।

### अब ट्रैफिक जाम में फंसना नहीं पड़ता है

मेरठ के अशोक राणा कहते हैं कि नमो भारत ट्रेन में यात्रा कर वह अपने समय का सही इस्तेमाल कर पा रहे हैं। जो समय पहले आनंद विहार तक पहुंचने में ही खराब हो जाता था, वह इसे नमो भारत के जरिए बचा रहे हैं। वह सफर के दौरान अपना काम भी कर लेते हैं। उन्होंने कहा, अब ट्रैफिक जाम में नहीं फंसना पड़ता, बस का इंतजार नहीं करना पड़ता। आप नमो भारत में बैठो और आराम से अपने गंतव्य तक पहुंच जाओ। मुझे बेसब्री से इंतजार है कि जल्दी ही मैं मोदीपुरम तक की यात्रा कर सकूंगा।

### सूरजकुंड अंतर्राष्ट्रीय मेला परिसर में आयोजित गुर्जर महोत्सव में बोले हरियाणा के मंत्री नागर

# गुर्जर संस्कृति को अंतरराष्ट्रीय पहचान दे रहा गुर्जर महोत्सवः राजेश नागर

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

**यह मेला 12 से 14 दिसंबर तक आयोजित होगा, मेले में बड़ी संख्या में लोग पहुंच रहे**

हरियाणा प्रदेश के खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री राजेश नागर ने शुक्रवार को सूरजकुंड मेला परिसर में आयोजित गुर्जर महोत्सव का उद्घाटन किया। इस अवसर पर मंत्री नागर ने कहा कि गुर्जर संस्कृति को यह मेला अंतरराष्ट्रीय पहचान देगा। उन्होंने इस आयोजन से समाज में समरसता और भाईचारे को बढ़ावा देने के लिए आयोजकों का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि इस मेला में हमारी संस्कृति का प्रदर्शन किया गया है, जिसमें कपड़ों का पहनावा, गहनों का स्टाइल, नित्य प्रति की जीवन शैली, पशुओं के प्रति प्रेम आदि का प्रदर्शन किया गया है, जिसे आज की नई पीढ़ी यहां देख सकेगी। उन्होंने कहा कि आज की भौतिक जिंदगी में पुरानी चीजें जहां पीछे छूट जा रही हैं वहीं इस प्रकार के आयोजन उनको नई पीढ़ी के साथ जोड़ने का काम कर रहे हैं।



प्रदेश के खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री राजेश नागर सूरजकुंड मेला परिसर में आयोजित गुर्जर महोत्सव का दीप प्रज्जवलित कर शुभारंभ करते हुए।

मंत्री राजेश नागर ने कहा कि इस मेले में हमारी गांव की संस्कृति को देखा जा सकता है। मेरी सभी से अपील है कि खासकर नई युवा पीढ़ी को इस मेले में लेकर आएं जिससे वह सीखें कि किस प्रकार से उनकी नानी, दादी दूध निकालती थी, घी बनाती थी, धागों से कपड़े बनाती थी। उनको यह सब देखकर अच्छा लगेगा। मंत्री नागर ने आयोजक मंडल का धन्यवाद किया कि उन्होंने इसकी सफलता सुनिश्चित करने के लिए जम्मू कश्मीर, राजस्थान, मध्य प्रदेश, बिहार, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, पंजाब, दिल्ली, हरियाणा आदि अनेक राज्यों में विशिष्ट व्यक्तियों के साथ मुलाकात कर उनका समर्थन सहयोग मांगा और उनको आमंत्रित किया। यही कारण है कि आज बड़ी संख्या में इस मेले में लोग पहुंचे हैं। आने वाले दिनों में भी यहां लाखों की संख्या में लोगों के पहुंचने की उम्मीद है। यह मेला 12, 13 और 14 दिसंबर को यहां पर आयोजित होगा, जिसमें समाज, राजनीति, प्रशासन और शासन के जाने-माने चेहरों के शामिल होने की उम्मीद है। इस अवसर पर मंत्री राजेश नागर ने नगाडा बजाया और विभिन्न स्टालों पर जाकर गुर्जर संस्कृति से संबंधित सामान को देखा और कारीगरों से परिचय प्राप्त किया। अंतराम तंवर गुर्जर समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष, ओम प्रकाश अध्यक्ष देवी नगर आदि।

### निगम अधिकारियों के साथ किया निगम क्षेत्र का दौरा

# स्थायी समाधान के लिए अन्य विभागों का सहयोग जरूरीः आयुक्त



हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम

नगर निगम मानेसर के आयुक्त प्रदीप सिंह ने शुक्रवार को अधिकारियों के साथ निगम क्षेत्र का दौरा किया।

गांव रामपुरा, नखड़ौला, सिकंदरपुर, बढ़ा और बामडौली से गंदे पानी की निकासी के स्थायी समाधान के निर्देश दिए। आयुक्त ने कहा कि जीएमडीए और एचएसवीपी विभागों के साथ तालमेल से जलभराव, गंदे पानी की निकासी और मास्टर सीवर लाइनों को दुरूस्त किया जाए। उनके साथ एक्सईएन मंदीप धनखड़, सुशील ठाकरान सहित इंजीनियरिंग विंग के अन्य अधिकारी मौजूद रहे। उन्होंने आयुक्त को बताया कि नगर निगम की ओर से गांवों में सीवर की लाइनें डाल दी गई है। राष्ट्रीय राजमार्ग के साथ लगते गांव नखड़ौला, रामपुरा, सिकंदरपुर, बढ़ा गांवों की भौगोलिक स्थिति ऐसी है कि यें गांव मुख्य सड़कों से काफी नीचे है। मुख्य सड़कों पर सीवर की मास्टर लाइनें जीएमडीए और एचएसवीपी विभागों की है। मास्टर नेटवर्क अन्य विभागों के पास होने के कारण थोड़ा विलंब हो रहा है।

आयुक्त ने निर्देश दिए कि जीएमडीए, एचएसवीपी के साथ मिलकर इन गांवों से गंदे पानी की निकासी का स्थायी समाधान निकालें। सभी विभाग मिलकर काम करेंगे, ताकि गंदे पानी को डिस्पोजल पॉइंट तक पहुंचाया जाए। आयुक्त ने निर्देश दिए कि इन गांवों के लिए ऐसे ड्रेनेज चैनल डिजाइन किए जाएं, जिसमें जीएमडीए के मौजूदा नालों को जोड़ा जा सके। इस मौके पर एसडीओ संजोग शर्मा, विकास शर्मा, अमन राठी, जेई अनदीप मलिक, देवेंद्र, प्रदीप शर्मा सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## प्रॉपर्टी टैक्स की कार्रवाई जारीः निगम टीम ने मौके पर ही 14.34 लाख टैक्स कराया जमाः आयुक्त शर्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

नगर निगम की अतिरिक्त आयुक्त सलोनी शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि निगम आयुक्त धीरेंद्र खड़गटा के दिशा-निर्देशों पर निगम की टीमें लगातार बकाया प्रॉपर्टी टैक्स धारकों के पास पहुंच रही हैं। जिन प्रॉपर्टियों पर बकाया टैक्स लंबित है, वहां सीलिंग की कार्रवाई जारी है। उन्होंने बताया कि सभी ऐसे बकाया धारकों को पहले ही नोटिस निगम की तरफ से जा चुके हैं, साथ ही यदि कोई प्रॉपर्टी मालिक मौके पर ही अपना बकाया टैक्स जमा करता है तो सरकार के ऑनलाइन पोर्टल अथवा डिमांड ड्राफ्ट के माध्यम से भुगतान लेकर निगम की टीम तत्काल राशि निगम खाते में जमा कर रही है।



अतिरिक्त आयुक्त ने बकाया प्रॉपर्टी टैक्स धारकों से अपील करते हुए कहा कि वे समय पर अपना टैक्स जमा करें और शहर के विकास में अपना योगदान सुनिश्चित करें, क्योंकि टैक्स की यह राशि नागरिक सुविधाओं और शहरी विकास पर ही खर्च की जाती है। निगम ने शुक्रवार को 15 प्रॉपर्टी को सील किया, जिन पर करीब 27 लाख 19 हजार रुपए से अधिक का बकाया था। निगम ने 14 लाख 34 हजार रुपए से अधिक प्रॉपर्टी टैक्स मौके पर ही कैश कलेक्शन के रूप में निगम खाते में जमा कराया।

### जुलाई महीने में चलाया गया था सर्च ऑपरेशन

# ऑनलाइन गेमिंग की आड़ में ऑनलाइन जुए खिलाने के मामले में की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी), गुरुग्राम जोनल ऑफिस ने मेसर्स प्रोबो मीडिया टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड और कंपनी के निदेशकों के परिवार के सदस्यों से संबंधित 117.41 करोड़ रुपए की चल और अचल संपत्तियों को अस्थाई रूप से कुर्क किया है। यह कार्रवाई कंपनी के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग मामले के संबंध में की गई है। कुर्क की गई संपत्तियों में कंपनी के नाम पर फिक्स्ड डिपॉजिट (एफडी), शेयरों में निवेश, डिमांड ड्राफ्ट और बैंक बैलेंस जैसी चल संपत्तियां और कंपनी के निदेशकों के परिवार के सदस्यों के नाम पर अपार्टमेंट/फ्लैट शामिल हैं।

मेसर्स प्रोबो मीडिया टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड, प्रोबो मीडिया टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड एप्लीकेशन और वेबसाइट 'प्रोबो' चलाती है, जो ऑनलाइन गेमिंग की आड़ में' ऑनलाइन जुए' के लिए प्लेटफॉर्म देती है। ईडी ने बीएनएस, 2023 और पब्लिक गैंबलिंग एक्ट, 1867 की अलग-अलग धाराओं के तहत मेसर्स. प्रोबो मीडिया टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड और डायरेक्टर्स/प्रमोटर्स के खिलाफ गुरुग्राम, पलवल-हरियाणा और आगरा-उत्तर प्रदेश में दर्ज कई एफआईआर के आधार पर जांच शुरू की। एफआईआर में शिकायतकर्ताओं ने आरोप लगाया था कि उन्हें धोखा दिया गया और हां या ना जैसे आसान सवालों के जरिए पैसे कमाने की स्कीम गलत तरीके से पेश की गई, जबकि असल में यह स्कीम स्किल बेस्ड गेमिंग की आड़ में जुए को बढ़ावा देती है। ईडी की जांच में पता चला कि मेसर्स प्रोबो मीडिया टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड ने खुद को स्किल-बेस्ड गेमिंग प्लेटफॉर्म बताकर अपने यूज़र्स को धोखा दिया। दरअसल, कंपनी ऑनलाइन गेम की आड़ में एक जुए का प्लेटफॉर्म चला रहा थी।

### जुलाई महीने में चलाया सर्च ऑपरेशन

इस मामले में, पीएमएलए, 2002 के तहत गत 8 जुलाई.2025 और 9 जुलाई.2025 को मेसर्स प्रोबो मीडिया टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड और इसके प्रमोटर्स से संबंधित ठिकानों पर तलाशी अभियान चलाया गया था। इन तलाशी के दौरान, मनी लॉन्ड्रिंग रोकथाम अधिनियम, 2002 की धारा 17(1)(ए) के तहत 284.5 करोड़ रुपए के एफडी और शेयरों में निवेश को फ्रीज कर दिया गया था।

सामाजिक परिवर्तन के नए मॉडलों पर विश्व के विशेषज्ञों की गहन चर्चा

# जीयू में आयोजित दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम

गुरुग्राम यूनिवर्सिटी के डिपार्टमेंट ऑफ मैनेजमेंट तथा कॉलेज ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन, सीएमयू (यूएसए) के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय पांचवां अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का समापन जीयू परिसर में हुआ। एआई के युग में उद्यमिताः स्थिरता और सामाजिक नवाचार के प्रतिमान विषय पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रो. वी.के. मल्होत्रा, चेयरमैन, एम.पी. स्टेट फ़ूड कमीशन, भोपाल, मध्य प्रदेश, कार्यक्रम अध्यक्ष गुरुग्राम यूनिवर्सिटी के कुलगुरु डॉ. संजय कौशिक, मुख्य संरक्षक डॉ. संजय अरोड़ा, विशिष्ट अतिथि डॉ. हरप्रीत, आदि ने समापन कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान सम्मेलन के लिए 156 से अधिक रिसर्च पेपर प्राप्त हुए।

सम्मेलन में एआई के युग में उद्यमिताः स्थिरता और सामाजिक नवाचार के प्रतिमान के बारे में अपने विचार प्रस्तुत करने के लिए राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के लगभग 300 से अधिक शोध विद्वान, संकाय सदस्य, छात्र और प्रमुख अधिकारी एक साथ आए। गुरुग्राम विवि के प्रबंधन विभाग की डीन डॉ. अमरजीत कौर ने अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन के लक्ष्यों के बारे में सभी को जानकारी दी। 16 देशों से आए



शिक्षाविदों, शोधकर्ताओं, उद्योग विशेषज्ञों और उद्यमियों ने इसमें भाग लिया। इस मौके पर यूनिवर्सिटी के कुलगुरु ने कहा कि भविष्य उन्हीं का है जो तकनीक को समाज के विकास से जोड़कर देखते हैं। एआई केवल सुविधा नहीं, बल्कि सामूहिक प्रगति का साधन है। आगे उन्होंने कहा कि एआई को उद्यमिता में सही दिशा और नीति के साथ जोड़ना आवश्यक है उन्होंने युवाओं को संदेश दिया कि स्टार्टअप का उद्देश्य केवल मुनाफा नहीं, बल्कि समाज के लिए समाधान पैदा करना होना चाहिए। एआई हमें वही दृष्टि देता है। उन्होंने इंटरनेशनल कांफ्रेंस के सफलतापूर्वक समापन हेतु मैनेजमेंट विभाग की डीन डॉ. अमरजीत कौर, डॉ. सुरभि गोयल समेत पूरी टीम को शुभकामनाएं देते हुए छात्रों के ज्ञानवर्धन हेतु उनके द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना की।

**आरसीसी में उपसंरचना एवं कम्पोजिट गर्डर में अधिरचना का निर्माण**

**निविदा सूचना संख्या:** CON/2025/DEC/04, **दिनांक:** 09-12-2025. निम्नवर्णित कार्य के लिए अधोहस्ताक्षरी द्वारा ई-निविदाएं आमंत्रित किया जाता है। **निविदा संख्या:** CE/CON/DK/EPC/2025/06; **कार्य का नाम:** डिमापुर (धनसिरी)-कोहिमा (जुब्जा) नई बीजी लाइन प्रोजेक्ट से जुड़ा फेरिमा यार्ड में वाया डक्ट (14 X 30.5) के लिए आरसीसी में उपसंरचना एवं कम्पोजिट गर्डर में अधिरचना का निर्माण। **अनुमानित मूल्य** :₹255,63,16,147.48/- ; निविदा के **बंद करने** की तिथि और समय **15-01-2026** को **14:30** बजे और **खोलने** की **21-01-2026** को **15:30** बजे। उपरोक्त ई-निविदा के निविदा दस्तावेजों के साथ पूरी जानकारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध होगी।

मुख्य अभियंता/कॉन/
नागालैंड प्रोजेक्ट/मालीगाँव
**पूर्वोत्तर सीमा रेल**
निर्माण संगठन
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**PUBLIC NOTICE**

This is to inform public in general that Kotak Mahindra bank Ltd has organized an auction in below mention respect of Vehicles.

**VEHICLES FOR SALE**

1) ASHOK_LEY AL_1214
REG. NO. UP15ET2732- YOM- 2019
MINIMUM RESERVE PRICE -435856.3

UNDER HYPOTHECATION WITH M/S KOTAK MAHINDRA BANK IS UNDER SALE IN ITS "AS IS WHERE IS CONDITION"INTERESTED PARTIES CAN GIVE THEIR QUOTATIONS (ONLINE/OFFLINE) WITHIN 15 DAYS FROM THIS PAPER PUBLICATION I.E. ON OR BEFORE 27-12-2025 (PLEASE NOTE THAT CLOSING AUCTION DATE WOULD NOT BE A WEEKLY OFF / HOLIDAY).
BRANCH ADDRESS:
KOTAK MAHINDRA BANK
3RD FLOOR, PLOT NO 7, SECTOR 125, NOIDA-201313 OR
CONTACT : PUNIT PARASHAR
KOTAK MAHINDRA BANK LTD.
CONTACT NO. 8377905498
EMAIL-punit.parshar@kotak.com

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता—2023 देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **आशु, पुत्रः दिनेश, पताः 564, लाल फ्लैट सेक्टर–3, डीएसआईआईडीसी, बवाना, दिल्ली** ने **FIR No. 646/2022, U/s 356/379/411/34 IPC, पुलिस थाना बवाना, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **आशु** नहीं मिल रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त दानिश **आशु** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 646/2022, U/s 356/379/411/34 IPC, पुलिस थाना बवाना, दिल्ली** केअभियुक्त **आशु** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **12.01.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार – सुश्री भारती बेनीवाल**
**न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–05**
**उत्तरी जिला, कमरा नं. 114**
**रोहिणी कोर्ट, दिल्ली**

**DP/16763/ON/2025**

# कांग्रेस की महारैली तोड़ेगी पिछले सारे रिकार्डः जितेन्द्र बघेल

### महारैली लोकतंत्र और संविधान बचाने की लड़ाई का महत्वपूर्ण हिस्साः भड़ान



हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

आगामी 14 दिसंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में आयोजित कांग्रेस की वोट चोर गद्दी छोड़ महारैली हरियाणा ही नहीं बल्कि देश के राजनीतिक इतिहास में बड़ा मोड़ लेगी। यह बात आज अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय सचिव एवं हरियाणा मामलों के सह प्रभारी जितेन्द्र बघेल ने सेक्टर-16 ए स्थित सर्किट हाऊस में कांग्रेस कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों की बैठक को संबोधित करते बैठक की अध्यक्षता जिला कांग्रेस अध्यक्ष बलजीत कौशिक ने कही।

इस अवसर पर विशेष रूप से अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पर्यवेक्षक एवं हिमाचल प्रदेश की इंदौरा विधानसभा क्षेत्र से विधायक मलेंदर राजन, पूर्व सांसद अवतार सिंह भड़ाना, वोट चोर-गद्दी छोड़ अभियान के जिला कोर्डिनेटर सुधीर चौधरी मौजूद रहे। आए हुए सभी अतिथियों का जिला कांग्रेस अध्यक्ष बलजीत कौशिक ने बुक्के देकर व शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया।

### भाजपा को सड़क से संसद तक सबक सिखाने का वक्त आ गया

पूर्व सांसद अवतार भड़ाना ने कहा कि कांग्रेस की आगामी महारैली लोकतंत्र और संविधान बचाने की लड़ाई का महत्वपूर्ण हिस्सा है। अब भाजपा को सड़क से संसद तक सबक सिखाने का वक्त आ गया है, इसलिए कार्यकर्ता अधिक से अधिक लोगों को लेकर रैली में पहुंचे। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बलजीत कौशिक ने कहा कि कांग्रेस की 14 दिसंबर को प्रस्तावित वोट चोर-गद्दी छोड़ रैली में फरीदाबाद जिले से हजारों लोग बसों, निजी वाहनों से दिल्ली के रामलीला मैदान पहुंचेगें और रैली को सफल बनाएगें।

### कई कांग्रेसी कार्यकर्ता नेता उपस्थित रहे

इस अवसर पर पूर्व सांसद अवतार सिंह भड़ाना, रोहित नागर, पराग शर्मा, प्रदेश प्रवक्ता तरूण तेवतिया, सुमित गौड़, नितिन सिंगला, योगेश ढींगड़ा, अशोक रावल, मनोज अग्रवाल, युवा कांग्रेस अध्यक्ष विकास दायमा, युवा कांग्रेस अध्यक्ष ग्रामीण हर्ष तंवर, रेनू चौहान, पूर्व पार्षद जगन डागर, राजेन्द्र चपराना, दयाशंकर गिरी, हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी विचार-विभाग के चेयरमैन विनोद कौशिक, रिन्कू चंदीला, गिरीश भारद्वाज, सुनीता फागना, अनिल शर्मा, गौरव ढींगड़ा, डा. एस.एल. शर्मा, वेद प्रकाश यादव, जवाहर ठाकुर, पम्मी मान, सरला भमोत्रा, रोहित सिंगला, सुरेश बेनीवाल, चुन्नू राजपूत, नरेश गोयल, एन.के. शर्मा, मोनू ढिल्लो, अंश वत्स, विकास फागना, वेद भड़ाना आदि।

### ऑन लाइन पॉलिसी के खिलाफ बिजली कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन



**फरीदाबाद।** हरियाणा स्टेट इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड वर्कर यूनियन ने केंद्रीय परिषद के आह्वान पर तकनीकी कर्मचारियों के लिये जबरन लाई जा रही ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी के खिलाफ चरणबद्ध तरीके से किये जाने वाले प्रदर्शन की कड़ी में फरीदाबाद सर्कल की सभी 24 सबडिवीजनों पर एचएसईबी वर्करज यूनियन के बैनर तले बिजली कर्मचारीयों ने दफ्तरों पर दो-दो घंटे प्रदर्शन कर प्रदेश सरकार सहित निगम मैनेजमेंट के खिलाफ नारे लगाते हुए अपना जबरदस्त विरोध दर्ज कराया।

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/ प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय खानपुर कलां (सोनीपत) | उत्तर पुस्तिकाएं आकार : 28 सेमी.×22 सेमी., पृष्ठ : 42 (ओएमआर कवर शीट + पुनर्मूल्यांकन शीट + 40 लाइनिंग पृष्ठों समेत) और पृष्ठ के ऊपरी और बाईं तरफ बॉर्डर, पर्फरेशन "बीपीएसएमवी" वाले बॉर्डर के निकट ऊपरी बायां कोना, पेपर 75 जीएसएम सनशाईन / स्नो व्हाइट ऑफ जेके/सेंच्यूरी/बिल्ट/आईटीसी मेक (जेरॉक्स पेपर), बारीक और मजबूत धागा सहित डबल स्टिच्ड के साथ-साथ ओएमआर (उत्तर पुस्तिका हेतु दो फोल्ड ओएमआर शीट : ओएमआर पर मशीन से मुद्रित क्रम संख्या (काउंटरफोइल समेत) और उत्तर पुस्तिका के प्रत्येक पृष्ठ पर बार-कोड, दो कलर, 105 जीएसएम, पेपर : मैप्लेथो, ओएमआर स्कैनयोग्य) (सोनीपत) | 18.12.2025 12.01.2026 | रु. 30.00 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 7777088022 coe@bpswomenuniversity.ac.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2026/80/41118/I/88/7 दि. 12.12.25

## नौकरी पाने वालों की आंखों से छलके आंसू, मोबाइल लाइटें ऑन कर जताया आभार

# सीएम ने 84 दंगा पीड़ित परिवारों के 36 आश्रितों को सरकारी नियुक्ति पत्र किए प्रदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शुक्रवार को दिल्ली सचिवालय में वर्ष 1984 के सिख विरोधी दंगों से प्रभावित परिवारों के 36 आश्रितों को सरकारी नियुक्ति पत्र वितरित किए। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर कहा कि यह केवल नौकरियां नहीं हैं, बल्कि उन हजारों परिवारों की गरिमा, अधिकार और पहचान की औपचारिक मान्यता है, जो चार दशकों से न्याय और सम्मान की प्रतीक्षा कर रहे थे। 1984 के सिख विरोधी दंगों के पीड़ितों के लिए न्याय की दिशा में यह कदम दिल्ली सरकार की संवेदना और जवाबदेही का प्रमाण है।

नियुक्ति पाने वालों में कई महिलाएं भी शामिल थीं, जो नियुक्ति पत्र लेते समय अपनी भावनाओं को रोक नहीं सकीं। कई महिलाएं भीगी आंखों के साथ मुख्यमंत्री को धन्यवाद देती हुई दिखाई दीं। कुछ महिलाएं तो मुख्यमंत्री के गले लगकर भावुक हो उठीं। मुख्यमंत्री ने उन्हें सांत्वना दी और कहा कि दिल्ली सरकार हर कदम पर पीड़ित परिवारों के साथ खड़ी है।जब सभागार में नियुक्ति पत्र वितरण जारी था, तो पीड़ित परिवारों ने बेहद भावनात्मक तरीके से मुख्यमंत्री के प्रति अपना आभार व्यक्त किया। सभी ने एक साथ अपने मोबाइल फोन की फ्लैश लाइटें ऑन कर दीं। सभागार में जगमगाती यह रोशनी पीड़ित परिवारों के जीवन में आई नई उम्मीद और उजाले का प्रतीक बन गई। यह दृश्य इस बात का प्रमाण था कि सरकार के इस मानवीय निर्णय ने उनके जीवन में खोया हुआ सम्मान और भरोसा फिर से लौटा दिया है। इस अवसर पर दिल्ली के कैबिनेट मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा, वरिष्ठ अधिकारी और बड़ी संख्या में दंगा पीड़ित परिवारों के सदस्य उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान सिख समुदाय के प्रतिनिधियों ने हाल ही में दिल्ली में आयोजित श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी दिवस के भव्य आयोजन के लिए मुख्यमंत्री का विशेष सम्मान भी किया।



### यह सिर्फ नौकरी नहीं, पीड़ित परिवारों के सम्मान की है पुनर्स्थापना

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह सिर्फ नियुक्ति पत्र नहीं, बल्कि उन परिवारों के लिए चालीस वर्षों के संघर्ष और प्रतीक्षा के बाद मिला न्याय है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछली सरकारों ने बड़े बड़े वादे किए, लेकिन पीड़ित परिवारों के जीवन में वास्तविक बदलाव लाने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाए। मुख्यमंत्री ने बताया कि दिल्ली सरकार ने सत्ता संभालने के बाद न केवल ऐसे पात्र आश्रितों की पहचान की, बल्कि पारदर्शी और त्वरित प्रक्रिया के माध्यम से नियुक्ति देने का निर्णय लिया। कुछ सप्ताह पहले 19 उम्मीदवारों को नियुक्ति पत्र दिए गए थे और आज 36 और आश्रितों को विभिन्न सरकारी विभागों में एमटीएस पद पर नियुक्त किया गया है।

### 1984 के दंगे भारत के इतिहास का ऐसा काला अध्याय हैं, जिन्हें भुलाना असंभव

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि वर्ष 1984 के दंगे भारत के इतिहास का ऐसा काला अध्याय हैं, जिन्हें भुलाना असंभव है। जिन लोगों ने उस त्रासदी में अपने प्रियजनों को खोया, उनके दर्द की कोई भरपाई नहीं हो सकती। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने केंद्र में सरकार बनने के बाद इस मामले में न्याय सुनिश्चित करने और पीड़ितों के जख्मों पर मरहम लगाने की प्रक्रिया को गति दी। प्रधानमंत्री ने ही एसआईटी का गठन कर दंगा पीड़ितों को न्याय दिलाने की दिशा में निर्णायक पहल की।

### नियुक्ति पत्र 1984 दंगा पीड़ितों के गहरे जख्मों पर है मरहम : सिरसा

कैबिनेट मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा कि आज दिए जा रहे ये नियुक्ति पत्र उन गहरे घावों पर लगाया गया वास्तविक मरहम हैं, जिन्हें इन परिवारों ने वर्षों तक अकेले सहा। सिरसा ने बताया कि दिल्ली सरकार ने पीड़ित माता-पिता की अधिक आयु को देखते हुए उनके बच्चों को नौकरी देने का विकल्प भी उपलब्ध कराया है। यह देश के इतिहास में पहली बार है कि किसी सरकार ने आयु और शैक्षणिक योग्यता दोनों में विशेष रियायत देकर पीड़ित परिवारों को प्राथमिकता दी है। उन्होंने कहा कि यह कदम राजनीति से ऊपर उठकर सेवा, संवेदना और न्याय को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का उदाहरण है। यह निर्णय केवल रोजगार देने का नहीं, बल्कि उन परिवारों के आत्मसम्मान की पुनर्स्थापना का संकल्प है, जिन्होंने अपने दर्द को वर्षों तक चुपचाप सहा है।

## 'दिल्ली स्कूल शिक्षा अधिनियम 2025 के नियम हो गए हैं लागू'



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली स्कूल शिक्षा (शुल्क निर्धारण एवं विनियमन में पारदर्शिता) अधिनियम, 2025 तथा इससे संबंधित नियम तत्काल प्रभा से लागू हो चुके हैं। शिक्षा विभाग अब अधिनियम/नियमों में निर्दिष्ट सभी प्रक्रियाओं जैसे स्कूलों की फीस प्रस्तावों की जांच, अनुमतियां, रिपोर्टिंग और निगरानी को लागू करना शुरू करेगा। इस बात की जानकारी शुक्रवार को दिल्ली के शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने दी है। सूद ने कहा कि पूर्व सरकारों ने 27 वर्षों तक इस महत्वपूर्ण मुद्दे को नजरअंदाज किया, लेकिन हमारी सरकार ने कुछ ही दिनों में इस ऐतिहासिक सुधार को लागू कर दिया। उन्होंने कहा कि बेहद कम समय में एक मजबूत कानून लागू किया गया, जिसने दिल्ली में प्रशासनिक दक्षता और सुशासन का नया मानदंड स्थापित किया है। सूद ने कहा कि शिक्षा व्यवसाय नहीं, अधिकार है और सरकार दिल्ली के हर बच्चे को ईमानदारी, पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि यह कानून न केवल अभिभावकों की चिंताओं का समाधान करेगा, बल्कि शिक्षा प्रणाली में जनता का विश्वास भी मजबूत करेगा। श्री सूद ने अभिभावकों व संरक्षकों से अपील की कि वे इस नए कानून का समर्थन करें और पारदर्शिता बनाए रखने में योगदान दें। सूद ने बताया कि यह ऐतिहासिक अधिनियम और इसके नियम निजी स्कूलों द्वारा मनमाने तरीके से की जाने वाली फीस बढ़ोतरी को रोकने, अभिभावकों को सशक्त बनाने और शिक्षा प्रणाली में पारदर्शिता व जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए बनाए गए हैं। सरकार का स्पष्ट उद्देश्य है कि अनुचित और मनमानी फीस बढ़ोतरी को पूरी तरह रोका जाए। स्कूलों को अपनी फीस संरचना, व्यय और वित्तीय आवश्यकताओं को पारदर्शी तरीके से प्रस्तुत करना होगा।

शिक्षा मंत्री ने कहा कि इस नए कानून के लागू होने से अभिभावकों को फीस से जुड़ी लगातार आने वाली समस्याओं का समाधान मिलेगा और स्कूलों की निगरानी संभव होगी। उन्होंने कहा कि हमारे लिए अभिभावकों के हित सर्वोपरि हैं।

### सिरी फोर्ट स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स को बना दिया गया शराब का अड्डा : संजय

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने राज्यसभा में नई दिल्ली के सिरी फोर्ट स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में शराब की बिक्री के मुद्दे को जोरदार तरीके से उठाते हुए कहा कि जिस जगह बच्चे, महिलाएं और बुजुर्ग फिटनेस और खेल के लिए जाते हैं, उसे शराब का अड्डा बना देना शर्मनाक है। यह कदम सरकार के अपने ही नियमों का खुला उल्लंघन है और इससे खेल और समाज दोनों के माहौल पर बुरा असर पड़ रहा है। संजय सिंह ने राज्यसभा में मांग रखी कि सिरी फोर्ट स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में शराब की बिक्री तत्काल बंद कर परिसर को सुरक्षित बनाया जाए।

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**खुली ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरि. मण्डल यांत्रिक इंजीनियर/समाडि/स०, पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा, निम्नलिखित कार्य हेतु बिड सिस्टम आधारित खुली ई-निविदायें आमंत्रित की जाती है :-

**क्रम सं.-1,** निविदा सूचना संख्या: 14-2025-CW, कार्य का नाम: "कॉम्प्रिहेन्सिव एनुअल मेन्टनेन्स कॉन्ट्रैक्ट (सीएएमसी) फॉर मेन्टेनेन्स ऑफ फायर एण्ड स्मोक डिटेक्शन विद अलार्म सिस्टम ऑफ एलएचबी कोचेज ऐट गोरखपुर, ऐशबाग एण्ड गोमतीनगर कोचिंग डिपोज फॉर ए पीरिएड ऑफ 02 इयर्स। अनुमानित लागत (रू०में): ₹ 9,97,49,960.16, अग्रिम धन (रू०में): ₹ 6,48,800/-, निविदा की अवधि: 02 वर्ष।

• ई-निविदा प्रपत्र अपलोड करने की अंतिम तिथि एवं समय 06-01-2026, 15:00 बजे तक एवं यह ई-निविदा दिनांक 06-01-2026 को 15:00 बजे के बाद खोली जायेगी। • इस ई-निविदा से सम्बन्धित विस्तृत जानकारी, न्यूनतम अर्हतायें तथा नियम एवं शर्तें, पूर्वोत्तर रेलवे की वेबसाईट *www.ireps.gov.in* पर उपलब्ध है। • निविदाकार ई-निविदा प्रपत्र को अपलोड करने से पूर्व इस ई-निविदा सूचना से सम्बन्धित शुद्धि पत्र (यदि कोई हो) को वेबसाइट पर संज्ञान में लेना सुनिश्चित करें।

**वरि० मण्डल यॉंत्रिक इंजीनियर/समाडि/स०**
मुजाधि/यॉंत्रिक-103 **लखनऊ**

गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।

## मेट्रो ने लाजपत नगर-साकेत जी ब्लॉक कॉरिडोर का निर्माण कार्य किया शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (डीएमआरसी) ने शुक्रवार से फेजचार के अत्यंत महत्वपूर्ण लाजपत नगर-साकेत जी ब्लॉक कॉरिडोर पर निर्माण कार्य शुरू कर दिया है। यह फेजचार की प्राथमिक कॉरिडोरों के बाद का पहला नया खंड है, जहां भौतिक कार्य की शुरुआत की गई है। लाजपत नगर से साकेत जी ब्लॉक कॉरिडोर (गोल्डन लाइन11) पर प्रथम टेस्ट पाइल एवं भूमिपूजन समारोह आज साकेत के समीप पुष्पा भवन के पास आयोजित किया गया, जो दिल्ली मेट्रो नेटवर्क के विस्तार में एक ऐतिहासिक उपलब्धि का प्रतीक है। इस अवसर पर डॉ. विकास कुमार, प्रबंध निदेशक, डीएमआरसी तथा डीएमआरसी के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

उनके साथ इस खंड के ठेकेदार रेल विकास निगम लिमिटेड (आरवीएनएल) के अधिकारी भी समारोह में शामिल हुए।डीएमआरसी से मिली जानकारी के अनुसार लाजपत नगर से साकेत जी ब्लॉक कॉरिडोर एक एलिवेटेड कॉरिडोर होगा जिसमें कुल 08 मेट्रो स्टेशन शामिल होंगे। जिसमें लाजपत नगर, एंड्रूज गंज, जीके1, चिराग दिल्ली, पुष्पा भवन, साकेत डिस्ट्रिक्ट सेंटर, पुष्प विहार तथा साकेत जी ब्लॉक शामिल है। गोल्डन लाइन कॉरिडोर दक्षिण दिल्ली में एक महत्वपूर्ण कड़ी है, जिसे कनेक्टिविटी बढ़ाने और मौजूदा मेट्रो लाइनों के साथ सहज एकीकरण प्रदान करने के उद्देश्य से तैयार किया जा रहा है।



### साकेत, ग्रेटर कैलाश और पुष्प विहार के लोगों को मिलेगा लाभ

इस कॉरिडोर से दक्षिण दिल्ली के महत्वपूर्ण क्षेत्र जैसे ग्रेटर कैलाश1, साकेत, ग्रेटर कैलाश और पुष्प विहार आदि इस कॉरिडोर से लाभान्वित होंगे। कई प्रतिष्ठित विद्यालयों और सरकारी कार्यालयों को भी इस लाइन के पूर्ण होने के बाद बेहतर मेट्रो सुविधा प्राप्त होगी।यह कॉरिडोर मौजूदा मैजेंटा लाइन से चिराग दिल्ली पर तथा वायलेट और पिंक लाइनों से लाजपत नगर पर सहज रूप से जुड़ जाएगा। इन लिंक के साथ, लाजपत नगर दक्षिण दिल्ली का एक प्रमुख इंटरचेंज हब के रूप में उभरेगा और एक ट्रिपल इंटरचेंज स्टेशन बनेगा, जो यात्रियों को राजधानी के मेट्रो नेटवर्क में बेहतर कनेक्टिविटी और यात्रा की सुविधा प्रदान करेगा।

## 'कांग्रेस के कार्यकर्ता हर बूथ से 14 दिसंबर की महारैली में लेंगे भाग'

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



कांग्रेस की दिल्ली में होने वाली 14 दिसंबर को 'वोट छोड़-गद्दी छोड़' महारैली में हर बूथ से कार्यकर्ता पहुंचेंगे। इस बात का दावा शुक्रवार दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने किया है।

गौरतलब है कि शुक्रवार को देवेंद्र यादव ने प्रदेश कार्यालय में लोकसभा, जिला एवं विधानसभा आर्ब्जवरों के साथ 'वोट छोड़ गद्दी छोड़' महारैली की तैयारियों को अंतिम रुपरेखा देने के लिए बैठक ली और बताया कि एक ओर जहां कांग्रेस के कार्यकर्ता हर बूथ से 14 दिसम्बर की महारैली में भाग लेंगे वहीं दिल्ली की आम जागरुक जनता के बीच से भी लोग ब्लाक कांग्रेस कमेटियों और जिला कांग्रेस कमेटियों से सम्पर्क साधकर भारी संख्या में आ रहे हैं। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र यादव के अलावा दिल्ली प्रभारी काजी निजामुद्दीन, दिल्ली सरकार के पूर्व मंत्री डॉ. नरेंद्र नाथ, कम्युनिकेशन विभाग के चेयरमैन अनिल भारद्वाज, पूर्व विधायक हरी शंकर गुप्ता, तस्वीर सौलंकी, प्रदेश प्रशासनिक प्रभारी जतिन शर्मा, एडवोकेट सुनील कुमार, लक्ष्मण रावत, सी.पी. मित्तल, जगजीवन शर्मा, डॉ. पी.के. मिश्रा, राजेन्द्र तंवर मुख्य रूप से मौजूद थे। देवेन्द्र यादव ने कहा कि रविवार, 14 दिसम्बर को रामलीला मैदान की महारैली ऐतिहासिक होगी जिसमें कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ भारी संख्या में दिल्ली की आम जनता भी जन नायक, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी को सुनने पहुचेंगे। रैली को लेकर सभी जिला और ब्लाक कांग्रेस कमेटी में चलाए गए जागरुकता अभियान कांग्रेस कार्यकर्ताओं सहित दिल्ली के आम लोगों ने भी वोट चोरी के खिलाफ कांग्रेस की लड़ाई के साथ समर्थन देने के लिए रामलीला मैदान की महारैली में पहुचने का पूर्ण आश्वासन दिया है।

### विजेंद्र ने पीएम को भेंट की भारत की संसदीय विरासत पर आधारित कॉफी टेबल बुक

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधान सभा के अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने शुक्रवार को संसद भवन स्थित प्रधानमंत्री कार्यालय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर उन्होंने प्रधानमंत्री को 'दिल्ली विधान सभा की प्रस्तुति शताब्दी-यात्रा, वीर विठ्ठलभाई पटेल' शीर्षक कॉफी टेबल बुक भेंट की, जो केंद्रीय विधान सभा के प्रथम भारतीय निर्वाचित अध्यक्ष, वीर विठ्ठलभाई पटेल को समर्पित है। यह पुस्तक 1925 से 2025 तक भारत की संसदीय यात्रा का ऐतिहासिक दस्तावेज प्रस्तुत करती है। शिष्टाचार भेंट के दौरान गुप्ता ने प्रधानमंत्री मोदी को अवगत कराया कि ऑडिट पैरा मॉनिटरिंग सिस्टम अब राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार में पूर्णतः क्रियाशील हो चुका है, जिससे दिल्ली देश का संभवतः पहला राज्य विधान सभा बन गया है जिसने वास्तविक समय में काम करने वाला इतना व्यापक ऑडिट मॉनिटरिंग पोर्टल लागू किया है। उन्होंने बताया कि नेशनल ई-विधान एप्लीकेशन (नेवा) के माध्यम से दिल्ली विधानसभा पूर्णतः डिजिटल एवं पेपरलेस सदन के रूप में परिवर्तित हो चुकी है।

## बाबा लखी शाह बंजारा की जयंती पर होगा भव्य आयोजन : इंद्राज

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

■ समाज कल्याण मंत्री ने की विमुक्त, घुमंतू और अर्ध-घुमंतू समुदायों के प्रतिनिधियों से मुलाकात

वीरांगना झलकारी बाई की जयंती पर हुए राज्यस्तरीय आयोजन की तरह ही अब बाबा लखी शाह बंजारा की जयंती पर भी भव्य आयोजन को लेकर सरकार विचार कर रही है। इस बात की जानकारी शुक्रवार को दिल्ली के समाज कल्याण विभाग मंत्री रविंद्र इंद्राज सिंह ने दिल्ली सचिवालय में विमुक्त, घुमंतू और अर्ध-घुमंतू समुदायों के प्रतिनिधियों से मुलाकात के दौरान कही। प्रतिनिधियों ने अपने समुदायों के बेहतर जीवन स्तर व उनके सशक्तिकरण को लेकर अपने सुझाव सौंपे। मंत्री इंद्राज ने कहा कि बाबा लखी शाह व्यापारी होने के साथ ही सिविल कॉन्ट्रैक्टर, ट्रांसपोर्टर और महान समाज सेवक भी थे। उन्होंने लाखों लोगों को रोजगार दिया। उन्होंने दिल्ली में रायसीना, नरेला, बारहखंभा और मालचा जैसे गांव बसाये। श्री गुरु तेग बहादुर साहिब के ससम्मान अंतिम संस्कार के लिए अपनी जान जोखिम में डालने के लिए भी बाबा लखी शाह बंजारा को याद किया जाता है। प्रतिनिधियों ने समाज कल्याण विभाग मंत्री से दिल्ली में विमुक्त (डीएनटी), घुमंतू (एनटी) और अर्ध-घुमंतू (एसएनटी) समुदायों के अधिकारों और कल्याण से संबंधित विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्‌घोषणा**

**धारा 82 Cr. P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **मोहित गर्ग** पुत्र सुरेश चंद गर्ग, निवासी WA 121/107, PVT नं. 310, T/F, रोहिणी कॉम्प्लेक्स, शकरपुर, स्कूल ब्लॉक के पास, दिल्ली ने सी.टी. सं. 68/2023 धारा 135/138 भारतीय विद्युत अधिनियम, थाना शकरपुर, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **मोहित गर्ग** मिल नहीं रहा है, और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **मोहित गर्ग** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इसके खिलाफ माननीय अदालत द्वारा धारा 82 Cr. P.C. की कार्यवाही जारी हो चुकी है। इसलिए इसके द्वारा उद्‌घोषणा की जाती है कि सी.टी. सं. 68/2023 धारा 135/138 भारतीय विद्युत अधिनियम, थाना शकरपुर, दिल्ली के उक्त अभियुक्त **मोहित गर्ग** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **09.02.2026** को हाजिर हो।

**आदेशानुसारः श्री आशीष रस्तोगी**
**अति. सत्र न्यायाधीश सह अति. सत्र न्यायाधीश (विद्युत), पूर्व**
**कक्ष संख्या 21,**
**कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली**

DP/16576/ED/2025

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्‌घोषणा**

**धारा 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया नामः **सोहादत, पुत्रः अबरार, निवासीः जे-421, गली नंबर 11, जनता मजदूर कॉलोनी, वेलकम, दिल्ली** ने अपराध किया है (या किए जाने का संदेह है) **FIR No.662/2021 U/S 323/341/34 IPC** के तहत एक मामला **थाना वेलकम, उत्तर पूर्वी जिला, दिल्ली** में दर्ज किया गया है और उसके बाद जारी गिरफ्तारी वारंट को यह कहते हुए वापस कर दिया गया कि अभियुक्त **सोहादत** नहीं मिला या मेरी संतुष्टि के लिए दिखाया गया है कि आरोपी **सोहादत** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्‌घोषणा कि **FIR No.662/2021 U/S 323/341/34 IPC, थाना वेलकम, उत्तर पूर्वी जिला, दिल्ली** के अभियुक्त **सोहादत** को उक्त परिवाद का जवाब देने के लिए दिनांक **11.03.2026** को या उससे पहले अदालत के समक्ष उपस्थित होना आवश्यक है।

**आदेशानुसार, दीपाक्षी राणा**
**न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी-03,**
**शाहदरा जिला, कोर्ट नंबर 19,**
**कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली**

DP/16329/NE/2025
(अदालती मामला)

MAX Healthcare | 25 YEARS OF SERVICE AND EXCELLENCE

**सार्वजनिक सूचना**

**मरीज़ों के मेडिकल रिकॉर्ड नष्ट करने हेतु**

मैक्स स्मार्ट सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, साकेत, नई दिल्ली (ए यूनिट ऑफ़ गुजरमल मोदी हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर फॉर मेडिकल साइंसेज) की ओर से सूचित किया जाता है कि जनवरी, 2020 से दिसंबर, 2021 की अवधि से संबंधित अपने हॉस्पिटल में आईपीडी और ओपीडी प्रक्रियाओं के सहमति फॉर्म / या अपने मरीजों के परीक्षण से संबंधित चिकित्सा रिकॉर्ड नष्ट कर देगा। कोई भी मरीज जो उपरोक्त अवधि से संबंधित अपने मेडिकल रिकॉर्ड की प्रमाणित सत्य प्रतिलिपि प्राप्त करना चाहता है, वह नीचे दी गई तालिका में उल्लिखित संपर्क व्यक्ति से लिखित रूप में सुबह 10:00 बजे से शाम 6:00 बजे के बीच (सोमवार से शनिवार) अनुरोध कर सकता है। इस तरह के सभी अनुरोध आवेदन इस नोटिस के प्रकाशन की तारीख से 90 दिनों के भीतर नीचे दी गई तालिका में उल्लिखित संबंधित व्यक्ति तक पहुंच जाने चाहिए। मेडिकल रिकॉर्ड के लिए अनुरोध निर्धारित प्रारूप में रोगी के फोटो पहचान प्रमाण की स्व-सत्यापित प्रति के साथ प्रस्तुत किया जाना चाहिए। मरीज़ अपनी ओर से मेडिकल रिकॉर्ड के लिए आवेदन करने और/या उसे प्राप्त करने के लिए किसी अन्य व्यक्ति को भी अधिकृत कर सकता है। इसके लिए उसे एक वैध प्राधिकरण पत्र / पावर ऑफ अटॉर्नी, मरीज़ और अधिकृत व्यक्ति की फोटो पहचान और हस्ताक्षर प्रमाण की स्व-सत्यापित प्रति भी साथ लानी होगी। मृत मरीज़ों के मामले में, मेडिकल रिकॉर्ड में दर्ज अटेंडेंट इसके लिए आवेदन कर सकता है / किसी को आवेदन करने के लिए अधिकृत कर सकता है। कृपया ध्यान दें कि ऐसे रिकॉर्ड उपलब्ध कराने के लिए मानक शुल्क लागू होंगे।

**मैक्स स्मार्ट सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, साकेत**
(ए यूनिट ऑफ़ गुजरमल मोदी हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर फॉर मेडिकल साइंसेज)
मंदिर मार्ग, प्रेस एन्क्लेव रोड, साकेत, नई दिल्ली-110017

संपर्क: **सुश्री पूनम**
ईमेल: poonam3@maxhealthcare.com
9717 349 231 | कार्यालय: 011 - 7121 2121 -2927

## 'विधायकों को जारी कर दिया गया है फंड'

# दिल्ली में धूल प्रदूषण खत्म करने के लिए तेजी से हो रहा है सड़कों का निर्माण: रेखा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली में धूल प्रदूषण को खत्म करने के लिए सड़कों का निर्माण कार्य तेजी से किया जा रहा है। सड़क निर्माण में किसी भी प्रकार की बाधा न आए, इसके लिए विधायकों को विशेष रूप से करोड़ों रुपये का फंड उपलब्ध करा दिया गया है। इस बात की जानकारी मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शुक्रवार को शालीमार बाग विधानसभा के दौरे के दौरान दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदूषण नियंत्रण केवल सरकारी प्रयासों से संभव नहीं है, इसके लिए जनता की सक्रिय भागीदारी भी आवश्यक है।

नागरिकों को धूल और धुएं को कम करने के लिए अपनी भूमिका समझनी होगी और उसके अनुरूप कदम उठाने होंगे।गौरतलब है कि मुख्यमंत्री ने शुक्रवार को शालीमार बाग विधानसभा का दौरा किया। यहां उन्होंने सड़क निर्माण, नालों की मरम्मत, सीवर लाइन बिछाने, हाई मास्ट लाइटों की स्थापना, पार्कों के पुनर्विकास और अन्य नागरिक सुविधाओं से जुड़े कई महत्वपूर्ण कार्यों का उद्घाटन और निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि दिल्ली में प्रदूषण बढ़ाने में उड़ती धूल की बड़ी भूमिका है, इसलिए सड़कों के किनारों पर धूल को स्थायी रूप से नियंत्रित करने के लिए वॉल टू वॉल सड़कें एक प्रभावी समाधान हैं। उन्होंने विधायकों को निर्देश दिया है कि अपने क्षेत्र में सड़क बनाते या मरम्मत करते समय यह सुनिश्चित करें कि सड़कें वॉल टू वॉल तैयार हों। मुख्यमंत्री ने कहा कि यदि इस कार्य के लिए और फंड की आवश्यकता होगी तो वह भी तुरंत उपलब्ध कराया जाएगा।




### पिछली सरकारों ने सड़क निर्माण पर नहीं दिया ध्यान

मुख्यमंत्री ने पिछली सरकारों पर आरोप लगाया कि उन्होंने प्रदूषण को लेकर कोई गंभीर योजना नहीं बनाई और न ही सड़क निर्माण पर पर्याप्त ध्यान दिया। उन्होंने कहा कि पिछली सरकार ने न सड़कों की उचित चौड़ाई सुनिश्चित की और न ही धूल नियंत्रण पर ध्यान दिया। वे केवल बयानबाजी और विज्ञापनों तक सीमित रही। इसका परिणाम आज दिल्ली को भुगतना पड़ रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार ने स्पष्ट संकल्प ले लिया है कि प्रदूषण का स्थायी समाधान किया जाएगा। इसके लिए पर्याप्त बजट रखा गया है और विशेषज्ञों की सलाह पर ठोस कदम उठाए जा रहे हैं।मुख्यमंत्री ने बताया कि छोटे छोटे उपाय भी प्रदूषण रोकने में अत्यंत प्रभावशाली सिद्ध हो रहे हैं।

### मोबाइल एक्सेस से ठगी करने वाला जालसाज गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** मध्य जिले की साइबर पुलिस ने एक हाईटेक ठग को गिरफ्तार किया है। आरोपी कस्टमर सपोर्ट के नाम पर एपीके फाइल तैयार कर टारगेट के मोबाइल का रिमोट एक्सेस हासिल कर चूना लगाता था। उमेश रजक नामक इस आरोपी की तलाश सवा लाख की ठगी के केस में पुलिस को थी। जांच में पता चला कि आरोपी ठगी करने वाले अन्य जालसाजों को भी इस प्रकार की एपीके फाइल बेचता था। डीसीपी निधिन वाल्सन के अनुसार गत 29 जुलाई को साइबर थाने को ठगी की शिकायत मिली। शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया कि उनके पास अज्ञात व्यक्ति का कॉल आया। कॉलर ने उन्हें बताया कि उनका बिजली मीटर कटने वाला है। आरोपी ने उन्हें एक एपीके फाइल भेजकर उसे अपने मोबाइल फोन में इंस्टॉल करने के लिए कहा। इंस्टॉलेशन के बाद जालसाज ने उनके बैंक खाते से 1.20 लाख रुपये निकाल लिए। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। आरोपियों को पकड़ने के लिए एक टीम बनाई गई। जांच के दौरान पुलिस ने एपीके फाइल की तकनीकी जानकारी हासिल की। फाइल की पहचान एफयूडी(फुली अनडिटेक्टेड) कस्टमर सपोर्ट एपीके के तौर पर की गई। जो आमतौर पर साइबर अपराधी पीड़ितों के मोबाइल डिवाइस तक रिमोट एक्सेस पाने के लिए इस्तेमाल करते हैं। इसके बाद टीम ने आरोपी की पहचान की और उसे गिरफ्तार कर लिया। आरोपी उमेश पैसे के लिए अलग-अलग इलाकों में काम करने वाले साइबर अपराधियों को एपीके फाइल को कस्टमाइज और सप्लाई करने का काम भी करता था। इसके लिए वह 15 हजार रुपये चार्ज करता था।



## 'ना तो कारवां की तलाश' नया नहीं, 1960 का पुराना गाना है

**मुंबई।** फिल्ममेकर आदित्य धर की फिल्म 'धुरंधर' का जादू हर तरफ छाया हुआ है, जिसमें रणवीर सिंह, संजय दत्त, अक्षय खन्ना, आर माधवन और अर्जुन रामपाल लीड रोल्स में हैं। फिल्म को दर्शकों से काफी प्यार मिल रहा है और यही नहीं, फिल्म की बाकी बातों की तरह इसके गानों को भी उतना ही पसंद किया जा रहा है। लोग सबसे ज्यादा तो रणवीर सिंह के एंट्री सॉन्ग 'ना तो कारवां की तलाश है' की बात कर रहे हैं। इस गाने पर खूब रील्स भी कट रहे हैं। धुरंधर में रणवीर सिंह की एंट्री पर बजने वाला गाना 1960 की हिंदी क्लासिक फिल्म 'बरसात की रात' का कव्वाली सॉन्ग 'ना तो कारवां की तलाश है' है। इस फिल्म का निर्देशन पी. एल. संतोषी ने किया था और इसमें भरत भूषण और मधुबाला लीड रोल्स में थे।

लाइफ Style

# ऋचा



## चाहती थीं काम करना, शरीर और मन नहीं था तैयार

ऋचा चड्ढा आखिरी बार साल 2023 में आई फिल्म 'फुकरे 3' और पिछले साल आई वेब सीरीज 'हीरामंडी: द डायमंड बाजार' में दिखाई दीं। पिछले साल जुलाई में ही उन्होंने बेबी गर्ल को जन्म दिया. तबसे उन्होंने काम नहीं किया और बेबी के साथ ही वक्त बिता रही हैं। अब उन्होंने एक भावुक नोट शेयर किया है।

एजेंसी ⏭ मुंबई

ऋचा चड्ढा ने मां बनने के बाद अपने जीवन में आए इमोशनल, फिजिकल और प्रोफेशनल चैलेंजेस के बारे में खुलकर बात की है। उन्होंने लगभग दो साल बाद काम पर लौटने की अपनी जर्नी को भी साझा किया है। उन्होंने ईमानदारी और बेबाकी के मैटरनिटी और एंटरटेमनेंट की दुनिया की सच्चाइयों को बिना किसी लाग-लपेट के सामने रखा है। ऋचा चड्ढा अपने इंस्टाग्राम पर तस्वीरों के साथ-साथ नोट भी लिखा है। उन्होंने नोट में काम पर लौटने की मुश्किलों का जिक्र किया है। उन्होंने माना कि भले ही वह जल्दी लौटना चाहती थीं, लेकिन उनका शरीर और मन इसके लिए तैयार नहीं था। उन्होंने बच्चे के जन्म के बाद मानसिक रूप से धीरे-धीरे और जटिल तरीके से उबरने की बात कही। ऋचा चड्ढा ने यह भी बताया कि एक नई मां को खुद को फिर से खोजने के लिए किस तरह के सपोर्ट सिस्टम की जरूरत होती है। ऋचा ने इस संवेदनशील दौर में अपने पेशेवर जीवन में झेली गई तकलीफों का भी जिक्र किया, जिसमें उन्होंने इंडस्ट्री में विश्वासघात और नैतिकता की कमी को लेकर खुलकर बात की। ऋचा चड्ढा का पोस्ट सोशल मीडिया पर सार्वजनिक हस्तियों, खासकर नई मांओं पर कंटेंट बनाने के दबाव की भी आलोचना करता है।

हॉलीवुड मसाला




## स्ट्रीट फाइटर का पहला लुक आया सामने

**लॉस एंजिल्स।** विद्युत जामवाल फिल्म 'स्ट्रीट फाइटर'से हॉलीवुड में अपने डेब्यू के लिए तैयार हैं। अब फिल्म से उनका पहला लुक सामने आया है। अपने फर्स्ट लुक में विद्युत बाल्ड लुक में काफी दमदार नजर आ रहे हैं। उनका ये लुक रिवील होते ही सोशल मीडिया पर भी छाया हुआ है। लोकप्रिय वीडियो गेम पर आधारित फिल्म 'स्ट्रीट फाइटर'में विद्युत जामवाल योगी धल्सिम की भूमिका में नजर आएंगे। अब उनका पहला लुक सामने आया है। इस लुक में विद्युत बाल्ड (गंजे) नजर आ रहे हैं। फर्स्ट लुक में विद्युत मार्शल आर्ट की एक पोजिशन में नजर आ रहे हैं। वो हाथों, पैरों, गले और कानों में अजीब से भारी आभूषण पहने हुए हैं। सिर और चेहरे पर लाल रंग से लाइनें भी बनी हुई हैं।



## एक्शन अंदाज में नजर आईं मिली एल्कॉक

**लॉस एंजिल्स।** डीसी स्टूडियोज की नई फिल्म 'सुपरगर्ल' अगले साल सिनेमाघरों में रिलीज होगी। हाल ही में इस फिल्म का टीजर-ट्रेलर मेकर्स ने रिलीज किया है। एक्शन से भरपूर इस टीजर ने फिल्म को लेकर एक्साइटमेंट बढ़ा दी है। टीजर-ट्रेलर की शुरुआत एक आम टीनएज लड़की से होती है, जिसकी जिंदगी काफी अस्त-व्यस्त है। लेकिन, परिस्थिति कुछ ऐसी बनती हैं कि उसे अपनी सुपरपावर का इस्तेमाल करना पड़ता है, बुरे लोगों से दुनिया को बचाना पड़ता है। इस काम में उसकी मदद एक अनजान लड़की भी करती है। फिल्म 'सुपरगर्ल' को क्रेग गिलेस्पी ने निर्देशित किया है। फिल्म के टीजर-ट्रेलर के साथ मेकर्स ने रिलीज डेट भी शेयर की है। अगले साल यह फिल्म रिलीज होगी। इस रिलीज की तारीख जून 2026 है। फिल्म 'सुपरगर्ल' में भी 'सुपरमैन' के लेवल का एक्शन और वीएफएक्स देखने को मिल रहा है। विलेन भी काफी खूंखार नजर आ रहे हैं। बैकग्राउंड स्कोर भी एक्शन सीन्स पर परफेक्ट बैठ रहा है।




## बॉर्डर 2 का टीजर 16 दिसंबर को होगा रिलीज


**मुंबई।** सनी देओल, वरुण धवन, दिलजीत दोसांझ और अहान शेट्टी स्टारर 'बॉर्डर 2' का दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। अब फिल्म के टीजर रिलीज को लेकर बड़ी जानकारी सामने आई है। साल 2026 की मच अवेटेड फिल्मों में शामिल 'बॉर्डर 2' का टीजर 16 दिसंबर को विजय दिवस के मौके पर रिलीज किया जाएगा। टीजर की रिलीज डेट घोषित करते हुए मेकर्स की ओर से फिल्म का एक नया पोस्टर भी जारी किया गया है। इस पोस्टर में फिल्म के चारों नायक सनी देओल, वरुण धवन, दिलजीत दोसांझ और अहान शेट्टी सेना की वर्दी में नजर आ रहे हैं। अलग-अलग जारी किए गए किरदारों के पोस्टर्स के बाद फिल्म को लेकर दर्शकों में उत्साह पैदा हो गया है। अब मेकर्स ने एक साथ चारों किरदारों की झलक दिखाई है। इस पोस्टर के सामने आने के बाद फिल्म को लेकर दर्शकों में उत्साह और भी बढ़ गया है।




## फोर मोर शॉट्स प्लीज के चौथे सीजन का आया ट्रेलर

**मुंबई।** ओटीटी की लोकप्रिय महिला-केंद्रित सीरीज 'फोर मोर शॉट्स प्लीज' एक बार फिर अपने दर्शकों से मुखातिब होने को तैयार है। चौथा और फाइनल सीजन का ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है और इसे देखकर साफ हो जाता है कि इस बार कहानी सिर्फ ग्लैमरस नाइट-लाइफ, रिश्तों और दिल टूटने तक सीमित नहीं रहने वाली, बल्कि इस बार बात पर्सनल लड़ाइयों तक जा पहुंची है। इस बार ट्रेलर में काफी कुछ खास देखने को मिलेगा। अमेजन प्राइम वीडियो पर 19 दिसंबर को स्ट्रीम होने वाली इस सीरीज में सिद्धि, उमंग, दामिनी और अंजना अपने जीवन के उस मोड़ पर खड़ी नजर आती हैं, जहां उन्हें यह स्वीकार करना पड़ता है कि अब बदलाव जरूरी है। ट्रेलर में चारों दोस्त खुद को सुधारने के लिए छह महीनों की चुनौती लेती दिखती हैं।

टीवी मसाला



## केबीसी में 25 लाख रुपए के सवाल पर गोल्ड मेडलिस्ट ने भी मानी हार

**नई दिल्ली।** 'कौन बनेगा करोड़पति 17' के एक एपिसोड की शुरुआत रोलओवर कंटेस्टेंट शीतल के साथ हुई जो कृषि विज्ञान से जुड़े फील्ड में गोल्ड मेडलिस्ट हैं। उन्होंने बिग बी द्वारा पूछे गए शुरुआती दस सवालों का बड़े अच्छी से जवाब दिया और सुपर संदूक राउंड में 8 सवालों का सही जवाब देकर अपनी लाइफलाइन 'ऑडियंस पोल' जिंदा कर दी है। अमिताभ बच्चन ने कंटेस्टेंट शीतल से कंटेस्टेंट 12.50 लाख रुपए के 12वें सवाल फंस गई थीं। हालांकि, उन्होंने अपनी बची दोनों लाइफलाइन 50-50 और संकेत सूचक का इस्तेमाल किया और जोखिम उठाते खेल जारी रखा। बिग बी ने कंटेस्टेंट से सवाल पूछा, 'टेस्ट शतक बनाने वाली पहली भारतीय महिला क्रिकेटर कौन हैं, जो टेस्ट टीम की पहली कप्तान भी थीं?' विकल्प हैं- ए. डायना एडुल्जी, बी. शांता रंगस्वामी, सी. नीतू डेविड, डी. शुभांगी कुलकर्णी। कंटेस्टेंट ने रिस्क उठाते हुए विकल्प बी. शांता रंगस्वामी को चुना, जो सही है। बिग बी ने फिर कंटेस्टेंट से 25 लाख रुपए का 13वां सवाल पूछा, 'आइसैक न्यूटन ने 1687 में अपनी रचना, 'प्राकृतिक दर्शन के गणितयी सिद्धांत'किस भाषा में प्रकाशित की थी?' विकल्प हैं- ए. यूनानी, बी. फ्रेंच, सी. लैटिन, डी. अंग्रेजी। कंटेस्टेंट शीतल ने इस सवाल पर गेम क्विट कर दिया और 12.50 लाख रुपए जीतकर घर लौटीं। इस सवाल का सही जवाब है- लैटिन।

## 'क्योंकि सास' में होगी नए चेहरे की एंट्री

**नई दिल्ली।** स्टार प्लस के सीरियल क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2 में अब शो में एक नए चेहरे की एंट्री होने जा रही है। शो में छह साल के लीप की बात भी बरखा बिष्ट ने कंफर्म की है। शो में नए चेहरे और 6 साल के लीप के बाद फैंस को बहुत सारे ट्विस्ट और टर्न देखने को मिल सकते हैं। रिपोर्ट्स की मानें तो शो में संदीप बसवान की एंट्री हो सकती है। संदीप की एंट्री शो में साहिल वीरानी के रूप में होगी। एक रिपोर्ट के मुताबिक, संदीप बसवान शो में नए ट्विस्ट और टर्न लेकर आएंगे। संदीप बसवान शो के पहले सीजन का भी हिस्सा थे। सीजन 2 में उनके रिटर्न को लेकर फैंस काफी उत्साहित हैं। हालांकि, मेकर्स या संदीप की तरफ से इस बात का कोई कंफर्मेशन नहीं आया है। रिपोर्ट्स की मानें तो क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2 में लीप के बाद अंगद और वृंदा का पेरेंटहुड दिखाया जाएगा। दोनों के दो बच्चे दिखाए जाएंगे। वहीं, मिहिर और तुलसी के बीच दूरी भी देखने को मिलेगी। शो का जो नया प्रोमो आया है उसमें दिखाया गया कि तुलसी अंगद और वृंदा के साथ चॉल में रह रही होगी।



## सस्पेंस-थ्रिलर से लेकर कॉमेडी-रोमांस तक ओटीटी पर रिलीज हुआ एंटरटेनमेंट का सुपरडोज

**नई दिल्ली।** दिसंबर का दूसरा शुक्रवार ओटीटी दर्शकों के लिए किसी ट्रीट से कम नहीं। साल के आखिर में जहां प्लेटफॉर्म्स अपनी सबसे मजबूत लाइनअप सामने ला रहे हैं, वहीं 12 दिसंबर को एक ही दिन में पांच दमदार रिलीज ने वीकेंड को पहले से एक्साइटेड बना दिया है। नेटफ्लिक्स से लेकर जी 5 और जियो हॉटस्टार तक- हर प्लेटफॉर्म ने ऐसा कंटेंट पेश किया है जो मनोरंजन के अलग-अलग टेस्ट को पूरा करता है। सस्पेंस, कॉमेडी, फैमिली ड्रामा, इमोशन्स और रोमांच- इस बार की लिस्ट में सबकुछ देखने को मिल रहा है।

### वेक अप डेड मैन: ए नाइव्स आउट मिस्ट्री

डेनियल क्रेग की वापसी के साथ नाइव्स आउट सीरीज का नया अध्याय दर्शकों में रोमांच भरने के लिए तैयार है। यह कहानी एक ऐसे धार्मिक समुदाय में होने वाली हत्या के इर्द-गिर्द बुनी गई है, जो पहली नजर में भले ही शांत दिखे, लेकिन भीतर कई रहस्यों को छिपाए बैठा है। जासूस बेनोइट ब्लांक इस बार एक युवा पादरी के साथ मिलकर उस पहेली को सुलझाने निकलता है जो असंभव लगती है। अनोखे किरदार, तनाव और चौंका देने वाले मोड़ों के कारण यह फिल्म मिस्ट्री प्रेमियों के लिए परफेक्ट वॉच है। ये फिल्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज हो चुकी है।



### कांता

1950 के दशक का मद्रास, बदलते सामाजिक ढांचे का दौर और उसके बीच पैदा हुआ रचनात्मक तनाव- 'कांता' अपनी पृष्ठभूमि और प्रस्तुति के कारण एक अलग ही दुनिया में ले जाती है। दुलकर सलमान, राणा दग्गुबाती और समर्थ कलाकारों की टोली इस पीरियड मिस्ट्री को ऊंचाई देती है। फिल्म उद्योग की प्रतिस्पर्धा से शुरू होने वाली कहानी जल्द ही एक स्याह मोड़ लेती है जब हत्या की गुत्थी खुलती है। विंटेज अंदाज और रहस्य का मिश्रण इसे विशेष बनाता है।

### सिंगल पापा

हल्की-फुल्की कॉमेडी और इमोशनल टच चाहने वालों के लिए यह नई सीरीज काफी अच्छी साबित होने वाली है। कुणाल खेमू एक ऐसे व्यक्ति की भूमिका में हैं, जिसकी जिंदगी तलाक के बाद अचानक करवट लेती है- जब वह एक बच्चे को गोद ले लेता है। बेपरवाह और बचकाने स्वभाव वाला गौरव गेहलोत जब पेरेंटिंग की जिम्मेदारियों में घिरता है, तो परिवार की प्रतिक्रियाएं और हालात मजेदार भी बनते हैं और भावुक भी। रिश्तों, जिम्मेदारियों और नए आरंभ की यह कहानी दिल को छूने वाली है। ये सीरीज नेटफ्लिक्स पर दस्तक दे चुकी है।

## कुछ हद तक हंसाती है कपिल की फिल्म 'किस किसको प्यार करूं 2'

**नई दिल्ली।** सोचिए अगर एक ही आदमी मोहन, महमूद, माइकल और मंजीत चार किरदार निभाए, चार धर्मों में अलग-अलग बीवियां रखे तो उसका हश्र क्या होगा? बस इतनी कहानी है फिल्म 'किस किसको प्यार करूं 2' की। फिल्म की शुरुआत होती है भोपाल शहर के रहने वाले मोहन शर्मा (कपिल शर्मा) से जो सानिया (वरीना) से बेहद प्यार करता है। सानिया से शादी करने के चक्कर में मोहन के सामने ऐसी-ऐसी सिचुएशन आती है कि उसे रूही (आयशा खान), मीरा (त्रिधा चौधरी) और जेनी (पारुल गुलाटी) से भी शादी करनी पड़ जाती है। अब अंत में मोहन अपना असली प्यार कैसे पाता है? यह आपको फिल्म देखकर पता चलेगा।

### कैसा है अभिनय ?

कपिल शर्मा कॉमेडी तो कर सकते हैं पर एक्टिंग में सिर्फ कॉमेडी नहीं करनी होती, यह उन्हें समझना होगा। हालांकि, उनका काम पहले से बेहतर है पर रोमांटिक गानों और इमोशनल सीन में वो फीके लगते हैं। हां, कॉमिक टाइमिंग और पंच मारने में उन्हें कोई टक्कर नहीं दे सकता। इसमें कोई दो राय नहीं हैं कि उन्होंने यह फिल्म अपने कंधों पर संभाली है। चार हीरोइन वाली इस फिल्म में आयशा और त्रिधा का काम अच्छा है। पारुल कहीं-कहीं फीकी रहीं। वरीना के तो एक्सप्रेशन पूरी फिल्म में गायब ही रहे। मनजोत ने इस फिल्म को बखूबी संभाला है। अखिलेंद्र मिश्रा और विपिन शर्मा जैसे मंझे हुए कलाकार भी इस फिल्म के संभालते हैं। सुशांत का रोल छोटा है पर उनका काम ठीक है। असरानी के कुल चार सीन हैं और उन्हें देखकर अच्छा लगता है। पूरी फिल्म में जैमी लीवर की ओवरएक्टिंग और एक ही टोन इरिटेट करती है।



### क्या बेहतर?

यह फिल्म चार धर्मों की बात करती है पर कहीं भी ऐसा डायलॉग या सीन नहीं है जो किसी धर्म को आहत करे। यह कमाल राइटर का है। फिल्म में कपिल शर्मा, मनजोत सिंह, विपिन शर्मा, अखलेंद्र मिश्रा जैसे कलाकार आपको हंसाते हैं। कुछ पंच और कुछ सीन अच्छे बन पड़े हैं। एक गाना छोड़ दें तो परिवार के साथ इस फिल्म के देख सकते है। फिल्म के लास्ट सीन में आपके लिए एक सरप्राइज है, जो अच्छा है।

### 100वीं फिल्म 'श्री राघवेंद्र' थी, जिसमें उन्होंने हिंदू संत राघवेंद्र स्वामी का किरदार अदा किया

# जब बस कंडक्टर को हुआ एमबीबीएस स्टूडेंट से प्यार

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

साल 1975 में जब सिनेमाघरों में कल्ट फिल्म शोले रिलीज हुई थी। ठीक उसी दिन 15 अगस्त 1975 को भारतीय सिनेमा में एक ऐसे शख्स ने कदम रखा था, जो इससे पहले बस कंडक्टर का काम करता था। उस वक्त किसी को नहीं पता था कि आगे चलकर ये एक्टर हिंदी सिनेमा का सबसे बड़ा सुपरस्टार रजनीकांत बन जाएगा।

### मराठी परिवार में हुआ जन्म

रजनीकांत का जन्म 12 दिसंबर 1950 को एक मराठी परिवार में हुआ था। उनके पिता पुलिस हेड कांस्टेबल थे। फिल्म इंडस्ट्री में आने से पहले रजनी का नाम शिवाजी राव गायकवाड़ था। रजनी जब महज चार वर्ष के थे तब उनके सिर से मां का साया हट गया। घर की आर्थिक स्थिति खराब थी। इस वजह से रजनीकांत को बचपन में कई संघर्षों से गुजरना पड़ा।

### के. बालचंद्र ने पहचानी रजनी की प्रतिभा

एक्टिंग सीखने के दौरान ही रजनीकांत की मुलाकात दिग्गज फिल्म निर्देशक के. बालचंद्र से हुई। के. बालचंद्र ही वो निर्देशक हैं, जिन्होंने रजनीकांत की प्रतिभा को पहचाना और उन्हें पहली बार अपनी फिल्म में मौका दिया। के. बालचंद्र ने ही शिवाजी राव गायकवाड़ को रजनीकांत नाम दिया। रजनीकांत का नामकरण 27 मार्च 1975 को होली के मौके पर हुआ था और दिन था गुरुवार। जिसे रजनीकांत अपने लिए शुभ मानते थे।



### पहली फिल्म में निभाई निगेटिव भूमिका

*रजनीकांत ने साल 1975 में आई फिल्म 'अपूर्व रागंगल' से फिल्मी दुनिया में कदम रखा। यह फिल्म 15 अगस्त 1975 को रिलीज हुई थी, जिस दिन हिंदी सिनेमा की कल्ट फिल्म शोले भी रिलीज हुई थी। उस वक्त रजनीकांत की उम्र 25 वर्ष थी। डेब्यू फिल्म में वे एक छोटी सी निगेटिव भूमिका में दिखाई दिए। कुछ वक्त तक इसी तरह के रोल किए। इसके बाद उनके पास लीड रोल का ऑफर आना शुरू हो गया और देखते ही देखते वे इस कदर सफलता की सीढ़ियां चढ़ते गए कि आज फैंस उन्हें भगवान का दर्जा देते हैं। फिल्मी दुनिया में रजनीकांत का क्या कद है, यह दुनिया जानती है।*

### अमिताभ बच्चन के साथ की बॉलीवुड में शुरुआत

दक्षिण सिनेमा में कॅरियर शुरू करने के करीब आठ साल बाद रजनीकांत ने बॉलीवुड का रुख किया। उनकी पहली हिंदी फिल्म 'अंधा कानून' थी। साल 1983 में रिलीज हुई इस फिल्म में रजनीकांत ने हेमा मालिनी, अमिताभ बच्चन, प्राण, अमरीश पुरी और डैनी डेंगजोंग्पा जैसे कलाकारों के साथ काम किया है। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर जबर्दस्त रही। इसने बजट से करीब चार गुना अधिक कारोबार किया है।

### फिल्मों में आने से पहले थे बस कंडक्टर

फिल्मों में आने से पहले रजनीकांत का जीवन काफी संघर्षमय था। फिल्मों में आने से पहले रजनीकांत एक कुली और बस कंडक्टर रह चुके हैं। उन्होंने ऑफिस बॉय के रूप में भी नौकरी की। हालांकि, बस कंडक्टर रहते हुए रजनी के टिकट बेचने का तरीका काफी स्टाइलिश था, जिसकी वजह से वो यात्रियों और बस ड्राइवर्स व कंडक्टरों में काफी मशहूर भी थे।

### निम्मी के प्यार में थे 'थलाइवा'

हीरो बनने से पहले जब रजनीकांत बस कंडक्टर थे, उस वक्त वो एक लड़की के प्यार में थे। लड़की का नाम निर्मला था, लेकिन रजनीकांत उन्हें प्यार से निम्मी बुलाते थे। रजनीकांत ने अपनी बायोग्राफी 'द नेम इज रजनीकांत'में इस किस्से का जिक्र किया है। रजनीकांत आज जो भी हैं, वो निम्मी की वजह से ही हैं। निर्मला एमबीबीएस की स्टूडेंट थीं। रजनीकांत अक्सर उनसे मिलते थे। निम्मी ने ही रजनीकांत को अभिनय कोर्स करने के लिए प्रोत्साहित किया था। रजनीकांत, निम्मी के साथ शादी के सपने देखने लगे थे, लेकिन किस्मत को कुछ और ही मंजूर था।

### 10 साल में कर डालीं 100 फिल्में

रजनीकांत के कॅरियर की गाड़ी चल पड़ी तो उनके पास फिल्मों के भी खूब ऑफर आने लगे। इस बात का अंदाजा इसी से लगा सकते हैं कि अपने कॅरियर के 10 वर्षों में उन्होंने 100 फिल्में पूरी कर डालीं। अभिनेता की 100वीं फिल्म 'श्री राघवेंद्र' थी, जिसमें उन्होंने हिंदू संत राघवेंद्र स्वामी का किरदार अदा किया।

## खबर संक्षेप

### कुशवाहा की आरएलएम में टूट का खतरा?



**पटना।** बिहार से राज्यसभा सांसद उपेंद्र कुशवाहा की पार्टी राष्ट्रीय लोक मोर्चा में टूट का खतरा बढ़ गया है। कुशवाहा के बेटे दीपक प्रकाश को नीतीश सरकार में मंत्री बनाए जाने से नाराज कई नेता पार्टी छोड़ चुके हैं। अब रालोमो के विधायक रामेश्वर महतो के एक फेसबुक पोस्ट ने सियासी सनसनी मचा दी है। महतो के पार्टी नेतृत्व से अनबन की अटकलें लगाई जाने लगी हैं।

### मदरसा के मौलाना की गोली मारकर हत्या



**रायबरेली।** जिले में शुक्रवार को मदरसे के मौलाना की गोली मारकर हत्या कर दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना की जानकारी ली। डीह क्षेत्र के उत्तरी पाठक मजरे बिरनावा गांव निवासी मौलाना मुर्तजा की हत्या हुई है। वह पूरे जालिम गांव स्थित मदरसा में मौलाना थे। बताया गया कि वह अपनी बेटी को लेकर बाइक से घर लौट रहे थे।

### रामगोपाल की हत्या के दोषी सरफराज को फांसी



**बहराइच।** जिले के महराजगंज बाजार में रामगोपाल मिश्र हत्याकांड में गुरुवार की शाम सजा सुना दी गई है। हत्याकांड के मुख्य दोषी सरफराज को फांसी की सजा सुनाई गई, जबकि नौ अन्य दोषियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई। फैसले की खबर न्यायालय से बाहर आते ही अफरा-तफरी का माहौल हे।

# यह आयोजन अध्यात्म और कर्मयोग का दिव्य संगमः बिरला

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

- भारत मंडपम में दो दिवसीय इंटरनेशनल जनमंगल सम्मेलन

भारत मंडपम में दो दिवसीय इंटरनेशनल जनमंगल सम्मेलन आयोजित किया गया, जिसमें योग और उपवास के दो प्रसिद्ध संतों- योग ऋषि स्वामी रामदेव और जैन संत अंतर्मना आचार्य प्रसन्न सागर महाराज के दिव्य मार्गदर्शन में, एक जन आंदोलन हर मास-एक उपवास (हर महीने 7 तारीख को एक बार उपवास) शुरू किया गया। यह द्वि-दिवसीय सम्मेलन 4 सत्रों में जनमंगल की सम्यग्दृष्टि - उपवास, ध्यान, योग व स्वदेशी चिंतन पर केन्द्रित है। सम्मेलन का अध्यक्षीय उद्बोधन देते हुए लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने कहा भारत मण्डपम की यह भूमि आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक विज्ञान की अद्भुत साक्षी बन रही है। यह आयोजन अध्यात्म और कर्मयोग का दिव्य संगम है जो निश्चित ही देश व दुनिया को नया संदेश देगा। देश की राजधानी दिल्ली से देश को संदेश जाएगा और देश से दुनिया तक यह बात पहुंचेगी। जहां एक ओर आचार्य प्रसन्न सागर जी महाराज आध्यात्मिक ज्ञान का दर्शन देकर आत्म विकास का मार्ग बता रहे हैं तो वहीं दूसरी ओर स्वामी रामदेव जी महाराज कर्मयोग, भारतीय शिक्षा, स्वदेशी जीवन और योग विज्ञान के माध्यम से देश व दुनिया को स्वास्थ्य प्रदान कर रहे हैं। बिरला ने कहा कि उपवास से शरीर व मन स्वस्थ रहते हैं, इससे इन्द्रियों को वश में किया जा सकता है।



### उपवास से शरीर, मन और अंतःकरण की शुद्धिः रामदेव

स्वामी रामदेव ने कहा कि हर मत, पंथ, परम्परा, धर्म, अनुष्ठान और शुभ प्रसंग में उपवास का समान रूप से प्रावधान और महत्व है। उपवास से शरीर, मन और अंतःकरण की शुद्धि होती है, जिससे मनुष्य जीते जी जीवन से मुक्त हो जाता है। उपवास से मनुष्य सहज योग व सहज समाधि को उपलब्ध हो जाता है। शरीर के तप, वांग्मय तप और मन के तप की सिद्धि उपवास उपासना से होती है। आचार्य प्रसन्न सागर जी महाराज ने 557 दिवस तक निरंतर तथा अपने जीवनकाल में अभी तक 18 वर्ष उपवास करके (और अब तक 3500 से ज़्यादा उपवास सिद्ध कर के) उपवास शिरोमणी की प्रतिष्ठा प्राप्त की है।

### उपवास से फैटी लिवर का उपचार संभव : सरीन

सुप्रसिद्ध लिवर विशेषज्ञ डॉ. एस. के. सरीन ने उपवास के वैज्ञानिक पक्ष को सामने रखते हुए उपवास की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि उपवास से फैटी लिवर के साथ-साथ विभिन्न लिवर रोगों का उपचार संभव है। उपवास से ऑटोफेजी अर्थात शरीर में सेल्फ रिपेयर की क्षमता बढ़ती है।

## कर्मचारी अपनी मांगें बातचीत के जरिए रखें

# यूपी में 6 महीने तक हड़ताल पर पूरी तरह रोक योगी सरकार ने एस्मा लागू कर लगाई सख्त पाबंदी

योगी सरकार ने एस्मा लागू कर अगले 6 महीनों तक हड़ताल पर रोक लगा दी है. सभी सरकारी विभागों में बंदी, प्रदर्शन और सामूहिक अवकाश को प्रतिबंधित किया गया है.

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

यूपी सरकार ने प्रदेश में हड़तालों पर कड़ी कार्रवाई करते हुए अगले 6 महीनों तक किसी भी तरह की हड़ताल पर पूरी तरह रोक लगा दी है। यह रोक एस्मा 1966 के तहत लागू की गई है। आदेश जारी होते ही यह नियम प्रदेश के सभी सरकारी कार्यालयों, निगमों, प्राधिकरणों और स्थानीय निकायों पर लागू हो गया है।

नियुक्ति एवं कार्मिक विभाग के प्रमुख सचिव एम देवराज की ओर से जारी अधिसूचना में साफ कहा गया है कि अगले 6 महीने तक कोई भी सरकारी कर्मचारी हड़ताल की घोषणा नहीं कर सकेगा और न ही किसी भी तरह की हड़ताल में हिस्सा ले सकेगा। यदि कोई कर्मचारी नियम तोड़ता है, तो उसके खिलाफ एस्मा के तहत कार्रवाई की जा सकती है, जिसमें सख्त दंड का प्रावधान है।

**खास बातें**

- हड़ताल करने पर होगी कानूनी कार्रवाई
- जनता की रोजमर्रा की जरूरतों को पूरा करने के लिए यह सख्त कदम उठाना जरूरी था

### हड़तालों से सेवाएं हो रही थी प्रभावित



सरकार के मुताबिक, पिछले कुछ दिनों से कई विभागों में कामकाज लगातार प्रभावित हो रहा था। इससे आम लोगों को दिक्कतें बढ़ रही थीं। स्वास्थ्य, बिजली, पानी, परिवहन, सफाई और प्रशासन जैसे विभागों में हड़तालों के कारण सेवाएं बाधित हो रही थीं। सरकार का कहना है कि जनहित सबसे पहले है और जनता की रोजमर्रा की जरूरतों को पूरा करने के लिए यह सख्त कदम उठाना जरूरी था।

### कर्मचारियों पर क्या असर पड़ेगा?

एस्मा लागू होने के बाद कर्मचारी हड़ताल की घोषणा नहीं कर सकते, किसी आंदोलन का हिस्सा नहीं बन सकते, नियम तोड़ा तो कार्रवाई झेलनी पड़ सकती है। एस्मा में निलंबन सहित अन्य दंडात्मक कार्रवाई का भी प्रावधान है। सरकार ने कर्मचारियों से अपील की है कि वे अपनी मांगें बातचीत के जरिए रखें और जनता को होने वाली दिक्कतों को ध्यान में रखें। सरकार का कहना है कि यह फैसला किसी की आवाज दबाने के लिए नहीं, बल्कि सेवाओं को सुचारु रखने के लिए लिया गया है।

### किन पर लागू होगा एस्मा?

एस्मा राज्य सरकार के सभी दफ्तर, सरकारी निगम, विकास प्राधिकरण, नगर निगम और स्थानीय निकाय, प्रदेश सरकार के नियंत्रण वाले सभी विभाग, इन सभी जगहों पर अब किसी भी तरह की बंदी, धरना, प्रदर्शन या सामूहिक अवकाश को हड़ताल माना जाएगा और प्रतिबंधित रहेगा।

# बालू के अवैध खनन को लेकर सिन्हा-चौधरी के बीच शीत युद्ध

एजेंसी ▶▶ पटना



उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय सिन्हा के बीच बालू के अवैध खनन को लेकर शीतयुद्ध चल रहा है। दोनों आमने-सामने की लड़ाई नहीं लड़ रहे हैं, लेकिन अवैध खनन के मामले में एक दूसरे के विभागों को संकेत में जिम्मेवार भी ठहरा रहे हैं। सम्राट गृह मंत्री हैं। इसी विभाग को कानून व्यवस्था की जवाबदेही है। पुलिस उन्हीं के पास है।

**पुलिस पर बालू माफियाओं की मदद करने का आरोप**

सिन्हा खनन एवं भूतत्व विभाग के मंत्री हैं। वे पुलिस पर बालू माफियाओं की मदद करने का खुला आरोप लगा रहे हैं। इसी बुधवार को उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने आर्थिक अपराध इकाई में एक टास्क फोर्स का गठन किया। इसे बालू के अवैध कारोबार के अलावा जमीन माफिया की संपत्ति व गठजोड़ का पता लगाने की जिम्मेवारी दी गई है।

टास्क फोर्स का नेतृत्व डीआईजी डॉ. मानवजीत सिंह ढिल्लो कर रहे हैं।

बालू माफियाओं पर कार्रवाई के लिए खनन एवं भूतत्व विभाग में भी एक विकसित तंत्र है।

### शिकायत मिलने पर तुरंत कार्रवाई हो

उन्होंने जिलाधिकारियों और पुलिस अधीक्षकों को कहा है कि खनन विभाग की टीम को हर जिले से पर्याप्त सहयोग मिले। शिकायत मिले तो तुरंत कार्रवाई हो। कुल मिलाकर ही बालू के अवैध खनन को लेकर दोनों उप मुख्यमंत्रियों का विभाग अलग-अलग अभियान चला रहा है, क्योंकि अतीत में दोनों विभागों-पुलिस और खनन के अधिकारियों का नाम बालू के खेल में आता रहा है। गृह और खनन मंत्रालय की जिस तरह अलग-अलग तैयारी हो रही है, भविष्य में इन दोनों के बीच टकराव की आशंका से इंकार नहीं किया जा सकता है।

## पेज एक का शेष

### प्रीह विहार मंदिर...

दुर्भाग्यपूर्ण है और यह भारत के लिए एक चिंता का मामला है।

### मंदिर के संरक्षण...

परिचय दें और तमाम तरह की शत्रुता को खत्म करने के लिए आवश्यक कदम उठाएं। क्योंकि इसी से तनाव को और अधिक बढ़ने से रोका जा सकता है। दोनों पक्षों को संवाद और शांति के रास्ते पर लौटने की अपील भी भारत की तरफ से की गई है।

**प्रीह विहार मंदिर का महत्वः** गौरतलब है कि प्रीह विहार कंबोडिया-थाईलैंड सीमा पर डांगरेक पर्वत श्रृंखला की चोटी पर स्थित एक प्राचीन और भव्य हिंदू मंदिर है, जो भगवान शिव को समर्पित है। इसका निर्माण 11वीं और 12वीं शताब्दी में खमेर साम्राज्य के दौरान किया गया था। मूल रूप से इसकी भौगोलिक स्थिति यानी लोकेशन ही इससे जुड़े विवाद की बड़ी वजह रही है। दोनों देश मंदिर, उसके आसपास की जमीन और सीमा पर अपना दावा करते हैं। प्रीह विहार का हिंदी में अर्थ 'देवताओं का विहार' होता है। प्रीह विहार मंदिर अपनी असाधारण वास्तुकला, नक्काशी के लिए दुनियाभर में विख्यात है। इसे देखने पर भारतीय संस्कृति की झलक देखने को मिलती है।

### किसी तीसरे देश के ...

कच्चा तेल, पेट्रोलियम उत्पाद, एलएनजी खरीदते हैं और उन्हें पेट्रोलियम उत्पाद बेचते भी हैं। भारत उम्मीद करता है कि ये हाइड्रोकार्बन सहयोग आगामी वर्षों में भी बना रहेगा। हमारा ये मानना है कि ओमान या अन्य देश के साथ हमारे संबंधों को किसी तीसरे देश के चश्मे से नहीं देखा जाना चाहिए। ओमान में रह रहे 6 लाख 76 हजार 781 भारतीयों में से 5 लाख से ज्यादा भारतीय वर्कर हैं। जो निर्माण, मैन्युफैक्चरिंग, शिपिंग, हेल्थकेयर, कृषि, यातायात जैसे निजी क्षेत्र में काम कर रहे हैं। ओमान में 'ओमानाइजेशन नीति' का मुद्दा है। जिसमें हमारा मानना है कि ओमान सरकार अपने इंफ्रास्ट्रक्चर प्लान के तहत लगातार कौशलयुक्त लोगों को रोजगार प्रदान करेगी। जिससे उसकी आर्थिक प्रगति होगी। भारत की अपेक्षा है कि यही मांग लगातार बनी रहेगी और ओमान सरकार मौजूदा, नए-उभरते हुए क्षेत्रों में भी भारतीयों को नियुक्त करती रहेगी।

### भारत-ओमान के...

रहे हैं। समझौते से जुड़े कई दस्तावेजों को दोनों तरफ से अंतिम अनुमति मिलने का इंतजार है। अगर पीएम के दौरे में यह समझौता होता है। तो निश्चित रूप से यह हमारे व्यापारिक संबंधों को सराहनीय रूप से और अधिक गहराई प्रदान करेगा। साथ ही ये भारत, ओमान के व्यापार और वाणिज्यिक संबंधों के इतिहास में भी एक नए अध्याय की शुरुआत करेगा।

### जॉर्डन में गाजा के...

जारी प्रयासों के समर्थन में हैं। इथोपिया से बढ़ेगा व्यापार मल्होत्रा ने कहा कि इथोपिया अफ्रीका का एक महत्वपूर्ण देश होने के साथ ही वहां पर अफ्रीकी संघ का मुख्यालय भी है। इथोपिया में बीते वक्त में व्यापक आर्थिक सुधार की कवायद जारी है। भारत भी इस प्रक्रिया से जुड़कर द्विपक्षीय संबंधों-व्यापार को बढ़ावा देना चाहता है।

**पीएम की यात्रा की खास बातेंः** जॉर्डन- प्रधानमंत्री मोदी 15 दिसंबर को जॉर्डन की राजधानी अम्मान पहुंचेंगे। जहां उनकी किंग अब्दुल्ला के साथ द्विपक्षीय-प्रतिनिधिमंडल स्तर की बैठक होगी। 16 दिसंबर को दोनों नेता भारत-जॉर्डन बिजनेस कार्यक्रम को संबोधित करेंगे। जिसमें दोनों देशों के व्यापारिक प्रतिनिधिमंडल भी होंगे। भारतीय समुदाय को पीएम संबोधित करेंगे। साथ ही प्रधानमंत्री जॉर्डन के किंग के साथ ऐतिहासिक पेट्रा शहर की यात्रा भी करेंगे। इथोपिया- 16 से 17 दिसंबर तक पीएम इथोपिया की पहली राजकीय यात्रा पर रहेंगे। 2011 के बाद किसी भारतीय प्रधानमंत्री की पहली यात्रा होगी। पीएम मोदी और इथोपिया के पीएम के बीच द्विपक्षीय-प्रतिनिधिमंडल स्तर की बैठक होगी। प्रधानमंत्री मोदी इथोपिया की संसद के संयुक्त सत्र को भी संबोधित करेंगे, भारतीय समुदाय से उनकी मुलाकात होगी। दोनों देशों के बीच कई एमओयू, समझौते भी होंगे। ओमान- 17 से 18 दिसंबर तक पीएम ओमान की यात्रा करेंगे। जहां ओमान के सुल्तान के साथ उनकी द्विपक्षीय बैठक होगी। बिजनेस लीडर्स और भारतीय समुदाय को भी पीएम मोदी संबोधित करेंगे। दोनों देशों के बीच कई दस्तावेजों पर हस्ताक्षर किए जाएंगे।

### पूछा, कार्तिगई दीपम...

लगाए। अनुराग ठाकुर ने कहा, 'हिंदू श्रद्धालुओं पर लाठियां बरसाई गईं। कोर्ट के आदेश के बावजूद उन्हें महादीपम जलाने के अनुमति नहीं दी गई। मेरा सवाल है कि पुलिस ने हाईकोर्ट के आदेश क्यों नहीं माने? हिंदुओं को क्यों रोका गया?' अनुराग ठाकुर ने कहा कि तमिलनाडु सरकार की ओर से हाईकोर्ट के निर्देश की अवमानना की गई। उन्होंने कहा कि राम मंदिर का मामला हो या कार्तिगई दीपम का तमिलनाडु सरकार की ओर से हिंदू श्रद्धालुओं को क्यों रोका जाता है?

### मुख्यमंत्री नायब सिंह...

अनियमितताओं की सूचना फोटो, वीडियो या दस्तावेज़ों के साथ अपलोड कर सकते हैं। ऐप यह सुनिश्चित करता है कि सूचना देने वाले की पहचान संबंधित फील्ड अधिकारियों को न दिखाई दे। प्राप्त सूचना पर विभागीय अधिकारी आवश्यक जांच व कार्रवाई करेंगे। मुख्यमंत्री ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इससे स्वैच्छिक रिपोर्टिंग को बढ़ावा मिलेगा और जीएसटी प्रशासन में पारदर्शिता मजबूत होगी। इसके अलावा, सैनी ने छः नई ऑनलाइन आबकारी सेवाओं का शुभारंभ किया। ये सेवाएँ एथेनॉल, अतिरिक्त अल्कोहल (ईएनए) और डिनेचर्ड स्प्रिट से संबंधित अनुमतियों के लिए विकसित की गई हैं। अब व्यापारिक इकाइयाँ एथेनॉल और ईएनए के आयात निर्यात तथा डिनेचर्ड स्प्रिट के निर्यात आयात की अनुमति ऑनलाइन आवेदन के माध्यम से प्राप्त कर सकेंगी। इस प्रणाली में आवेदक आवेदन की स्थिति देख सकते हैं और डिजिटल हस्ताक्षरित अनुमति पत्र डाउनलोड कर सकते हैं। बैठक में बताया गया कि वास्तविक समय में डैशबोर्ड के माध्यम से माल की आवाजाही, अनुमतियों की समय-सीमा और अनुपालन की निगरानी की जा सकेगी। यह व्यवस्था कागजी कार्यवाही कम करेगी, दुरुपयोग की संभावनाएं रोकेंगी और उद्योगों को तेज व पारदर्शी सेवाएँ प्रदान करेगी। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि अन्य आबकारी सेवाओं जैसे ब्रांड लेबल पंजीकरण और लाइसेंसिंग मॉड्यूल को भी शीघ्र ऑनलाइन किया जाए, ताकि विभागीय प्रक्रियाओं को पूरी तरह तकनीक-आधारित बनाया जा सकेगा। चालू वित्त वर्ष में नवंबर तक कुल जीएसटी संग्रह 83,606 करोड़, जो पिछले वर्ष की तुलना में 7 प्रतिशत अधिक मुख्यमंत्री ने आबकारी एवं कराधान विभाग की कार्यप्रणाली की भी समीक्षा की। बैठक में विभाग के राजस्व प्रदर्शन, प्रवर्तन कार्रवाइयों, लंबित वसूली, तथा जीएसटी, वैट और आबकारी क्षेत्र में चल रहे डिजिटल सुधारों की प्रगति का विस्तृत मूल्यांकन किया गया। बैठक में जानकारी दी गई कि हरियाणा ने पूरे देश में नेट एसजीएसटी संग्रह में सर्वाधिक 21 प्रतिशत वृद्धि दर्ज की है, जबकि राष्ट्रीय औसत 6 प्रतिशत है। नवंबर 2025 में राज्य का नेट एसजीएसटी संग्रह 3,835 करोड़ रहा, जो पिछले वर्ष नवंबर के मुकाबले 17 प्रतिशत अधिक है। चालू वित्त वर्ष में नवंबर तक कुल जीएसटी संग्रह 83,606 करोड़ रहा, जो पिछले वर्ष की तुलना में 7 प्रतिशत अधिक है और राष्ट्रीय औसत 5.8 प्रतिशत से बेहतर है। बढ़ते राजस्व के आधार पर हरियाणा की रैंकिंग भी सुधारकर चौथे स्थान पर पहुंच गई है। अधिकारियों ने बताया कि राज्य में 6,03,389 जीएसटी पंजीकृत करदाता हैं, जिनमें 2018 से 2025 के बीच 6.11 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि दर्ज हुई है।

विभाग ने QR-आधारित ट्रैक एंड ट्रेस प्रणाली, होलोग्राम प्रमाणीकरण, मैन्युफैक्चरिंग यूनिटों पर एएनपीआर कैमरे और बूम बैरियर, डिस्टिलरी में टेलीमेट्री आधारित वास्तविक समय मॉनिटरिंग तथा ऑनलाइन लाइसेंसिंग मॉड्यूल पर भी प्रगति की जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि इन डिजिटल सुधारों को तेज गति से लागू किया जाए और इनके प्रभाव की नियमित समीक्षा की जाए ताकि पारदर्शिता, अनुपालन और सेवा-प्रदर्शन में स्पष्ट सुधार दिखाई दे। बैठक में मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव राजेश खुल्लर, आबकारी एवं कराधान विभाग की आयुक्त एवं सचिव श्रीमती आशिमा बराड़, आबकारी एवं कराधान आयुक्त विनय प्रताप सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### मुख्यमंत्री नायब...

करने के बाद अमित शाह अटल पार्क में ही आयोजित विशाल रक्तदान शिविर का उद्घाटन करेंगे। इसके साथ ही वे प्रदेश भाजपा कार्यालय 'पंचकमल' में लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन भी करेंगे। उन्होंने बताया कि इसके उपरांत गृह मंत्री अमित शाह ताऊ देवी लाल खेल स्टेडियम, सेक्टर-3 में आयोजित 5 हजार पुलिस कर्मियों की पासिंग आउट परेड की सलामी लेंगे। शाह इसी दिन आयोजित होने वाले 'वीर बाल दिवस' कार्यक्रम में भी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। संसद में कांग्रेस पार्टी द्वारा उठाए गए वोट चोरी के मुद्दे से संबंधित एक प्रश्न के उत्तर में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि विपक्ष मुद्दाविहीन हो चुका है और कांग्रेस पार्टी झूठ बोलकर देश की जनता को गुमराह करने का प्रयास कर रही है। लेकिन अब जनता उनके बहकावे में आने वाली नहीं है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी संवैधानिक संस्थाओं को कमजोर करने वाली बातें कर रहे हैं। आने वाले 40–50 वर्षों तक कांग्रेस का देश में कोई भविष्य नहीं है। एक अन्य प्रश्न के उत्तर में मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति की रक्षा और सुरक्षा की जिम्मेदारी पुलिस की है। इस संबंध में पुलिस को सख्त निर्देश जारी किए जा चुके हैं और पुलिस पूरी मुस्तैदी से काम कर रही है। किसी व्यक्ति को सुरक्षा प्रदान करनी है या नहीं, इसका आकलन पुलिस विभाग द्वारा किया जाता है। एक अन्य प्रश्न के उत्तर में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को सुलभ चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करवाना सरकार की प्राथमिकता है। इस कार्य में चिकित्सकों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। हाल ही में हरियाणा में आयुष्मान/चिरायु योजना के तहत विशेष अभियान चलाकर सर्जरी से संबंधित लंबित मामलों को शून्य कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि सरकार चिकित्सकों की समस्याएँ सुनती है और उनके समाधान के लिए निरंतर कार्य कर रही है। चिकित्सकों को अतिरिक्त इंसेंटिव भी दिए जा रहे हैं।

### यूपीएससी ने सभी ...

पांच वर्षों के परीक्षा केंद्रों के आंकड़ों का विश्लेषण करने के बाद, हमने पाया कि दिल्ली, कटक, पटना, लखनऊ और अन्य जैसे कुछ केंद्र आवेदकों की अधिक संख्या के कारण बहुत जल्दी अपनी क्षमता की अधिकतम सीमा तक पहुंच जाते हैं। इससे दिव्यांग उम्मीदवारों के लिए चुनौतियां सामने आती हैं और उन्हें ऐसे केंद्रों का चयन करने के लिए मजबूर होना पड़ता है जो उनके लिए सुविधाजनक नहीं होते। इस निर्णय से अब प्रत्येक दिव्यांग उम्मीदवार को अपने पसंदीदा केंद्र का आश्वासन मिलेगा, जिससे यूपीएससी परीक्षा में शामिल होने के दौरान उन्हें अधिकतम सुविधा और सहजता सुनिश्चित होगी।

### राष्ट्रीय मखाना बोर्ड ...

की बैठक में इस बात पर बल दिया गया कि राज्यों की बीज की ज़रूरत को पूरा करने के लिए एसएयू सबौर और सीएयू समस्तीपुर, बिहार को इस वर्ष और अगले वर्ष आपूर्ति करनी होगी। राज्य कृषि विश्वविद्यालय, केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय, बिहार और एनआरसी मखाना दरभंगा, अलग-अलग राज्यों के प्रशिक्षकों को मखाना मूल्य श्रृंखला के अत्याधुनिक प्रौद्योगिकीय पहलुओं का प्रशिक्षण देंगे, ताकि पारंपरिक और गैर-पारंपरिक इलाकों में मखाना की खेती को आसान बनाया जा सके। बोर्ड ने ज़रूरत के हिसाब से अनुसंधान, खेती और प्रसंस्करण के लिए प्रौद्योगिकी के विकास, ग्रेडिंग, ड्राइंग, पॉपिंग और पैकेजिंग के लिए अवसंरचना, खेती के नए तरीकों को बढ़ावा देने, मूल्य संवर्धन, ब्रांडिंग, मार्केट लिंकेज और निर्यात की तैयारी पर भी ज़ोर दिया।

उद्देश्य से अलग-अलग हिस्सों के लिए बजट आवंटित किए। बोर्ड

### पूर्व गृहमंत्री शिवराज...

हमलों के दौरान उन्हें काफी आलोचना झेलनी पड़ी। देश में इतने बड़े संकट के बावजूद शिवराज ने एक ही दिन में कई बार ड्रेस बदली। इसके लिए उनकी आलोचना हुई।

### उदारीकरण का लाभ ...

रूप से काम करने की अनुमति मिलती है, जिससे मांग और आपूर्ति अपनी स्वाभाविक भूमिका निभा पाती हैं। अंततः, इसका सबसे अधिक लाभ यात्रियों को ही मिलता है।

### नियंत्रण मुक्त होने...

चाहते हैं, तो सबसे पहली आवश्यकता इसे नियंत्रण मुक्त रखना है ताकि अधिक खिलाड़ी बाजार में प्रवेश कर सकें।


रेलयात्री कृपया ध्यान दें!

महत्वपूर्ण सूचना

रेलयात्रियों की संख्या में वृद्धि को देखते हुए रेलवे द्वारा निम्नलिखित विशेष रेलगाड़ियां संचालित करने का निर्णय लिया गया है, जिनका विवरण निम्नानुसार हैः–

**रेलगाड़ी सं. 02417/02418 प्रयागराज – नई दिल्ली – प्रयागराज विशेष एक्सप्रेस रेलगाड़ी** (03 फेरे)

| गाड़ी सं. 02417 आगमन | गाड़ी सं. 02417 प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | गाड़ी सं. 02418 आगमन | गाड़ी सं. 02418 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 23:20 | प्रयागराज | 04:30 | ---- |
| 11:40 | ---- | नई दिल्ली | ---- | 14:00 |

चलने के दिनः **02417 प्रयागराज** से दिनांक 14.12.2025 को और **02418 नई दिल्ली** से दिनांक 13.12.2025 एवं 15.12.2025 को।
ठहरावः फ़तेहपुर, गोविंदपुरी, इटावा जं., टूण्डला जं. एवं अलीगढ जं. स्टेशन।
स्थानः प्रथम वाता., वाता. 2 टियर, वाता. 3 टियर, वाता. 3 टियर इकॉनोमी, शयनयान एवं सामान्य श्रेणी।

**रेलगाड़ी सं. 04081/04082 नई दिल्ली – श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा – नई दिल्ली विशेष एक्सप्रेस रेलगाड़ी** (03 फेरे)

| गाड़ी सं. 04081 आगमन | गाड़ी सं. 04081 प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | गाड़ी सं. 04082 आगमन | गाड़ी सं. 04082 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 23:45 | नई दिल्ली | 10:00 | ---- |
| 12:00 | ---- | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | ---- | 21:20 |

चलने के दिनः **04081 नई दिल्ली** से दिनांक 13.12.2025 को एवं **04082 श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा** से दिनांक 13.12.2025 और 14.12.2025 को
ठहरावः पानीपत जं., कुरूक्षेत्र जं., अंबाला छावनी, लुधियाना जं., जलंधर छावनी, पठानकोट छावनी, जम्मू तवी, शहीद कप्तान तुषार महाजन स्टेशन।
स्थानः वाता. 3 टियर इकॉनोमी एवं सामान्य श्रेणी।

**रेलगाड़ी सं. 04062/04061 दिल्ली सराय रोहिल्ला – साबरमती – दिल्ली सराय रोहिल्ला विशेष एक्सप्रेस रेलगाड़ी** (08 फेरे)

| गाड़ी सं. 04062 आगमन | गाड़ी सं. 04062 प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | गाड़ी सं. 04061 आगमन | गाड़ी सं. 04061 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 08:10 | दिल्ली सराय रोहिल्ला | 23:30 | ---- |
| 00:30 | ---- | साबरमती | ---- | 05:15 |

चलने के दिनः **04062 दिल्ली सराय रोहिल्ला** से दिनांक 21, 24, 27 एवं 30.12.2025 को और **04061 साबरमती** से दिनांक 22, 25, 28 एवं 31.12.2025 को।
ठहरावः दिल्ली छावनी, गुड़गांव, रेवाड़ी जं., अलवर जं., बांदीकुई जं., गांधीनगर जयपुर, जयपुर जं., किशनगढ़, अजमेर जं., ब्यावर, मारवाड़ जं., फालना, आबू रोड एवं पालनपुर जं. स्टेशन।
स्थानः प्रथम वाता., वाता. 2 टियर, वाता. 3 टियर, वाता. शयनयान एवं सामान्य श्रेणी।

**रेलगाड़ी सं. 08403/08404 पुरी – दिल्ली जं. – भुवनेश्वर विशेष एक्सप्रेस रेलगाड़ी** (02 फेरे)

| गाड़ी सं. 08403 आगमन | गाड़ी सं. 08403 प्रस्थान | स्टेशन | गाड़ी सं. 08404 आगमन | गाड़ी सं. 08404 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 11:45 | पुरी | ---- | ---- |
| 13:30 | 13:35 | भुवनेश्वर | 06:30 | ---- |
| 20:30 | ---- | दिल्ली जं. | ---- | 23:00 |

चलने के दिनः **08403 पुरी से** दिनांक 15.12.2025 को और **08404 दिल्ली जं.** से दिनांक 16.12.2025 को।
ठहरावः खोरधा रोड (केवल रेलगाड़ी संख्या 08403 के लिए), भुवनेश्वर, कटक जं., जाजपुर केन्द्रुझर रोड, भद्रक, बालेश्वर, जालेश्वर, हिजली, मेदिनीपुर, बिष्णुपुर, बांकुड़ा, आद्रा जं., नेताजी सुभाष चंद्र बोस गोमोह, पारसनाथ, कोडरमा, गया जं., डेहरी ऑनसोन, सासाराम जं., पंडित दीन दयाल उपाध्याय जं., मिर्जापुर, प्रयागराज जं., फतेहपुर, गोविंदपुरी, टूण्डला जं. एवं अलीगढ़ जं. स्टेशन।
स्थानः वाता. 2 टियर, वाता. 3 टियर, वाता. शयनयान एवं सामान्य श्रेणी।

रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी जानकारी के लिए कृपया रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES ऐप देखें।

पर हमें फॉलो करें
उत्तर रेलवे
आपकी सुविधा–हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

चिंतन

# अब बर्थ टूरिज्म पर ट्रंप की टेढ़ी नजर

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप लगातार इमिग्रेशन नियमों को सख्त करते जा रहे हैं। इससे भारत समेत तमाम देशों पर असर पड़ रहा है। इस साल जनवरी से अब तक करीब 85,000 वीजा रद्द किए जा चुके हैं। इनमें 8,000 से ज्यादा छात्र शामिल हैं। वीजा रद्द करने का आधार नशे में गाड़ी चलाना, चोरी और हमला जैसे अपराध बताया गया है। अब ट्रंप की टेढ़ी नजर 'बर्थ टूरिज्म' पर है। 'बर्थ टूरिज्म' उसे कहा जाता है, जब बच्चे को जन्म देने के उद्देश्य से मां-बाप किसी दूसरे देश की यात्रा करते हैं। इससे बच्चे को पैदा होते ही वहां की नागरिकता मिल जाती है। अमेरिका में 14वें संशोधन के तहत, अमेरिका में जन्म लेने वाले बच्चे स्वतः अमेरिकी नागरिक बन जाते हैं। यह बदलाव भारतीय प्रवासियों के लिए चिंता का विषय है, खासकर उन लोगों के लिए जो अमेरिका में रह रहे हैं या वहां जाने की योजना बना रहे हैं। अब ट्रंप प्रशासन ने उन महिलाओं को वीजा नहीं देने का फैसला लिया है, जो महज अमेरिकन नागरिकता पाने के लिए वहां जाकर बच्चे को जन्म देना चाहती हैं। ट्रंप प्रशासन ने ऐसे आवेदकों को बी-1/बी-2 टूरिस्ट वीजा जारी करने पर रोक लगा दी है, जिन पर बच्चे को जन्म देने के लिए यात्रा करने का शक है। अब अगर कोई महिला गर्भावस्था के ऐसे वक्त में ट्रैवल वीजा मांगती है, जब अमेरिका में रहने के दौरान वह मां बन सकती है तो ऐसे में उसका वीजा रद्द किया जा सकता है। 'बर्थ टूरिज्म' रोकने के लिए ट्रंप प्रशासन के इस ऐलान के बाद वीजा के लिए अप्लाई करने वाली शादीशुदा या प्रेग्नेंट महिलाओं की जांच-पड़ताल बढ़ जाएगी। हालांकि ट्रंप का आदेश अभी लागू नहीं हुआ है, क्योंकि इसे कानूनी चुनौती का सामना करना पड़ रहा है। यह फैसला लागू होता है तो इससे भारतीय बड़े पैमाने पर प्रभावित हो सकते हैं। चूंकि अमेरिका में आईटी और हॉस्पिटैलिटी सेक्टर में भारतीय बड़ी संख्या में नौकरी करते हैं। ऐसे भारतीयों के परिवार लगातार यात्रा करते हैं। ट्रंप प्रशासन का फैसला उन भारतीय महिलाओं की मुश्किल बढ़ाएगा, जो गर्भवती होते हुए वीजा चाहती हैं। हालांकि उनका बर्थ टूरिज्म जैसा कोई इरादा नहीं है। देखने में आ रहा है कि ट्रंप प्रशासन अवैध प्रवासियों और वीजा के मामले में लगातार सख्ती बढ़ाता जा रहा है। वीजा फीस बढ़ाने जैसे कई फैसले हालिया महीनों में लिए जा चुके हैं। इससे पहले अमेरिका का नया वीजा नियम सीधा लोगों की सोशल मीडिया प्रोफाइल से जुड़ा है। अब एच-1बी वीजा लेने वाले, या पहले से काम कर रहे लोग और उनके परिवार तक, वीजा जांच में अपने फेसबुक, इंस्टाग्राम, एक्स और लिंक्डइन को पब्लिक रखना होगा। मतलब, अमेरिकी अधिकारी आपके पुराने पोस्ट, फोटो, कमेंट, यहां तक कि आपका रिज्यूमे भी चेक कर सकते हैं। इसी वजह से भारतीय वीजा आवेदकों में डर फैल गया है, क्योंकि अमेरिका में 70 फीसदी से ज्यादा एच-1बी वीजा भारतीयों को मिलते हैं। वहीं, एच-4 वीजा पर काम करने वाले लोग भी 90 फीसदी तक भारतीय हैं। हालांकि अमेरिका का कहना है कि यह नियम अमेरिकी नागरिकता के दुरुपयोग को रोकने के लिए है, लेकिन इसका बड़े स्तर पर विरोध भी हो रहा है। यह देखना होगा कि यह नियम कैसे लागू किया जाता है और इसका क्या प्रभाव पड़ता है।

# घुसपैठ व चुनावी नैरेटिव में छिपी सियासत



संसद सत्र
कांतिलाल मांडोत

सदन में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के वक्तव्य के बाद विपक्ष का वॉकआउट सिर्फ एक प्रक्रियागत विरोध नहीं था, बल्कि उस गहरे अविश्वास और राजनीतिक ध्रुवीकरण की अभिव्यक्ति भी था, जो आज भारतीय राजनीति की मुख्य धुरी बन चुका है। शीतकालीन सत्र की यह घटना केवल एक दिन की संसदीय कार्यवाही नहीं थी, बल्कि भविष्य की राजनीति के संकेत भी थे। जहां चुनावी नैरेटिव, संस्थागत विश्वास, और राजनीतिक नैतिकता एक दूसरे से जुड़े हुए हैं। जनता इन बहसों को सुनती है, समझती है और अंततः उन्हीं आधारों पर आने वाले चुनावों में अपना निर्णय देती है। यही लोकतंत्र की सबसे बड़ी शक्ति है, और यही उसकी अंतिम कसौटी।

शीतकालीन सत्र का यह दिन भारतीय संसद के लिए उन क्षणों में से एक बन गया, जब बहस से ज़्यादा राजनीतिक टकराव और आरोप-प्रत्यारोप ने माहौल को गर्म किया। सदन में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के वक्तव्य के बाद विपक्ष का वॉकआउट सिर्फ एक प्रक्रियागत विरोध नहीं था, बल्कि उस गहरे अविश्वास और राजनीतिक ध्रुवीकरण की अभिव्यक्ति भी था, जो आज भारतीय राजनीति की मुख्य धुरी बन चुका है। अमित शाह ने सदन में घुसपैठ के मुद्दे पर तीखे शब्दों का इस्तेमाल करते हुए कहा कि घुसपैठिए तय नहीं कर सकते कि देश का प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री कौन होगा। गृह मंत्री का यह कथन मात्र सुरक्षा नीति की अभिव्यक्ति नहीं था, बल्कि यह विपक्षी दलों पर एक परोक्ष वेध भी था कि वे ऐसे तत्वों के साथ राजनीतिक सहानुभूति रखते हैं जिन्हें जनता ने स्वीकार नहीं किया। विपक्ष को यह बात नागवार गुज़री और अचानक सदन से बाहर निकल जाने का फैसला लिया। इस पर शाह का तर्क था कि वे तो केवल घुसपैठियों को देश के लोकतांत्रिक ढांचे से बाहर रखने की बात कर रहे थे, लेकिन पता नहीं विपक्ष क्यों चला गया। शायद उन्हें उन पार्टियों से हमदर्दी है जिन्हें जनता वोट नहीं देती और जिनके पुराने वोट बैंक भी खत्म हो चुके हैं।

चुनावी राजनीति में वोट बैंक एक स्थापित वास्तविकता है, परंतु चुनाव आयोग की ईमानदारी पर लगातार उंगलियां उठाना, खासकर तब जब चुनाव परिणाम विपक्ष के प्रतिकूल हों, यह प्रवृत्ति नई नहीं है। शाह ने सदन में यह स्पष्ट किया कि भाजपा ने कभी चुनाव आयुक्त या चुनाव आयोग को कठघरे में खड़ा नहीं किया, भले ही चुनाव परिणाम उनके खिलाफ रहे हों। उन्होंने इमरजेंसी के दौर की याद दिलाते हुए कटाक्ष किया। जब पत्रकार भी सवाल पूछते थे तो उन पर भाजपा का एजेंट होने का ठप्पा लग जाता था। यह टिप्पणी न केवल कांग्रेस के ऐतिहासिक विरासत पर प्रहार थी, बल्कि आज के राजनीतिक वातावरण की तुलना भी थी, जिसमें संवाद की जगह सन्देह और आरोप फैलने लगे हैं। अमित शाह ने उत्तर प्रदेश और बिहार के पुराने चुनावों का उदाहरण देते हुए कहा कि पर्चों के बक्से गायब कर दिए जाते थे, और चुनावी धांधलियों का बोलबाला था। इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन ईवीएम के आने के बाद यह खेल खत्म हुआ और चोरी बंद हो गई, इसीलिए कुछ लोगों को पेट में दर्द है। उनकी दृष्टि में ईवीएम ने भारतीय चुनावों को अधिक पारदर्शी बनाया है और उन राजनीतिक दलों के लिए असुविधा पैदा कर दी है जो चुनाव में हेरफेर को ही जीत का रास्ता समझते थे। यह तर्क बार-बार भाजपा की तरफ से दिया जाता रहा है कि कांग्रेस 2004 और 2009 में ईवीएम के माध्यम से ही सत्ता में आई थी, और तब मशीन पर सवाल नहीं उठाए गए। जैसे ही सत्ता हाथ से गई, वही मशीन अचानक अविश्वसनीय लगने लगी। सदन में सोनिया गांधी के मुद्दे पर हुए हंगामे ने बहस को और उलझाया। गृह मंत्री ने कहा कि ईवीएम का ट्रायल और सत्यापन कई बार हो चुका है। न केवल तकनीकी रूप से बल्कि राजनीतिक रूप से भी, ईवीएम भारतीय चुनाव प्रणाली का हिस्सा बन चुकी है। चुनाव के 45 दिन बाद, जब किसी प्रकार की आपत्ति नहीं आती, तब चुनाव आयोग रिकॉर्डिंग या इसी तरह के साक्ष्य सुरक्षित रखने के लिए बाध्य नहीं हो



सकता। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि सीसीटीवी रिकार्डिंग संवैधानिक प्रावधान का हिस्सा नहीं है। शाह ने एक और दिलचस्प तथ्य रखा। भारत ने 73 वर्षों तक चुनाव आयोग की नियुक्ति के लिए कोई स्पष्ट कानून नहीं बनाया था। यह विषय हाल ही में चर्चाओं और नए कानूनों के निर्माण के साथ सुर्खियों में आया है। विपक्ष लगातार यह मांग करता रहा है कि चुनाव आयोग की नियुक्ति पूरी तरह से स्वतंत्र और न्यायालय की निगरानी में होनी चाहिए। इस पर रविशंकर का जवाब था कि जब जनता प्रधानमंत्री को परमाणु बटन सौंपने का भरोसा देती है, तब उसके नेतृत्व में ईमानदार और सक्षम चुनाव आयुक्त क्यों नहीं चुने जा सकते? रविशंकर प्रसाद ने भी इसी तर्क को आगे बढ़ाते हुए कहा कि मतदाता जिस नेतृत्व पर राष्ट्र की सुरक्षा का विश्वास करता है, वह चुनाव आयोग की निष्पक्षता सुनिश्चित करने में भी सक्षम है। शीतकालीन सत्र की यह बहस केवल ईवीएम या घुसपैठ तक सीमित नहीं थी। यह बहस भारतीय लोकतंत्र के दो दृष्टिकोणों का प्रतिनिधित्व कर रही थी। एक तरफ सरकार यह दावा कर रही थी कि पारदर्शी तंत्र के कारण अब चुनावी हेरफेर संभव नहीं है, वहीं विपक्ष यह संकेत दे रहा था कि चुनाव आयोग और संस्थागत तंत्र पर राजनीतिक प्रभाव बढ़ता जा रहा है। इन दो दृष्टिकोणों के बीच सच्चाई कहां है, यह जनता को तय करना है। सदन में बहस से भागने और वॉकआउट की रणनीति लोकतंत्र की मजबूती से अधिक उसकी कमजोरी को दर्शाती है। अमित शाह की बहस का एक महत्वपूर्ण पहलू यह भी था कि उन्होंने विपक्ष के राजनीतिक नैरेटिव को चुनौती दी। विपक्ष लगातार यह प्रचार करता रहा है कि लोकतंत्र खतरे में है, संस्थाएं कमजोर हो रही हैं और चुनाव प्रक्रिया से भरोसा उठा लिया गया है। शाह ने पलटकर कहा कि आपके हारने का कारण आपका नेतृत्व है। उनके अनुसार यह बहाना आधारित राजनीति है जिसमें पराजय का दोष कभी मशीन पर, कभी संस्थाओं पर और कभी भाजपा पर मढ़ दिया जाता है। चुनाव लोकतंत्र का सबसे स्पष्ट आईना है। जनता जिस नेतृत्व पर भरोसा करती है वही सत्ता तक पहुंचता है, और जो जनता की अपेक्षाओं पर खरा नहीं उतरता, उसे जनादेश नहीं मिलता। इस पूरे विवाद का सार यही है कि लोकतंत्र में प्रश्न उठाना स्वाभाविक है, लेकिन प्रश्न उठाने और निराधार अविश्वास फैलाने में अंतर होता है। सरकार का दावा है कि पारदर्शिता, तकनीक और संस्थागत सुधारों ने चुनावी प्रक्रिया को मजबूत बनाया है। विपक्ष का दावा है कि लोकतंत्र तभी सुरक्षित है जब सत्ता पक्ष से प्रश्न करने की पूरी स्वतंत्रता हो। दोनों ही बातें आंशिक रूप से सही हैं, लेकिन लोकतंत्र केवल तकनीकी या संस्थागत संरचनाओं से नहीं चलता है। यह राजनीतिक परंपराओं और सहभागिता पर भी आधारित होता है। विपक्ष का वॉकआउट, गृह मंत्री के कटाक्ष और सदन में जारी तल्खी भारतीय राजनीति की उस दिशा को भी दर्शाती है जिसमें संवाद की जगह टकराव ने ले ली है। यह भी सच है कि ईमानदारी और पारदर्शिता में वह शक्ति होती है जो नेतृत्व को निडर बनाती है। शायद इसी संदर्भ में यह कहा जा सकता है कि जो नेता, संस्था या सरकार अपने काम पर भरोसा रखती है, वह बहस से नहीं भागती। जो नेतृत्व जनादेश से दूर होता जा रहा है, वह बहस से ज़्यादा हंगामे को अपना हथियार बना लेता है। शीतकालीन सत्र की यह घटना केवल एक दिन की संसदीय कार्यवाही नहीं थी, बल्कि भविष्य की राजनीति के संकेत भी थे। जहां चुनावी नैरेटिव, संस्थागत विश्वास, और राजनीतिक नैतिकता एक दूसरे से जुड़े हुए हैं। जनता इन बहसों को सुनती है, समझती है और अंततः उन्हीं आधारों पर आने वाले चुनावों में अपना निर्णय देती है। यही लोकतंत्र की सबसे बड़ी शक्ति है, और यही उसकी अंतिम कसौटी।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

व्यंग्य
डॉ. सूर्यकांत मिश्रा



# अपनी ऐसी किस्मत कहां कि मरने की खबर सुन सकें !

इस दुनिया में बहुत कम ऐसे किस्मत वाले हैं जो खुद की मौत की खबर सुन पाते हैं! यह ऐसा अवसर है जब मरने वाला अपने चाहने वालों और नफरत करने वालों की परख कर सकता है! हम जिस युग में जी रहे हैं या ये कहें कि जब तक हमारी सांस चल रही है, अपने स्वस्थ जीवन की प्रार्थना ईश्वर से करते रहते हैं। मैं कभी यह नहीं चाहता कि मुझे इतनी लंबी उम्र मिले कि बच्चों के कंधों का सहारा लेकर जीना पड़े। यूं तो वृद्धावस्था 60 के बाद परवान चढ़ने लगती है, जिसमें मैं चल पड़ा हूं। मैं जर्जर वृद्धावस्था की कल्पना मात्र से कांप जाता हूं। मैं यह कभी नहीं चाहता कि मुझे बीमारी की वजह से बड़े हॉस्पिटल में भर्ती होने का कष्ट झेलना पड़े। कारण यह कि बच्चे मुझे मरना नहीं देना चाहेंगे और डॉक्टर मुझे पूर्ण रूप से स्वस्थ करने से परहेज करेंगे! नतीजतन मुझे डॉक्टर की सलाह पर वेंटीलेटर पर रखे जाने का असहनीय खर्च बच्चों द्वारा उठाए जाने से मना भी नहीं किया जा सकेगा! यहां तक तो बात समझ में आती है। फिर मन घबरा उठता है कि वेंटीलेटर का नाम सुनते ही रिश्तेदार अथवा मित्र मंडली कभी भी मौत की झूठी खबर फैला सकते हैं! जब इस दुनिया में बड़े-बड़ों को ऐसे समाचारों से नहीं बख्शा गया तो मुझ जैसे छोटे ओहदे वाले की हैसियत ही क्या? वैसे बड़े-बूढ़ों की बातों पर विश्वास करें तो मौत की झूठी खबर इंसान को जिंदगी के कुछ अतिरिक्त दिन दे जाती है! तब मुझे ऐसा लगता है कि मेरी भी झूठी मौत की खबर कुछ लोगों की आंखें जरूर नम कर सकती है! ईश्वर द्वारा दिए गए जीवन-मरण के तय समय के अलावा वेंटीलेटर में दी जाने वाली बनावटी सांस किसी का गल्ला खाली कर जाती है तो किसी की दीवाली हो जाया करती है! हमारे एक मित्र ने ऐसी ही फेक मौत की खबर से अपने चाहने वालों को परखना चाहा। उसकी मौत की खबर फैला दी गई! खबर पाकर कुछ अंतिम दर्शन हेतु दौड़े चले आए। द्वार पर आकर अपने मित्र के चले जाने पर अफसोस जताने वाले फेक मृतक की नजरों में चढ़ गए। जो आए ही नहीं, सुनकर टाल गए, वे नजरों से उतर गए। वर्तमान दौर में किसी भी चीज या किसी की कही बात के पुख्ता होने की कोई गारंटी नहीं है ! इसी तरह फेक मौत की खबर फैलाने वाला मर ही गया हो, इस बात की भी कोई गारंटी नहीं! अतः लोग पहले एक-दूसरे से कन्फर्म करके ही अंतिम यात्रा में शामिल होने निकलते हैं! इसका दूसरा पक्ष बड़ा ही कष्ट देने वाला है। यदि मरने वाला किसी विधा में माहिर हो तो नजारा कुछ और ही होता है। घर वालों सहित पड़ोसी इस बात से बे-खबर होते हैं कि वेंटीलेटर में पड़ा उनका पारिवारिक सदस्य इस दुनिया में नहीं रहा! हमारे देश का मीडिया कई कदम आगे दौड़ते हुए चैनल में श्रद्धांजलि तक दे डालता है! जब परिजन नाराज होते हैं और जीवित होने का प्रमाण देते हैं तो वही मीडिया अफसोस जाहिर कर मरे को जिंदा कर देता है! कहने का मतलब यह कि सोशल मीडिया समय का इंतजार नहीं करता! कुछ होने के पहले या होने जैसा, होने का अंदेशा लगाकर 'ब्रेकिंग न्यूज' बनाने में देर नहीं करता! सोशल मीडिया के तारणहार व्हाट्सएप, इंस्टाग्राम, फेसबुक की महिमा ऐसे गाई जाती है जैसी हमें मनुष्य योनि में जन्म देने वाले ईश्वर की भी नहीं गाई जाती! किसी बीमारी की वजह से डॉक्टर ने यदि किसी को कम उम्र में भी वेंटीलेटर पर सुला दिया तो लोग चर्चा करने लगते हैं कि बस अब कुछ ही दिन शेष हैं! यह भी कहा जाने लगता है कि क्या पता फलाना जिंदा भी है या अस्पताल प्रबंधन अपना बिल बनाने के लिए ही जिंदा बता रहा है? व्हाट्सएप ग्रुप में गलती से मैसेज चला जाए तो श्रद्धांजलि और आरआईपी (रिप ) का दौर चल निकलता है! कोई इस बात की चिन्ता भी नहीं करता कि खबर की पुष्टि कर ली जाए। सभी के मन में बस यही उतावलापन रहता है कि सबसे पहले पुष्पांजलि देकर वह खुद को दिवंगत आत्मा का करीबी और सबसे अधिक शोक-संतप्त सिद्ध कर सके। दुनिया के बदले हुए रिवाजों को देखकर मुझे भी ऐसा लगने लगा है कि इस निष्ठुर संसार को अलविदा कहने अथवा यहां से कूच करने से पहले मेरी भी बिदाई की खबर आम हो जाए! ऐसा होने से मुझे यह समझने में सहूलियत होगी कि आखिर मेरी जिंदगी की कीमत क्या थी? साथ ही यह भी कि कौन हितैषी मेरी रवानगी की खबर पर शोक - संतप्त है और कौन नहीं। बड़ी गंभीर मुद्रा में सोचता हूं कि वे बड़े नसीब वाले हैं , जिनकी मौत की खबर उन्होंने जीते जी देखी या सुनी है! अपनी किस्मत ऐसी कहां, कि अपन भी जीते जी मरने का आनंद ले सकें! शायद अपन उन लोगों में से हैं जो, जी-जीकर रोज मर रहे हैं ! अपनी तरफ ध्यान देने वाला न तो कोई शुभचिंतक है और न ही मर जाने की खबर पर अट्टहास करने वाला ही दिखाई पड़ता है।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# जीवन का प्रथम अनुबंध किसको माना है?



संकलित
दर्शन

अनुबंध चतुष्टय में 'अधिकारी' को प्रथम अनुबंध स्वीकार किया गया है। मानव की आध्यात्मिक और लौकिक यात्रा के निर्विघ्न संचालन में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। लोक में इसके लिए योग्यता या पात्रता पद का प्रयोग होता है, जिसका तात्पर्य है, किसी कार्य के निष्पादनार्थ पात्रता प्राप्त करना।सामान्यतः प्रत्येक कार्य के लिए प्रत्येक व्यक्ति पात्र नहीं होता। इसलिए अनधिकारी व्यक्ति द्वारा किया गया कार्य सफल और लोकमंगलकारी हो, यह आवश्यक नहीं, परंतु अधिकारी (पात्र) व्यक्ति द्वारा किया गया प्रत्येक कार्य सफल भी होता है और लोकमंगलकारी भी। इसलिए अधिकारी आत्मिक और जागतिक कल्याण का मार्ग प्रशस्त करने वाला मानव जीवन का प्रथम अनुबंध है। इसीलिए इसे शास्त्रों में विशेष महत्व दिया गया है। वेदांत में अधिकारी को परिभाषित करते हुए कहा गया-जिसने विधिवत ज्ञान प्राप्त कर काम्य एवं निषिद्ध कर्मों का परित्याग कर दिया है। नित्य, नैमित्तिक और उपासनादि कर्म करने से जिसकी बुद्धि परिष्कृत और अंतःकरण निर्मल हो चुका है, ऐसा पापरहित व्यक्ति ही विशिष्ट ज्ञान का अधिकारी है। विश्वामित्र आदि ऋषियों ने अधिकारी समझकर ही राम को विविध आयुध प्रदान किए, जिससे उनका दुरुपयोग न हो सके। जैसे अधिकारी व्यक्ति का ज्ञान लोकमंगल के लिए होता है, उसी प्रकार अधिकारी को प्रदान की गईं शक्तियां समाज, देश और मानवता की रक्षा के लिए होती हैं। इतिहास साक्षी है कि जब भी अनधिकारी को शक्तियां प्रदान की गई हैं, उनका दुरुपयोग ही हुआ है।

# मृत्यु टाले नहीं टलती



संकलित
प्रेरणा

भगवान विष्णु गरुड़ पर बैठ कर कैलाश पर्वत पर गए। द्वार पर गरुड़ को छोड़ कर खुद शिव से मिलने अंदर चले गए। तब कैलाश की अपूर्व प्राकृतिक शोभा को देख कर गरुड़ मंत्रमुग्ध थे कि तभी उनकी नजर एक खूबसूरत छोटी सी चिड़िया पर पड़ी। चिड़िया कुछ इतनी सुंदर थी कि गरुड़ के सारे विचार उसकी तरफ आकर्षित होने लगे। उसी समय कैलाश पर यम देव पधारे और अंदर जाने से पहले उन्होंने उस छोटे से पक्षी को आश्चर्य की दृष्टि से देखा। गरुड़ समझ गए उस चिड़िया का अंत निकट है और यमदेव कैलाश से निकलते ही उसे अपने साथ यमलोक ले जाएंगे। गरूड़ को दया आ गई। इतनी छोटी और सुंदर चिड़िया को मरता हुआ नहीं देख सकते थे। उसे अपने पंजों में दबाया और कैलाश से हजारो कोस दूर एक जंगल में एक चट्टान के ऊपर छोड़ दिया, और खुद वापिस कैलाश पर आ गए। आखिर जब यम बाहर आए तो गरुड़ ने पूछ ही लिया कि उन्होंने उस चिड़िया को इतनी आश्चर्य भरी नजर से क्यों देखा था। यम देव बोलेः गरुड़ जब मैंने उस चिड़िया को देखा तो मुझे ज्ञात हुआ कि वो चिड़िया कुछ ही पल बाद यहां से हजारों कोस दूर एक नाग द्वारा खा ली जाएगी। मैं सोच रहा था कि वो इतनी जलदी इतनी दूर कैसे जाएगी, पर अब जब वो यहां नहीं है तो निश्चित ही वो मर चुकी होगी। गरुड़ समझ गए मृत्यु टाले नहीं टलती चाहे कितनी भी चतुराई की जाए।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### बच्चों को सोशल मीडिया से दूर रखें

सोशल मीडिया के लगातार उपयोग ने बच्चों में चिंता, अवसाद, नींद की कमी, साइबर बुलिंग, पढ़ाई में गिरावट, आत्मविश्वास में कमी, हिंसक या भ्रामक सामग्री का संपर्क जैसी समस्याएं तेजी से बढ़ाई हैं। राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग सहित कई संस्थाओं ने बार-बार चेतावनी दी है कि सोशल मीडिया कंपनियां नाबालिगों को प्लेटफॉर्म से दूर रखने में विफल रही हैं। इस बढ़ती चिंता के बीच दुनिया के दूसरे कोने से एक बेहद साहसिक और ऐतिहासिक निर्णय सामने आया, ऑस्ट्रेलिया ने 16 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया पर सख्त प्रतिबंध लागू कर दिया। फेसबुक, इंस्टाग्राम, यूट्यूब, स्नैपचैट, टिकटॉक जैसे सभी प्लेटफॉर्म अब 16 वर्ष से कम आयु के बच्चों को अकाउंट बनाने की अनुमति नहीं देंगे। भारत में भी ऐसा ही होना चाहिए। - **पीयूष सिन्हा**, रायगढ़

## ट्रेंड

### हॉकी टीम को बधाई



एफआईएच हॉकी पुरुष जूनियर विश्व कप 2025 में इतिहास रचने पर भारतीय टीम को हार्दिक बधाई! हमारी युवा और जोशीली टीम ने इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में भारत के लिए पहला कांस्य पदक जीता है। यह उपलब्धि देश के युवाओं को प्रेरित करती है।
- **नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### वायु प्रदूषण राष्ट्रीय आपदा




वायु प्रदूषण एक राष्ट्रीय आपदा बन चुका है, जिसके खिलाफ़ तत्काल, व्यापक और निर्णायक राष्ट्रीय योजना की ज़रूरत है। यह हम सबकी ज़िम्मेदारी है जिसके नियंत्रण, समाधान और हमारे लोगों के भविष्य की रक्षा के लिए हम प्रधानमंत्री के साथ मिलकर काम करने को तैयार हैं।
- **राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस**

### वसुधैव कुटुंबकम्



भारतीय संस्कृति की 'वसुधैव कुटुंबकम्' की विराट वैश्विक भावना मिलने-जुलने और मेल-मिलाप से ही फलीभूत होती है। दुनियाभर में आपसी एतबार से भाईचारा और भाईचारे से अमन-चैन आता है, जिससे हर किसी के लिए ख़ुशहाली लाने वाली तरक़्क़ी मुमकिन होती है।
- **अखिलेश यादव, सांसद, सपा**

### शिवराज पाटिल को नमन



पूर्व केंद्रीय मंत्री, वरिष्ठ राजनेता शिवराज पाटिल जी का निधन दुःखद। ईश्वर दिवंगत आत्मा को चिर शांति प्रदान करें एवं दुःख की इस घड़ी में उनके परिजनों को धैर्य धारण करने की शक्ति दें।
- **नीतीश कुमार, सीएम, बिहार**

## करंट अफेयर

# चीन गर्भनिरोधक दवाओं व उत्पादों पर कर लगाएगा


चीन तीन दशकों से भी अधिक समय में पहली बार जल्द गर्भनिरोधक दवाओं और उत्पादों पर मूल्य वर्धित कर (वैट) वसूलना शुरू करेगा। यह कदम दशकों तक अधिकतर परिवारों को एक बच्चे तक सीमित रखने के बाद उन्हें अधिक बच्चे पैदा करने के लिए प्रोत्साहित करने के बीजिंग के प्रयासों के अनुरूप है। देश के नवीनतम मूल्य वर्धित कर कानून के अनुसार, एक जनवरी से ''गर्भनिरोधक दवाएं और उत्पाद'' कर-छूट की श्रेणी में नहीं रहेंगे। 'कंडोम' जैसे उत्पादों पर भी 13 प्रतिशत का सामान्य वैट लगेगा। बहरहाल, सरकारी मीडिया ने इस बदलाव को ज्यादा तवज्जो नहीं दी है लेकिन यह विषय चीनी सोशल मीडिया पर तेजी से ट्रेंड कर रहा है। लोग मजाक में कह रहे हैं कि कोई बेवकूफ ही होगा जिसे यह समझ न हो कि बच्चा पालना, कर लगे कंडोम खरीदने से कहीं ज्यादा महंगा है। विशेषज्ञों ने चेतावनी दी है कि गर्भनिरोधकों की कीमत बढ़ने से अनियोजित गर्भधारण और यौन संक्रमित रोगों में वृद्धि हो सकती है। 1980 से 2015 तक लागू रही चीन की एक-संतान नीति के दौरान भारी जुर्माने, दंड और कभी-कभी जबरन गर्भपात तक कराए जाते थे। तय सीमा से अधिक जन्मे बच्चों को कई बार पहचान संख्या नहीं दी जाती थी, जिससे वे प्रभावी रूप से 'गैर-नागरिक' बन जाते थे।



## ऑफ बीट

# सौ वर्षों से हम तारों की दुनिया से हो रहे रूबरू

तारीख थी सात मई 1925। प्राचीन काल से ही लोग तारों और ग्रहों को अपने-अपने तरीके से समझने का प्रयास करते आएं हैं। 1700 के दशक में, सौरमंडल का एक घड़ीनुमा मॉडल, ऑरेरी, विकसित किया गया। "प्लैनेटोरियम" यानी तारामंडल शब्द का आविष्कार ग्रहों को दर्शाने वाले 'ऑरेरी' का वर्णन करने के लिए किया गया था। खगोलशास्त्री ईसे ईसिंगा ने एक कमरे के आकार का ऑरेरी मॉडल तैयार किया था। यह आज भी नीदरलैंड के फ्रैनेकर में काम कर रहा है। इस दृश्य को देखने के लिए कोई भी मनुष्य सौरमंडल के आसपास नहीं गया है। ऑरेरी और ब्रह्मांड के अन्य यांत्रिक मॉडल जैसे आकाशीय ग्लोब ही बाहरी परिप्रेक्ष्य से दृश्य प्रस्तुत करते हैं। तारों और ग्रहों को वास्तविक रूप से देखने की इच्छा 20वीं सदी की शुरुआत में तेजी से बढ़ी, क्योंकि बढ़ते शहरीकरण से होने वाले प्रदूषण ने रातों में दिखने वाले आकाश को धुंधला कर दिया था। जर्मनी के म्यूनिख में स्थित डॉयचे संग्रहालय के प्रथम निदेशक ओस्कर वॉन मिलर जैसे लोग तारों और ग्रहों से सभी को रूबरू कराना चाहते थे। दिलचस्प बात यह है कि वॉन मिलर के करियर की शुरुआत एक इलेक्ट्रिकल इंजीनियर के रूप में हुई थी।



**अपने विचार**
**हरिभूमि कार्यालय**
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-42422221 पर या सीधे मेल से **aapkepatra.haribhoomi@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

## कैबिनेट ने शुक्रवार को 3 महत्वपूर्ण फैसलों को दी मंजूरी

# 2027 में जनगणना के लिए 11,718 करोड़ रु. मंजूर, 2 चरण में होगी, जाति भी लिखी जाएगी

## कोयला लिंकेज नीति में सुधार के लिए कोलसेटू नीति लागू होगी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कैबिनेट ने शुक्रवार को तीन महत्वपूर्ण फैसलों का मंजूरी दी। कैबिनेट ने जनगणना के लिए 11,718 करोड़ रुपए के बजट को मंजूरी दी है। केंद्रीय मंत्री मंडल ने कोयला लिंकेज नीति में सुधार के लिए कोलसेटू नीति को भी मंजूरी दी है। सरकार ने खोपरा 2025 सीजन के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) को भी नीतिगत मंजूरी दे दी है। इससे पहले, सरकार की कैबिनेट बैठक को लेकर कई बड़े दावे सामने आए। सूत्रों के अनुसार, मनरेगा का नाम बदलकर 'पूज्य बापू ग्रामीण रोजगार योजना' किए जाने पर विचार हो सकता है। बताया जा रहा है कि ग्रामीण रोजगार गारंटी कार्यक्रम की पहचान और प्रभाव को नया रूप देने के उद्देश्य से यह बदलाव प्रस्तावित है। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने जानकारी देते हुए कहा कि 'जनगणना 2027' दो चरणों में आयोजित होगी। अप्रैल और सितंबर 2026 के बीच घरों की सूची तैयार की जाएगी और फरवरी 2027 में जनगणना की जाएगी। पहली डिजिटल जनगणना होगी और इसमें जाति आधारित गणना को शामिल किया जाएगा।

**मनरेगा का नाम बदलकर 'पूज्य बापू ग्रामीण रोजगार योजना' पर चर्चा**

खोपरा 2025 सीजन के लिए एमएसपी को भी नीतिगत स्वीकृति दी


कैबिनेट के फैसलों की जानकारी देते केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव

### वैष्णव ने कहा

- जनगणना एक्ट के तहत एक गजट नोटिफिकेशन आएगा
- गोत्र, जाति के बार में विचार-विमर्श के बाद तय किया जाएगा
- डिजिटल जनगणना सिस्टम तैयार किया जा रहा है
- पहला चरण अप्रैल से सितंबर तक चलेगा, दूसरा फरवरी 2027 में

### बीमा नियमों में होगा संशोधन

जीवन बीमा निगम अधिनियम 1956 और बीमा नियामक एवं विकास प्राधिकरण अधिनियम 1999 में, बीमा अधिनियम 1938 के साथ-साथ संशोधन किया जाएगा।

### 2047 तक 'सभी के लिए बीमा' का लक्ष्य

इस तरह के बदलाव बीमा उद्योग की कार्यकुशलता बढ़ाने, व्यापार करने में आसानी लाने और बीमा की पहुंच बढ़ाने में मदद करेंगे, ताकि 2047 तक 'सभी के लिए बीमा' के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सके।

### लोगों के रहने की अवधि और प्रवास के कारण बताने होंगे



सरकार ने लोकसभा को भी सूचित किया था कि जनगणना 2027 में वर्तमान निवास पर लोगों के रहने की अवधि और प्रवास के कारण से संबंधित प्रश्न भी शामिल होंगे। गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने एक प्रश्न के लिखित उत्तर में कहा था कि जनगणना में प्रत्येक व्यक्ति की जानकारी उस स्थान पर एकत्र की जाती है, जहां वे गणना की अवधि के दौरान पाए जाते हैं।

### बीमा क्षेत्र में एफडीआई 100 फीसदी तक बढ़ाने वाला विधेयक मंजूर



कैबिनेट ने बीमा क्षेत्र में विदेशी प्रत्यक्ष निवेश को 100 फीसदी तक बढ़ाने वाले विधेयक को मंजूरी दे दी। विधेयक 2025 का उद्देश्य बीमा क्षेत्र की पैठ को गहरा करना, विकास और वृद्धि को गति देना और व्यापार करने में आसानी को बढ़ाना है। यह संसद के आगामी सत्र के लिए सूचीबद्ध 13 कानूनों में से एक है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट में बीमा में विदेशी निवेश की सीमा को बढ़ाकर 100 प्रतिशत करने का प्रस्ताव रखा था।

## इंडिगो पर डीजीसीए का सख्त एक्शन

# चार फ्लाइट ऑपरेशन इंस्पेक्टर सस्पेंड सीईओ से लगातार दूसरे दिन पूछताछ

**जांच के लिए इंडिगो ने अमेरिकी कंपनी को सौंपी जिम्मेदारी**




एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

इंडिगो में फ्लाइट कैंसिल को लेकर जारी संकट के बीच लगातार एक्शन हो रहा है। डीजीसीए (नागरिक उड्डयन नियामक) ने शुक्रवार को एयरलाइन की सुरक्षा और ऑपरेशनल नियमों की गड़बड़ी के लिए जिम्मेदार 4 फ्लाइट ऑपरेशन इंस्पेक्टर को सस्पेंड कर दिया है। इधर, इंडिगो के सीईओ पीटर एल्बर्स लगातार दूसरे दिन डीजीसीए के सामने पेश हुए। इससे पहले गुरुवार को पीटर से अधिकारियों ने करीब 2 घंटे की पूछताछ की थी। इसमें ऑपरेशंस, क्रू मैनेजमेंट, रिफंड, मुआवजे से जुड़े सवाल-जवाब किए गए। इंडिगो संकट के कारणों की जांच की जिम्मेदारी एक अमेरिकी कंपनी को सौंपी गई है। शुक्रवार को कंपनी ने बयान जारी किया है। इसमें कहा कि निदेशक मंडल ने अमेरिकी कंपनी चीफ एविएशन एडवाइजर्स को जांच का जिम्मा सौंपने के प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान कर दी है। यह जांच अनुभवी विमानन विशेषज्ञ कैप्टन जॉन इल्सन के नेतृत्व में होगी, जो अमेरिकी विमानन नियामक एफएए, अंतरराष्ट्रीय नागर विमानन संगठन (आईसीएओ) और अंतरराष्ट्रीय हवाई यातायात संघ के अलावा कई बड़ी वैश्विक एयरलाइंस के साथ काम कर चुके हैं।

**राज्यसभा में उठा मुद्दा**

### इंडिगो ने इलेक्टोरल बांड से उड़ाई नियमों की धज्जियां

इंडिगो संकट का मुद्दा राज्य सभा में एक बार उठा। राज्यसभा सांसद अशोक सिंह ने इलेक्टोरल बांड खरीदने का जिक्र करते हुए पूछा कि कहीं इसके दम पर तो कंपनी ने नियमों की धज्जियां नहीं उड़ाईं! सांसद अशोक सिंह ने डीजीसीए को भी कठघरे में खड़ा किया।


**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक | कैपेक्स पर एमडीयू कैम्पस, रोहतक में विभिन्न भवनों पर 450 केडब्ल्यूपी क्षमता ग्रिड कनेक्टेड रूफ टॉप सोलर पावर प्लांट का एसआईटीसी + 2 कार्य। | 11.12.2025 30.12.2025 | रु. 212.92 लाख | https://mdu.ac.in | 9991366698 xen.civil@mdurohtak.ac.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/40/41149/I/88/7 दि. 12.12.25



**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 सीआरपीसी / 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **सतिंदर, पुत्र श्री फूल कुमार निवासी मकान संख्या 295, सरदार पटेल झील के पास, पूठ कलां, दिल्ली** ने **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 469/2017 भा.द.सं. की धारा 411 के तहत, थाना सुभाष प्लेस, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया है कि उक्त अभियुक्त **सतिंदर** मिल नहीं रहा है और समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया है कि उक्त अभियुक्त **सतिंदर** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है **कि प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 469/2017 भा.द.सं. की धारा 411 के तहत, थाना सुभाष प्लेस, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **सतिंदर** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **15.01.2026** को या उससे पूर्व हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री वसुंधरा छौंकर
मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी, उत्तर-पश्चिम, कमरा नं.108
DP/16632/NW/2025 रोहिणी कोर्ट्स, दिल्ली



**हरियाणा लोक सेवा आयोग**
बेज नं. 1-10, ब्लॉक-बी, सेक्टर-4, पंचकूला

**घोषणा**

विषय : उच्चतर शिक्षा विभाग, हरियाणा (विज्ञा. सं. 63/2024) में मनोविज्ञान विषय में असिस्टेंट प्रोफेसर (कॉलेज कैडर) के पद हेतु स्क्रीनिंग टेस्ट

नीचे वर्णित पदों के लिए आवेदन कर चुके उम्मीदवारों की सामान्य जानकारी के लिए एतद द्वारा यह घोषणा की जाती है कि आयोग ने नीचे दिये गये कार्यक्रम के अनुरूप स्क्रीनिंग टेस्ट आयोजित करने का निर्णय लिया है :-

| क्र.सं. | पद व विभाग का नाम | विज्ञा. सं. | परीक्षा की तिथि व समय |
|---|---|---|---|
| 1. | उच्चतर शिक्षा विभाग, हरियाणा में मनोविज्ञान विषय में असिस्टेंट प्रोफेसर (कॉलेज कैडर) | 63/2024 | 21.12.2025 पूर्वा. 10:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक |

उम्मीदवारों को अपने प्रवेश-पत्र आयोग की वेबसाइट अर्थात http://hpsc.gov.in पर उपलब्ध करवाए गए लिंक से 15.12.2025 से डाउनलोड करने का परामर्श दिया जाता है।

टिप्पणियां :-
1. *उम्मीदवारों को प्रवेश-पत्र डाउनलोड करने और ए-4 साइज पेपर पर इसका प्रिंट लेने का निर्देश दिया जाता है ताकि उनके फोटो और अन्य विवरण आसानी से देखे / प्रमाणित किये जा सकें। अस्पष्ट फोटो / हस्ताक्षरों सहित छोटे आकार के प्रवेश-पत्र वाले उम्मीदवारों को परीक्षा केन्द्र में प्रवेश करने की अनुमति नहीं दी जाएगी।*
2. *उम्मीदवारों को प्रवेश-पत्र पर दिये गये सभी निर्देश बहुत ध्यानपूर्वक पढ़ने का परामर्श दिया जाता है।*

दिनांक : 12.12.2025
हस्ता/- अधीक्षक
कृते सचिव
हरियाणा लोक सेवा आयोग, पंचकूला


## कफ सिरप की तस्करी में ईडी की रेड

# जौनपुर, लखनऊ, वाराणसी समेत 25 ठिकानों पर छापे

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

कफ सिरप की तस्करी से जुड़े एक हजार करोड़ से अधिक के अवैध कारोबार के मामले में शुक्रवार की सुबह प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम ने बड़ी कार्रवाई शुरू की है। लखनऊ क्षेत्रीय कार्यालय की टीमों ने राजधानी लखनऊ, तस्करी के मुख्य केंद्र वाराणसी समेत देश के तीन राज्यों में 25 स्थानों पर एक साथ छापेमारी शुरू की है। मुख्य आरोपी शुभम जायसवाल के सहयोगियों, आपूर्तिकर्ता फार्मा कंपनियों और चार्टर्ड अकाउंटेंट (सीए) के ठिकानों को ईडी ने निशाने पर लिया है। यूपी के जौनपुर, सहारनपुर के साथ ही झारखंड की राजधानी रांची और गुजरात के अहमदाबाद में भी छापेमारी चल रही है। यह बड़ी कार्रवाई पिछले दो महीनों में उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों में एक हजार करोड़ से ज्यादा के कफ सिरप के अवैध कारोबार का है। इसमें सोनभद्र, सहारनपुर और गाजियाबाद भी शामिल हैं।

## पूर्व विधायक ने सोनिया को लिखा पत्र

# राहुल व खरगे की शिकायत की 3 साल से मैं ही नहीं मिल पाया

एजेंसी ▶▶ भुवनेश्वर



ओडिशा के पूर्व कांग्रेस विधायक मोहम्मद मोकिम ने पार्टी के अंदरूनी हालात को लेकर सोनिया गांधी को एक तीखा पत्र लिखा है। उन्होंने राहुल गांधी की अनुपलब्धता, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की नेतृत्व शैली और पार्टी में युवाओं से बढ़ती दूरी पर गंभीर सवाल उठाए हैं। मोकिम ने लिखा कि वे खुद लगभग तीन साल से राहुल से मिलने में असमर्थ रहे हैं। उन्होंने पूरे देश के कांग्रेस कार्यकर्ताओं की भावनात्मक दूरी का प्रतीक बताया। नेतृत्व और जमीनी कार्यकर्ताओं के बीच बढ़ती खाई ने पार्टी को कमजोर कर दिया है। इंदिरा गांधी, राजीव गांधी और सोनिया गांधी के समय में कार्यकर्ताओं को महत्व मिलता था, उनकी सुनी जाती थी, जिससे विश्वास और निष्ठा बनी रहती थी। मोकिम ने लिखा कि देश की 65 फीसदी आबादी युवा है, लेकिन वर्तमान नेतृत्व युवाओं से कनेक्ट नहीं कर पा रहा है।


**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता—2023 देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त नाम **सुजीत पुत्र:** स्व. छोटे लाल पता: डब्ल्यू-182, चंद्रशेखर गली नंबर-5, बाबरपुर वेलकम, दिल्ली, ने **FIR No. 500/2020 U/s 33 D EX. Act थाना: वेलकम, दिल्ली,** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **सुजीत,** मिल नहीं रहा हैं और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **सुजीत,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा हैं)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 500/2020 U/s 33 D EX. Act थाना: वेलकम, दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **सुजीत,** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **03.03.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री दीपाक्षी राणा
DP/16325/NE/2025 (Court Matter) जेएमएफसी-03, महिला न्यायालय, कमरा नंबर 19
कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली



**हरियाणा लोक सेवा आयोग**
बेज नं. 1-10, ब्लॉक-बी, सेक्टर-4, पंचकूला

**घोषणा**

विषय : उच्चतर शिक्षा विभाग, हरियाणा (विज्ञा. सं. 44/2024) में वाणिज्य विषय में असिस्टेंट प्रोफेसर (कॉलेज कैडर) के पद हेतु विषय ज्ञान परीक्षा।

नीचे वर्णित पदों के लिए विषय ज्ञान परीक्षा हेतु क्वालीफाइड हो चुके उम्मीदवारों की सामान्य जानकारी के लिए एतद द्वारा यह घोषणा की जाती है कि आयोग ने नीचे दिये गये कार्यक्रम के अनुरूप विषय ज्ञान परीक्षा आयोजित करने का निर्णय लिया है :-

| क्र.सं. | पद व विभाग का नाम | विज्ञा. सं. | परीक्षा की तिथि व समय |
|---|---|---|---|
| 1. | उच्चतर शिक्षा विभाग, हरियाणा में वाणिज्य विषय में असिस्टेंट प्रोफेसर (कॉलेज कैडर) | 44/2024 | 21.12.2025 पूर्वा. 10:00 बजे से अप. 1:00 बजे तक |

उम्मीदवारों को अपने प्रवेश-पत्र आयोग की वेबसाइट अर्थात http://hpsc.gov.in पर उपलब्ध करवाए गए लिंक से 15.12.2025 से डाउनलोड करने का परामर्श दिया जाता है।

आगे यह स्पष्ट किया जाता है कि सभी उम्मीदवार जो उपरोक्त पदों के लिए विषय ज्ञान परीक्षाओं हेतु क्वालीफाइड हो चुके हैं, को परीक्षा में बैठने के लिए अंतरिम रूप से अनुमति दी जा रही है, जो विज्ञापन के अनुरूप सभी पात्रता शर्तें पूर्ण करने के अधीन है।

टिप्पणियां :-
1. *उम्मीदवारों को प्रवेश-पत्र डाउनलोड करने और ए-4 साइज पेपर पर इसका प्रिंट लेने का निर्देश दिया जाता है ताकि उनके फोटो और अन्य विवरण आसानी से देखे / प्रमाणित किये जा सकें। अस्पष्ट फोटो / हस्ताक्षरों सहित छोटे आकार के प्रवेश-पत्र वाले उम्मीदवारों को परीक्षा केन्द्र में प्रवेश करने की अनुमति नहीं दी जाएगी।*
2. *उम्मीदवारों को प्रवेश-पत्र पर दिये गये सभी निर्देश बहुत ध्यानपूर्वक पढ़ने का परामर्श दिया जाता है।*

दिनांक : 12.12.2025
हस्ता/- अधीक्षक
कृते सचिव
संवाद-1156/13/367/2026/41123/88/7 दि. 12.12.25 हरियाणा लोक सेवा आयोग, पंचकूला


# राज्यसभा की कार्यवाही में हंगामा, मंत्रियों की गैरमौजूदगी पर विपक्ष का विरोध, चुनाव सुधार पर तीखी बहस हुई

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

शुक्रवार को राज्यसभा की कार्यवाही आज शुरुआत से ही हंगामे और आरोप-प्रत्यारोप के बीच घिरी रही। सदन में केंद्र सरकार के किसी भी कैबिनेट मंत्री की अनुपस्थिति ने विपक्ष को आक्रामक बना दिया, जिसके चलते सदन को लगभग 10 मिनट के लिए स्थगित करना पड़ा।

संसदीय परंपरा के अनुसार सदन की कार्यवाही शुरू होने के साथ ही सत्ता पक्ष से तीन केंद्रीय मंत्रियों की उपस्थिति प्रैक्टिस रही है। लेकिन शुक्रवार को राज्यसभा में एक भी कैबिनेट मंत्री के उपस्थित न होने का विपक्ष ने मुद्दा बनाया। सदन की कार्यवाही शुरु होते ही विपक्षी दलों ने सरकार पर गंभीर आरोप लगाए और इसे 'सदन का अपमान' बताया। सभापति सीपी राधाकृष्णन ने हंगामे के बीच कार्यवाही रोकते हुए मंत्रियों की उपस्थिति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

कार्यवाही दोबारा शुरू होने के बाद संसदीय कार्यमंत्री किरण रिजिजू ने सदन से माफ़ी मांगते हुए जानकारी दी कि आज सुबह ही लोकसभा के पूर्व अध्यक्ष, पूर्व केंद्रीय मंत्री रहे शिवराज पाटिल के आकस्मिक निधन से अचानक सारे विधायी कार्य रोक कर शोक, श्रद्धांजलि में कुछ कम्युनिकेशन गैप हो गया जिसकी वजह से कोई कैबिनेट मंत्री राज्यसभा शुरू होते ही कार्यवाही में शिरकत नहीं कर सके। किरण रिजिजू ने बाद में शिवराज पाटिल के राज्यसभा सदस्य एक कार्यकाल का जिक्र करते हुए सरकार की ओर से उच्च सदन में भी श्रद्धांजलि दी। सदन ने पूर्व गृह मंत्री एवं पूर्व राज्यसभा सदस्य शिवराज पाटिल को श्रद्धांजलि भी दी और उनके योगदान को याद किया।

सदन में चुनाव सुधार पर विस्तृत चर्चा हुई। विपक्ष ने चुनाव आयोग की पारदर्शिता, मतदाता सूची की शुद्धता और चुनावी प्रक्रिया की निष्पक्षता पर कई सवाल खड़े किए। सरकार ने विपक्ष के आरोपों का जोरदार जवाब देते हुए कहा कि चुनाव व्यवस्था पूरी तरह पारदर्शी और विश्वसनीय है।


**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 सीआरपीसी देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **अशोक कुमार, पुत्र: दलशुख पता: सुभाष नगर, ख्याला, पश्चिमी दिल्ली** ने **FIR No. 388/2020 U/s 188/269/270 IPC & 3 Epidemic Disease Act, थाना: ख्याला, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया है कि उक्त अभियुक्त **अशोक कुमार** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अशोक कुमार** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है।)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 388/2020 U/s 188/269/270 IPC & 3 Epidemic Disease Act, थाना: ख्याला, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **अशोक कुमार** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **दिनांक 23.02.2026** को या उससे पूर्व हाज़िर हो।

आदेशानुसार
सुश्री शीतल रानी
न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी-12
पश्चिम, रूम नं. 152
DP/15849/WD/2025 (Court Matter) तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली


## राहुल की अध्यक्षता वाली बैठक में उठे सवाल

# फिर नहीं पहुंचे थरूर और तिवारी मामला फिर चर्चा का विषय बना

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



कांग्रेस सांसद शशि थरूर एक बार फिर चर्चाओं में हैं। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी की अध्यक्षता में हुई कांग्रेस लोकसभा सांसदों की बैठक में थरूर नहीं आए। हालांकि पार्टी सूत्रों के मुताबिक थरूर ने अपनी गैरमौजूदगी के बारे में पहले ही बता दिया था। थरूर के अलावा कांग्रेस के एक और वरिष्ठ नेता-चंडीगढ़ के सांसद मनीष तिवारी भी बैठक में शामिल नहीं हुए। थरूर की सोशल मीडिया एक्स टाइमलाइन के मुताबिक वे बीती रात कोलकाता में प्रभा खेतान फाउंडेशन की ओर से आयोजित एक कार्यक्रम में मौजूद थे।

### बार- बार की गैरमौजूदगी पर उठे सवाल

रूर की प्रमुख बैठकों से बार-बार गैरहाजिरी को लेकर पार्टी के अंदर अब सवाल उठने लगे हैं। हालांकि, थरूर ने बैठक से अपनी अनुपस्थिति को लेकर पहले ही नेतृत्व को जानकारी दे दी थी, लेकिन कांग्रेस के चीफ व्हिप का कहना है कि उन्हें उनकी अनुपस्थिति के कारण के बारे में कोई जानकारी नहीं है।

### राहुल ने की सांसदों के काम की तारीफ

राहुल ने निचले सदन में कांग्रेस सांसदों के साथ एक बैठक की अध्यक्षता की और पार्टी विधायकों के विचार भी सुने और उनका फीडबैक भी लिया। राहुल ने शुक्रवार को दोनों सदनों में वंदे मातरम और चुनाव सुधार पर बहस के दौरान अपनी पार्टी के सांसदों के काम की तारीफ की और दावा किया कि विपक्ष ने सरकार की कहानी की धज्जियां उड़ा दीं।


**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प कैथल | 4 अदद रोड की विशेष मरम्मत अर्थात 1) रत्ता खेड़ा से बुबाकपुर (आईडी 9454), 2) खेड़ी गुलाम अली से रामथाली (पहाड़पुर से रामथाली) कि.मी. 8.14 से 14.54 (आईडी 6973), 3) कैथल गुहला से खरकड़ा रोड (आईडी 6975), 4) कैथल जिले में अरनोली स्कूल से नसीब सुखदेव सिंह फार्म (आईडी 7047) (बाढ़ क्षतिग्रस्त रोड) (ओडीआर) (गुहला निर्वाचन क्षेत्र)। | बंद होने की तिथि 18.12.2025 | 345.69 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466390260 PWDEEPPD2KTL@GMAIL.COM |
| 2 | लोनिवि भ व प चण्डीगढ़ | अम्बाला जिले में एनएच 72 अम्बाला नारायणगढ़ रोड कि.मी. 1.00 से 3.50 (बलदेव नगर चौक से नारायणगढ़ रोड तक) की फोर लेनिंग के सेंट्रल वर्ज में प्लांटेशन का विकास। | 15.12.2025 23.12.2025 | 5.18 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9779691170 hortdivisionhrpwd@yahoo.com |
| 3 | पंचायती राज फरीदाबाद | गांव बेहबालपुर ब्लॉक बल्लभगढ़, जिला फरीदाबाद में अपशिष्ट जल की शोधन प्रक्रिया और ड्रेन्स (जीडब्ल्यूएम) का निर्माण + 6 कार्य। | 11.12.2025 19.12.2025 | 220.19 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9467905067 prexeeng.fbd@hry.nic.in |
| 4 | पंचायती राज भिवानी | गांव बगानवाला में राजकुमार दुहन के मकान से शिशपाल के मकान तक ड्रेन का निर्माण (डीएमएफ)। | 11.12.2025 16.12.2025 | 6.21 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1664243927 prexeeng.bhw@hry.nic.in |
| 5 | पंचायती राज फरीदाबाद | गांव धौज, ब्लॉक फरीदाबाद, जिला फरीदाबाद में आईपीबी सहित रास्ता और साइड ड्रेन्स की पेवमेंट, वीएजीवाई। | 11.12.2025 19.12.2025 | 47.77 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9467905067 prexeeng.fbd1@gmail.com |
| 6 | पंचायती राज भिवानी | ब्लॉक कैरू गांव जुई खुर्द #नेहवीन सोकेज पिट का निर्माण, जीएडब्ल्यूएम + 5 कार्य। | 11.12.2025 16.12.2025 | 44.81 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1664243927 prexeeng.bhw@hry.nic.in |
| 7 | पंचायती राज फतेहाबाद | जल्लोपुर - गांव जल्लोपुर ब्लॉक नागपुर जिला फतेहाबाद में रवि कम्बोज के खेत से कुलजीत सिंह के खेत तक मोगा नम्बर 50800/एल पर पाइप लाइन की स्थापना + 1 कार्य। | 11.12.2025 18.12.2025 | 16.79 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1667230855 prexeeng.ftb@hry.nic.in |
| 8 | पंचायती राज रेवाड़ी | गुरावड़ा ब्लॉक जाटूसाना जिला रेवाड़ी में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के निर्माण हेतु परामर्शदायी सेवाओं का प्रावधान। | 10.12.2025 16.12.2025 | 2469.69 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466112077 xenpr.rwr@gmail.com |
| 9 | महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान पंचकुला हरियाणा | निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, हरियाणा द्वारा अपेक्षित 6347 फ्रंटलाइन स्वास्थ्य कार्यकर्ता(ओं) अर्थात एमपीएचडब्ल्यू(एफ) एएनएमएस और 664 सीएचओएस हेतु एमडीएम के साथ-साथ स्मार्टफोन्स की अधिप्राप्ति के लिए निविदा। | 12.12.2025 12.01.2026 | | https://etenders.hry.nic.in dsndharyana.gov.in | 0172-2570122 Supplies@hry.nic.in |
| 10 | जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक, रोहतक | श्रम एवं ढुलाई और परिवहन। | 15.12.2025 20.12.2025 | | https://etenders.hry.nic.in | 9467511722 dfscroh@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in पीआरडीएच-11/2026/200/41150/I/88/7 दि. 12.12.25

## रोजगार सृजन के लिए कौशल विकास जरूरी



**नई दिल्ली।** देश में रोजगार के अवसर बढ़ाने और श्रमबल की उत्पादकता सुधारने के लिए भारत को मौजूदा बाधाओं को दूर करना होगा। आर्थिक शोध संस्थान एनसीएईआर की रिपोर्ट में यह बात कही गई है। रोजगार संभावनाओं पर केंद्रित रिपोर्ट कहती है कि गुणवत्तापूर्ण रोजगार के लिए कौशल विकास और छोटे उद्यमों को मजबूत बनाना बेहद जरूरी है।

# सेफ्टी के लिए मर्सिडीज बेंज की नई 'सीएलए' कार को मिली पूरे 5-स्टार रेटिंग

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

मर्सिडीज-बेंज की नई सीएलए कार ने हाल ही में यूरो एनसीएपी की सेफ्टी टेस्टिंग में धाकड़ प्रदर्शन करते हुए 5-स्टार रेटिंग हासिल कर ली है। यह टेस्ट यूरोप की सबसे भरोसेमंद सुरक्षा एजेंसी यूरो एनसीएपी द्वारा किया जाता है जो ये जांचता है कि किसी गाड़ी में सवार इंसानों और सड़क पर चलने वाले लोगों की सुरक्षा कितनी बेहतर है।

मर्सिडीज सीएलए ने अपनी सुरक्षा के हर अहम पहलू में जबरदस्त स्कोर प्राप्त किए हैं। इस साल की आखिरी टेस्टिंग राउंड में यह अपने सेगमेंट की टॉप-रेटिंग कारों में शामिल हो गई है। टेस्ट में कार फौलाद सी मजबूत निकली और इस कार का लोहा काफी मजबूत निकला।

### यूरोप की भरोसेमंद सुरक्षा एजेंसी यूरो एनसीएपी द्वारा किया जाता है टेस्ट

#### शानदार ऑटोनॉमस इमरजेंसी ब्रेकिंग

*सड़क पर चलने वाले पैदल यात्रियों और बाइकर्स की सुरक्षा को लेकर भी सीएलए ने बेहतरीन प्रदर्शन किया है। वल्नरेबल रोड यूजर्स प्रोटेक्शन कैटेगरी में इसे शानदार 93 प्रतिशत स्कोर मिला। यह स्कोर बताता है कि कार की ब्रेकिंग और सेफ्टी टेक्नोलॉजी किसी भी संभावित दुर्घटना में नुकसान को काफी हद तक कम कर सकती है। बता दें कि यूरो एनसीएपी ने खासतौर पर इसकी ऑटोनॉमस इमरजेंसी ब्रेकिंग तकनीक की प्रशंसा की है जो खतरा भांपकर खुद ब्रेक लगा देती है।*




*एडल्ट सेफ्टी में 94 प्रतिशत स्कोर : टेस्टिंग से पता चला कि मर्सिडीज सीएलए ने एडल्ट ऑक्यूपेंट प्रोटेक्शन में दमदार 94 प्रतिशत स्कोर हासिल किया। यानी आगे और पीछे बैठे यात्रियों की सेफ्टी के लिहाज से यह बेहद मजबूत कार है।*

#### लग्जरी के साथ टॉप क्लास सेफ्टी भी

आखिर में सेफ्टी असिस्ट टेक्नोलॉजी के टेस्ट में सीएलए ने 85 प्रतिशत स्कोर कर यह साफ कर दिया कि इसके ड्राइवर-असिस्ट फीचर्स भी बेहद भरोसेमंद हैं। इन सभी स्कोर के साथ नई मर्सिडीज सीएलए ने 2025 की यूरो एनसीएपी टेस्टिंग को शानदार 5-स्टार रेटिंग के साथ पूरा किया है। कुल मिलाकर, लग्जरी के साथ टॉप-क्लास सेफ्टी चाहने वालों के लिए सीएलए एक मजबूत और विश्वसनीय ऑप्शन बनकर सामने आई है।

## जनवरी से वाहनों के दाम दो प्रतिशत तक बढ़ाएगी

मर्सिडीज-बेंज इंडिया जनवरी से वाहनों की कीमत दो प्रतिशत तक बढ़ाएगी। वाहन विनिर्माता यूरो के मुकाबले रुपये के मूल्य में गिरावट के प्रभाव को कम करने के लिए यह कदम उठा रही है। मर्सिडीज-बेंज इंडिया ने कहा कि कीमतों में दो प्रतिशत की सीमा तक की गिरावट 2025 के दौरान लक्जरी वाहन बाजार में व्याप्त निरंतर विदेशी मुद्रा दबाव को दर्शाती है। मर्सिडीज-बेंज इंडिया के प्रबंध निदेशक (एमडी) और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) संतोष अय्यर ने कहा, मुद्रा संबंधी प्रतिकूल परिस्थितियां इस वर्ष हमारी अपेक्षा से अधिक समय तक बनी रही, यूरो लगातार 100 रुपये के ऊपर कारोबार कर रहा है।

## नवंबर में खुदरा मुद्रास्फीति बढ़कर 0.71 प्रतिशत पर पहुंची

# आम लोगों को बड़ा झटका, खुदरा महंगाई में इजाफा, खाने पीने की कीमतों में आई तेजी

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

खाद्य पदार्थों की कीमतों में बढ़ोतरी के बीच खुदरा मुद्रास्फीति नवंबर में बढ़कर 0.71 प्रतिशत पर पहुंच गई, जबकि अक्टूबर में यह 0.25 प्रतिशत के रिकॉर्ड निचले स्तर पर थी। सरकारी आंकड़ों से शुक्रवार को यह जानकारी मिली।

उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) पर आधारित खुदरा मुद्रास्फीति नवंबर में लगातार दसवें महीने आरबीआई के चार प्रतिशत के लक्ष्य के नीचे रही। यह लगातार दूसरा महीना है जब खुदरा मुद्रास्फीति एक प्रतिशत से भी कम रही।

### नवंबर में खाद्य मुद्रास्फीति 3.91 फीसदी गिरी

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) के आंकड़ों के मुताबिक, नवंबर में खाद्य मुद्रास्फीति में 3.91 प्रतिशत की गिरावट रही, जबकि अक्टूबर में यह गिरावट 5.02 प्रतिशत थी।

### अंडे, मांस, मछली और ईंधन की कीमतों में हुई वृद्धि

नवंबर में कुल (हेडलाइन) और खाद्य मुद्रास्फीति में बढ़ोतरी मुख्य रूप से सब्जियों, अंडे, मांस एवं मछली, मसाले, ईंधन और बिजली की कीमतों में वृद्धि के कारण हुई। ईंधन और बिजली की मुद्रास्फीति नवंबर में 2.32 प्रतिशत रही, जो अक्टूबर में 1.98 प्रतिशत थी।

### अक्टूबर में रिटेल महंगाई 0.25 प्रतिशत के रिकॉर्ड निचले स्तर पर थी

#### कुछ सब्जियों की कीमतों में बढ़ोतरी

*रेटिंग एजेंसी इक्रा की मुख्य अर्थशास्त्री अदिति नायर ने कहा कि कुछ सब्जियों की कीमतों में बढ़ोतरी और तुलनात्मक आधार सामान्य होते रहने से अगली खुदरा मुद्रास्फीति 1.5 प्रतिशत को पार कर सकती है।*



- नवंबर में लगातार दसवें महीने आरबीआई के चार प्रतिशत लक्ष्य के नीचे रही
- यह दूसरा महीना जब खुदरा मुद्रा-स्फीति एक प्रतिशत से भी कम रही

*ब्याज दर में कटौती का दौर अब समाप्ति की ओर : हालांकि भारद्वाज ने कहा कि ब्याज दर में कटौती का दौर अब समाप्ति की ओर है, और इसके बाद लंबी अवधि के लिए दर में स्थिरता बनी रहेगी।*

#### आगे मुद्रास्फीति बढ़ने का अनुमान

कोटक महिंद्रा बैंक की मुख्य अर्थशास्त्री उपासना भारद्वाज ने कहा, /"मुद्रास्फीति के आगे चलकर बढ़ने का अनुमान है लेकिन अगले वित्त वर्ष की पहली छमाही तक यह अपेक्षाकृत नियंत्रित ही रहेगी। रबीआई ने अगले कदम आंकड़ों के आधार पर ही उठाने का संकेत दिया है, लिहाजा रेपो दर में 0.25 प्रतिशत कटौती की संभावना बनी हुई है।/"

#### फरवरी 2026 में ब्याज दर रह सकती है स्थिर

नायर ने कहा, /"वृद्धि एवं मुद्रास्फीति के बदलते परिदृश्य के साथ आगामी केंद्रीय बजट में घोषित होने वाले वित्तीय उपाय भी मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की अगली बैठक के फैसलों की राह दिखाएंगे। हमारा मत है कि फरवरी 2026 में एमपीसी नीतिगत ब्याज दर को स्थिर रखेगी।/"

#### अगले दो तिमाही कीमतें स्थिर रहेगी

उद्योग मंडल पीएचडीसीसीआई के महासचिव एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी रंजीत मेहता ने कहा कि अगले दो तिमाहियों में मुद्रास्फीति खाद्य कीमतों में स्थिरता, जीएसटी दरों के संतुलन, बिजली की उचित कीमतें और आरबीआई की रणनीतिक मौद्रिक नीतियों के कारण प्रबंधन-योग्य दायरे में रहेगी।

# चांदी 5,100 रुपये बढ़कर 1.99 लाख प्रति किलोग्राम के नए शिखर पर

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली



राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में शुक्रवार को चांदी की कीमत में लगातार तीसरे दिन तेजी आई और यह 5,100 रुपये बढ़कर 1,99,500 रुपये प्रति किलोग्राम के नए शिखर पर पहुंच गई। सुरक्षित निवेश संबंधी परिसंपत्तियों की सतत वैश्विक मांग के बीच चांदी के भाव में तेजी आई है। अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी। चांदी बृहस्पतिवार को 2,400 रुपये बढ़कर 1,94,400 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। इससे एक दिन पहले बुधवार को इसमें 11,500 रुपये की तेजी आई थी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के शोध विश्लेषक दिलीप परमार ने कहा, ''घरेलू बाजार में, हाजिर चांदी की कीमतों ने एक बार फिर नये ऊंचाई को छुआ। वहीं सोने दाम में भी काफी बढ़ोतरी हुई, जो रिकॉर्ड स्तर के पास पहुंच गयी है। सराफा संघ के अनुसार, स्थानीय सराफा बाजार में 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 1,110 रुपये बढ़कर 1,33,600 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी टैक्स मिलाकर) हो गया, जबकि पिछले कारोबारी सत्र में यह 1,32,490 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। उन्होंने कहा, ''कीमती धातु में उछाल का कारण मुख्य रूप से कमजोर रुपये और लगातार निवेश की मांग है।'' अंतरराष्ट्रीय बाजार में, हाजिर सोना 58.61 डॉलर यानी 1.37 प्रतिशत बढ़कर 4,338.40 डॉलर प्रति औंस हो गया।

## भारत में रूसी कच्चे तेल का आयात उच्च स्तर पर

**नई दिल्ली।** भारत का रूस से कच्चा तेल आयात नवंबर में चार प्रतिशत बढ़कर पांच महीनों में सबसे अधिक 2.6 अरब यूरो तक पहुंच गया। इस तेल से परिष्कृत ईंधन की बड़ी मात्रा ऑस्ट्रेलिया को निर्यात की गई। यूरोप के एक शोध संस्थान ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। 'सेंटर फॉर रिसर्च ऑन एनर्जी एंड क्लीन एयर' (सीआरईए) ने एक रिपोर्ट में कहा कि रूसी कच्चे तेल के मामले में भारत नवंबर में चीन के बाद दूसरा सबसे बड़ा खरीदार रहा।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद मुंगेली, जिला-मुंगेली (छ.ग.)**

क्र. 1067/न.पा./लो.नि.वि./2025-26 मुंगेली, दिनांक 12/12/2025

**प्रथम ई-प्रोक्युरमेंट निविदा सूचना**

नगर पालिका परिषद मुंगेली द्वारा निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु निम्नानुसार ऑनलाईन ई-निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| सिस्टम निविदा क्र. | कार्य का नाम | अनु. व्यय राशि (लाख में) | अमानत राशि | कार्य अवधि | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|
| 181688 | Design, Construction, Testing, Commissioning of All the Components of Interception and Diversion Based Sewage Treatment Plant (STP) Work including 05 years of Operation and Maintenance of the Entire system in Nagar Palika Parishad, Mungeli under SBM 2.0 | 624.09 | 312000 | 18 माह | सक्षम श्रेणी |

टीप-निविदा प्रपत्र नगरीय प्रशासन विभाग के वेबसाईट http://eproc.cgstate.gov.in) में अवलोकन किया जा सकता है।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद मुंगेली

# दूसरे दिन तेजी, सेंसेक्स 450 अंक उछला

एजेंसी ▸▸ मुंबई



सकारात्मक वैश्विक संकेतों और धातु शेयरों में लिवाली के बीच घरेलू शेयर बाजार शुक्रवार को लगातार दूसरे दिन चढ़कर बंद हुआ। सेंसेक्स में 449 अंकों की तेजी रही जबकि निफ्टी एक बार फिर 26,000 के स्तर के पार पहुंच गया। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 449.53 अंक यानी 0.53 प्रतिशत की बढ़त के साथ 85,267.66 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 502.69 अंक चढ़कर 85,320.82 तक पहुंच गया था। एनएसई का मानक सूचकांक निफ्टी भी 148.40 अंक यानी 0.57 प्रतिशत मजबूत होकर 26,046.95 अंक पर बंद हुआ। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, /"अमेरिकी केंद्रीय बैंक द्वारा ब्याज दर में कटौती किए जाने के बाद वैश्विक निवेशकों की जोखिम लेने की प्रवृत्ति बढ़ी है। इससे रुपये में गिरावट जारी रहने और विदेशी निवेशकों की बिकवाली के बावजूद तरलता में सुधार की उम्मीद बनी और घरेलू बाजारों को सहारा मिला।

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

(धारा 82 सीआरपीसी देखिए)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **गीता उर्फ प्रीति पत्नी पवन पता मकान नं. F-1/221, सुदंर नगरी नंद नगरी, नॉर्थ-इस्ट, दिल्ली के सामने ने एफआईआर सं. 586/2019 धारा 135 आई ई एक्ट के तहत** थानाः नंद नगरी दिल्ली के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **गीता उर्फ प्रीति** मिल नहीं रही है और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **गीता उर्फ प्रीति** फरार हो गयी है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रही है)। अतः इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **एफआईआर सं. 586/2019 धारा 135 आई ई एक्ट के तहत** थानाः नंद नगरी, दिल्ली **के उक्त गीता उर्फ प्रीति** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **19.01.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
आशीष रस्तोगी
अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश-05
कमरा नं. 21, पहली मंजिल
कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली
DP/16527/NE/2025

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82 सीआरपीसी / 84 बीएनएसएस देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **1. विपिन बैसोया उर्फ जेडी पुत्रः करतार सिंह पताः 501, हद्दू मोहल्ला, मदनपुर खादर, दिल्ली 2. रमन बिधूड़ी उर्फ काली पुत्रः विनोद कुमार पताः मकान नं. 186, हद्दू मोहल्ला, मदनपुर खादर, दिल्ली** ने **FIR No. 233/2025 U/s 115(2)/117(2)/126(2)/303(2)/333/351(3)/3(5)/190/191(1)/191(2)/61(2) BNS, थानाः न्यू फ्रेन्डस कॉलोनी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उन्होंने किया है) और उन पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया है कि उक्त अभियुक्त **1. विपिन बैसोया उर्फ जेडी 2. रमन बिधूड़ी उर्फ काली** मिल नहीं रहे हैं और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **1. विपिन बैसोया उर्फ जेडी 2. रमन बिधूड़ी उर्फ काली** फरार हो गये हैं (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहे हैं।)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 233/2025 U/s 115(2)/117(2)/126(2)/303(2)/333/351(3)/3(5)/190/191(1)/191(2)/61(2)BNS, थानाः न्यू फ्रेन्डस कॉलोनी, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **1. विपिन बैसोया उर्फ जेडी 2. रमन बिधूड़ी उर्फ काली** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **दिनांक 02.02.2026** को या उससे पूर्व हाज़िर हों।

आदेशानुसार
श्री विनोद जोशी
अतिरिक्त मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी
दक्षिण पूर्व जिला, कोर्ट नं. 515
साकेत कोर्ट, दिल्ली
DP/16493/SE/2025 (Court Matter)

## राशिफल

**मेष** – रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। खर्चों में वृद्धि होगी। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पिता का साथ मिलेगा।

**वृष** – परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। मानसिक शान्ति रहेगी,परन्तु बातचीत में संयत रहें। लाभ के अवसर मिलेंगे।

**मिथुन** – तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी।सेहत का ध्यान रखें। धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी। कार्यक्षेत्र में कुछ समस्याएं परेशान कर सकती हैं।

**कर्क** – आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। नौकरी में तरक्की के अवसर मिलेंगे। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**सिंह** – कारोबार में लाभ के अवसर मिलेंगे। यात्रा खर्च बढ़ सकते हैं। किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। रहन-सहन कष्टमय रहेगा।

**कन्या** – परिवार की जिम्मेदारी बढ़ सकती हैं। शैक्षिक कार्यों में सफल रहेंगे। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि हो सकती है। क्रोध के अतिरेक से बचें।

**तुला** – धैर्यशीलता में कमी आ सकती है। वाहन के रखरखाव पर खर्च बढ़ेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। चिकित्सीय खर्च बढ़ सकते हैं।

**वृश्चिक** – भाग-दौड़ अधिक रहेगी। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखने का प्रयास करें। वस्त्र उपहार में प्राप्त हो सकते हैं।

**धनु** – कार्यक्षेत्र में तरक्की के योग हैं। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक या बौद्धिक कार्यों में सम्मान की प्राप्ति हो सकती है।

**मकर** – व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकता है।

**कुंभ** – तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। पठन-पाठन में रुचि रहेगी। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि के स्रोत विकसित होंगे।

**मीन** – दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। परिश्रम अधिक रहेगा। लाभ के अवसर बढ़ेंगे। वाणी में मधुरता रहेगी।

# मेक्सिको के शुल्क वृद्धि से भारतीय निर्यात पर पड़ेगा असर

**नई दिल्ली।** विशेषज्ञों ने कहा है कि मेक्सिको में आयात शुल्क बढ़ाए जाने से भारत के वाहनों, वाहन कलपुर्जों, इलेक्ट्रॉनिक उत्पाद, धातु एवं रसायन जैसे प्रमुख क्षेत्रों के निर्यात पर गंभीर असर पड़ने की आशंका है। मेक्सिको को होने वाले 5.75 अरब डॉलर के भारतीय निर्यात के लगभग तीन-चौथाई हिस्से को सीधे प्रभावित करेगा। मेक्सिको में कारोबार करने के वाणिज्यिक तर्क पर बुनियादी असर पड़ेगा। मेक्सिको की संसद के दोनों सदनों से पारित यह निर्णय एक जनवरी, 2026 से लागू होगा। इसके तहत उन देशों से आने वाले सामान पर पांच से 50 प्रतिशत तक का बढ़ा हुआ शुल्क लगाया जाएगा, जिनके साथ मेक्सिको का कोई मुक्त व्यापार समझौता नहीं है। भारत की प्रतिस्पर्धा कमजोर होगी यह बदलाव भारतीय मोबाइल निर्यातकों के लिए मेक्सिको का बाजार बंद होने की तरह है। निर्यातकों के संगठन फियो के महानिदेशक अजय सहाय ने कहा कि इतने अधिक शुल्क से भारत की प्रतिस्पर्धा कमजोर होगी और आपूर्ति श्रृंखलाएं बाधित होंगी। यह घटना भारत और मेक्सिको के बीच एक व्यापक व्यापार समझौते को तेजी से आगे बढ़ाने की जरूरत को भी रेखांकित करती है। दूसरा बड़ा निर्यात मशीनरी का भारत का मेक्सिको को दूसरा सबसे बड़ा निर्यात मशीनरी का है लेकिन अब इस पर शुल्क पांच-10 प्रतिशत से बढ़कर 25-35 प्रतिशत तक हो जाएगा। इससे पूंजीगत सामान की लागत बढ़ेगी और मांग घटेगी। धातु क्षेत्र में शुल्क वृद्धि और भी कठोर है। एल्युमिनियम पर शुल्क को बढ़ाकर 25-35 प्रतिशत कर दिया गया है जबकि लौह-इस्पात और उनसे बने उत्पादों पर शुल्क 15 प्रतिशत से बढ़कर 35 प्रतिशत कर दिया गया है।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **रितिक** पुत्र रोहताश निवासी मकान नं. वाई-58, मंगोलपुरी, दिल्ली ने प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 261/2014 धारा 304(2)/317(2)/3(5) भारतीय न्याय संहिता, थाना विजय विहार, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **रितिक** मिल नहीं रहा है, और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **रितिक** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इसके खिलाफ माननीय अदालत द्वारा धारा 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की कार्यवाही जारी हो चुकी है। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 261/2014 धारा 304(2)/317(2)/3(5) भारतीय न्याय संहिता, थाना विजय विहार, दिल्ली के उक्त अभियुक्त **रितिक** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **27.01.2026** को हाजिर हो।

आदेशानुसारः सुश्री शगुन,
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी -06, (उत्तर पश्चिम)
कमरा नं. 109,
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली
DP/16608/RD/2025

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

धारा 82(2)(ii) Cr. P.c. देखें

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **हरविन्दर सिंह पुत्र** सुरेन्दर सिंह, **निवासः** म.नं. C-50, अपर प्रथम तल, खसरा नं. 17/13, ब्लॉक-C, चन्दर विहार, निलोठी एक्सटेंशन, दिल्ली ने **FIR No. 1069/24 U/s 115(2)/126(2)/351(3) भारतीय न्याय संहिता-2023 थानाः निहाल विहार, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **हरविन्दर सिंह** मिल नही रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **हरविन्दर सिंह** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 1069/24 U/s 115(2)/126(2)/351(3) भारतीय न्याय संहिता-2023 थानाः निहाल विहार, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **हरविन्दर सिंह** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **22.01.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
कोमल गर्ग
एलडी. जेएमएफसी-03, (पश्चिम)
कमरा नं. 292, तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली
DP/16730/OD/2025
(Court Notice)

## शब्द पहेली - 6076



**बाएँ से दाए**


1. असहकार-5
4. शत्रुता,दुश्मनी-4
7. नाच,नृत्य (उर्दू-2)
8. विष्णु का वाहन-3
9. मादा का विलोम-2
10. ईश्वर,शिव-4
11. संज्ञा,संबोधन-2
13. वेग,गति-3
14. महसूल,राहदरी-2
15. अंधकार,अंधेरा-3
17. कुंजी,ताली-2
19. गोलाकार-5
22. इतरता,बेगानापन-5
25. समय,वक्त-2
26. स्याही का पात्र-3
28. अच्छा,सद् पुरुष-2
29. अदृश्य-3
30. मिट्टी,धूल-2
32. नट,बाजीगरी करने वाला-4
34. टैक्स,हाथ-2
36. बोलने का तरीका-3
37. खदान-2
38. जो जायज न हो-4
39. श्री रामचंद्र का नाम-5

**ऊपर से नीचे**

1. तराजू डंडा,पासा-2
2. पराजित करना-3
3. बहुत लंबा -5
4. रुकना,अड़ जाना-3
5. जंगल,कानन-2
6. तीर रखने का पात्र-4
7. सार-संभाल-2,3
10. पूंजी,धन-4
12. वोट,राय-2
16. राजा,महाराजा-3
17. चतुर्थ,चौथा-2
18. हलवा-2
20. पक्षाघात-3
21. तन,देह-2
22. क्षण-2
23. स्मारक-4
24. चोर,लुटेरा-5
25. जैकी श्राफ, अनिल कपूर,किमी काटकर व फराह अभिनीत फिल्म -5
26. टूटना,बिखरना-4
27. पानी से सराबोर-2
31. कमल,नीरज-3
33. बादलों की गड़गड़ाहट-3
35. छुट्टी,अवकाश-2
37. राख,मिट्टी-2

**शब्द पहेली - 6075 का हल**





# रूड़की शहीद बैतून सिंह स्टेडियम पहुंचे वर्ल्ड बॉक्सिंग फाउंडिंग प्रेसिडेंट बोरिश वैन, बेटियों संग खिलाड़ियों का बढ़ाया उत्साह

## परिवार संग दूसरी यात्रा, खिलाड़ियों को मिला बड़ा प्रेरणा स्रोत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रोहतक

वर्ल्ड बॉक्सिंग के फाउंडिंग प्रेसिडेंट बोरिस वेन दूसरी बार रूड़की के शहीद बैतून सिंह स्टेडियम पहुंचे। इस बार उनकी यात्रा और भी खास रही क्योंकि वे अपनी पत्नी इंगीबोर्ग और दोनों बेटियों विटोरिया तथा टेडी के साथ आए। यहां के खिलाड़ियों की मेहनत, अनुशासन और प्रगति से प्रभावित होकर वे उन्हें फिर से देखने और उनके उत्साह को बढ़ाने पहुंचे। उन्होंने खिलाड़ियों से मुलाकात की, उन्हें प्रेरित किया और अपनी बेटियों को भी इस वातावरण से परिचित करवाया। उनके आगमन से खिलाड़ियों में उत्साह का माहौल देखने को मिला। उन्होंने मीनाक्षी हुड्डा से भी मुलाकात की और उनके खेल प्रदर्शन की सराहना की। कार्यक्रम में आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी हुईं, जिनका बोरिश और उनके परिवार ने भरपूर आनंद उठाया। उन्होंने कहा कि उनकी यह दूसरी यात्रा इस स्थान के प्रति उनके विश्वास को और मजबूत करती है क्योंकि यहां के खिलाड़ियों की ऊर्जा और समर्पण उन्हें हमेशा प्रभावित करता है। वे चाहते थे कि उनका परिवार भी इस सकारात्मक माहौल को महसूस करे। भारत में बॉक्सिंग का भविष्य काफी उज्ज्वल दिखाई दे रहा है और वे भारतीय खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बेहतर अवसर दिलाने के लिए प्रयासरत हैं। उनकी पत्नी इंगीबोर्ग ने कहा कि भारतीय खिलाड़ियों की मेहनत, समर्पण और आतिथ्य ने उन्हें बेहद प्रभावित किया है। उन्होंने महसूस किया कि यहां की संस्कृति दिल को छूने वाली है और खिलाड़ियों की मेहनत उनके हावभाव में दिखाई देती है। वे खुश थीं कि उनकी बेटियों ने भी इस माहौल को करीब से महसूस किया और खेल व संस्कृति के इस सुंदर संगम का आनंद लिया। बोरिश की बेटी विटोरिया व टेडी ने कहा कि उन्होंने पहली बार इतने समर्पित और अनुशासित युवा खिलाड़ियों को देखा। उनकी ट्रेनिंग देखकर वे भी प्रेरित हुईं और भारतीय संस्कृति से बेहद प्रभावित रहीं। यहां की ऊर्जा और वातावरण उन्हें बहुत पसंद आया। खिलाड़ियों की मेहनत ने उन्हें भी कुछ नया सीखने की प्रेरणा दी और सांस्कृतिक कार्यक्रम उनके लिए यादगार अनुभव रहा।





### यह बोले हरियाणा बाक्सिंग संघ के अध्यक्ष

अध्यक्ष मेजर सत्यपाल सिंधु ने कहा कि हरियाणा के खिलाड़ियों के लिए बोरिश का आगमन अत्यंत प्रेरणादायक है और इससे उनके खेल में नई ऊर्जा आती है। हरियाणा हमेशा से बॉक्सिंग में उत्कृष्ट रहा है और यहां के खिलाड़ियों की प्रतिभा, अनुशासन और जीत का जज्बा प्रशंसनीय है। उन्होंने विश्वास जताया कि अंतरराष्ट्रीय स्तर के अनुभव और मार्गदर्शन से खिलाड़ियों के प्रदर्शन में और निखार आएगा।

### खिलाड़ियों के लिए यह बड़ा अवसर

बाक्सिंग फेडरेशन आफ इंडिया के एग्जिक्यूटिव डायरेक्टर कर्नल अरूण मलिक ने कहा कि रूड़की के खिलाड़ियों के लिए यह एक बड़ा अवसर है, जहां अंतरराष्ट्रीय हस्तियों से मिलने का मौका मिल रहा है। इससे खिलाड़ियों का आत्मविश्वास बढ़ता है और वे अपने खेल को नई दिशा दे पाते हैं। हरियाणा बाक्सिंग संघ के सचिव ओमबीर हुड्डा ने कहा कि बोरिश का यहां आना पूरे खेल समुदाय के लिए गर्व की बात है और ऐसे अवसर खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय दृष्टिकोण देते हैं। उन्होंने कहा कि हरियाणा के खिलाड़ी हमेशा प्रतिभा में आगे रहे हैं और संगठन उन्हें सर्वोत्तम सुविधाएं देने के लिए प्रयासरत है।

### खिलाड़ियों के लिए ये पल बेहद खास

सांई के सीनियर कोच अनिल कुमार ने कहा कि खिलाड़ियों के लिए ये पल बेहद खास होते हैं जब उन्हें अंतरराष्ट्रीय हस्तियों से मार्गदर्शन मिलता है। इससे उनकी मानसिक और तकनीकी क्षमता दोनों में वृद्धि होती है। उन्होंने कहा कि रूड़की के खिलाड़ी मेहनती हैं और ऐसे प्रेरक अवसर उन्हें उच्च स्तर तक पहुंचने में मदद करेंगे। बोरिश वैन और उनके परिवार की यह यात्रा खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा का बड़ा स्रोत साबित हुई और पूरे स्टेडियम में नई ऊर्जा का संचार कर गई।

## खबर संक्षेप



### द.अफ्रीका में भारतीय हॉकी टीम का विजयी अभियान

**स्टेलनबोश।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम को दक्षिण अफ्रीका दौरे पर एक भी मुकाबले में हार का सामना नहीं करना पड़ा, जिसमें दो टेस्ट मैच और एक मैत्री मैच शामिल था। भारत ने पहले मैच में शिलानंद लाकड़ा, आदित्य अर्जुन लालगे और अमित रोहिदास के गोल की बदौलत 5-2 से जीत दर्ज की। सोमवार को खेला गया दूसरा टेस्ट 2-2 से ड्रॉ रहा, जिसमें कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने दो गोल दागे। वहीं बुधवार को खेले गए मैत्री मुकाबले में भी भारत ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 4-1 से जीत हासिल की। इस मुकाबले में सुखजीत सिंह, अमित रोहिदास, हार्दिक सिंह और मनदीप सिंह ने गोल किए।

### एसए20 में प्रिटोरिया के कप्तान बने महाराज



**जोहानिसबर्ग।** दक्षिण अफ्रीका के सीनियर स्पिनर केशव महाराज आगामी एसए20 क्रिकेट टूर्नामेंट में प्रिटोरिया कैपिटल्स की कप्तानी करेंगे। आयोजकों ने इसकी घोषणा की। महाराज सीमित ओवरों की क्रिकेट में दक्षिण अफ्रीका की कप्तानी कर चुके हैं। उन्होंने अब तक 40 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं, जिनमें उनके नाम पर 38 विकेट दर्ज हैं। बाएं हाथ के इस स्पिनर ने एसए20 में 33 मैचों में 7.3 की इकॉनमी रेट से 27 विकेट लिए हैं। एसए20 ने कहा, 'दक्षिण अफ्रीका के सबसे अनुभवी खिलाड़ियों में से एक महाराज खेल के विभिन्न प्रारुपों में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर व्यापक अनुभव रखते हैं।

### हॉकी विश्व कप में दसवें स्थान पर महिला जूनियर टीम



**सैंटियागो।** भारत को एफआईएच जूनियर महिला हॉकी विश्व कप के अंतिम क्लासिफिकेशन मैच में स्पेन से 1-2 से हार का सामना करना पड़ा और इस तरह से वह प्रतियोगिता में दसवें स्थान पर रहा। भारत की तरफ से एकमात्र गोल कनिका सिवाच ने 41वें मिनट में किया जबकि स्पेन की तरफ से नतालिया विलनोवा (16वें) और एस्थर कैनालेस (36वें) ने एक-एक गोल किया। पहले क्वार्टर में काफी रोमांचक खेल देखने को मिला। इस दौरान स्पेन एक समय गोल करने के बेहद करीब पहुंच गया था लेकिन भारतीय गोलकीपर निधि ने दो अवसरों पर शानदार बचाव करके गोल नहीं होने दिया। स्पेन को 14वें मिनट में मैच का पहला पेनल्टी कॉर्नर मिला, जिसे निधि ने एक बार फिर से बचा दिया। दूसरे क्वार्टर के शुरुआती क्षणों में स्पेन ने जवाबी हमला किया और नतालिया विलनोवा ने गोल करके अपनी टीम को बढ़त दिला दी।

### कोलकाता 25 में गुलवीर और संजीवनी पेश करेंगे चुनौती



**कोलकाता।** राष्ट्रीय 10,000 मीटर और 5,000 मीटर रिकॉर्ड धारक गुलवीर सिंह और महिला वर्ग की मौजूदा चैंपियन संजीवनी जाधव 21 दिसंबर को कोलकाता में टाटा स्टील विश्व 25के (25 किलोमीटर दौड़ स्पर्धा) में भारतीय एलीट वर्ग में शीर्ष स्थान हासिल करने के लिए चुनौती पेश करेंगे। देश के सबसे तेज लंबी दूरी के धावक और 5000 मीटर की दौड़ को 13 मिनट के अंदर पूरा करने वाले पहले भारतीय बने गुलवीर सिंह इस आयोजन के 10वें सत्र के मुख्य आकर्षण होंगे। इस स्पर्धा में कुल 142,214 डॉलर की पुरस्कार राशि है, जिसमें पुरुषों और महिलाओं के लिए समान पुरस्कार राशि है।


## अंडर 19 एशिया कप : सूर्यवंशी ने 95 गेंदों पर खेली 171 रन की शानदार पारी

# गरजा वैभव का बल्ला, 180 के स्ट्राइक रेट से ठोके रन, छक्कों का बनाया विस्फोटक रिकॉर्ड

एजेंसी ⏭ दुबई

अंडर 19 एशिया कप के पहले ही लीग मैच में वैभव सूर्यवंशी ने अपनी बल्लेबाजी का कमाल दुबई में दिखाया। यूएई के खिलाफ वैभव ने इस मैच में अपना अर्धशतक 30 गेंदों पर तो वहीं शतक 56 गेंदों पर पूरा किया और उन्होंने 95 गेंदों पर 171 रन की शानदार पारी खेली और इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 180.00 रहा। वहीं उन्होंने 14 छक्के और 9 चौके लगाए। इन 14 छक्कों के दम पर वैभव ने बड़े रिकॉर्ड भी अपने नाम कर लिए। वैभव की इस पारी के दम पर भारत ने अंडर 19 एशिया कप का सबसे बड़ा स्कोर भी बनाया। यूएई के खिलाफ इंडिया अंडर-19 ने 6 विकेट पर 433 रन बनाए। वैभव ने अपनी पारी के दौरान 14 छक्के लगाकर दो एशियाई रिकॉर्ड को तोड़ दिया। वैभव से पहले अफगानिस्तान के दरविश रसूली ने 2017 में अंडर 19 एशिया कप मैच में यूएई के खिलाफ एक पारी में 10 छक्के लगाए थे। इससे पहले साल 2008 में ऑस्ट्रेलिया के माइकल हिल ने 12 छक्के एक पारी में लगाए थे। लेकिन अब सूर्यवंशी के नाम अंडर 19 एशिया कप में एक पारी में सबसे ज्यादा छक्के लगाने का रिकॉर्ड दर्ज हो गया। वैभव अब यूथ वनडे मैचों की एक पारी में सबसे अधिक छक्के लगाने वाले दुनिया के पहले बैटर बन गए हैं।

वैभव का 2025 में छठा शतक ..




वैभव का यह 2025 में छठा शतक था। ये सभी शतक साढ़े सात महीने अप्रैल के अंत से दिसंबर तक आए हैं। इस आंकड़े में अभी इजाफा हो सकता है क्योंकि अंडर-19 एशिया कप की अभी शुरुआत ही हुई है। वैभव ने इंडियन प्रीमियर लीग से लेकर ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड दौरे तक पर अपना जलवा दिखाया है।

### आईपीएल में शतक

आईपीएल 2025 में राजस्थान रॉयल्स के लिए खेलते हुए वैभव सूर्यवंशी ने 28 अप्रैल को गुजरात टाइटंस के खिलाफ 35 गेंदों पर शतक जड़कर तहलका मचा दिया था। वह आईपीएल में शतक लगाने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बन गए थे।

### यूथ वनडे में शतक

वैभव ने आईपीएल के बाद अपना जलवा इंग्लैंड में दिखाया। इंडिया अंडर-19 और इंग्लैंड अंडर-19 के बीच 5 मैचों की यूथ वनडे सीरीज के पांचवें मैच में उन्होंने 52 गेंदों पर शतक जड़ा। वैभव ने इस मैच में 10 छक्कों और 13 चौकों के साथ 78 गेंदों पर 143 रन की पारी खेली।

### एशिया कप राइजिंग स्टार्स

एशिया कप राइजिंग स्टार्स 2025 में इंडिया ए के लिए वैभव सूर्यवंशी ने यूएई के खिलाफ 32 गेंदों पर शतक ठोक दिया था। उन्होंने 42 गेंदों पर 144 रन ठोक दिए थे। उन्होंने 11 चौके और 15 छक्के लगाए।

### सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में शतक

वैभव सूर्यवंशी का जलाव सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में भी देखने को मिला। बिहार के लिए खेलते हुए 14 साल के खिलाड़ी ने महाराष्ट्र के खिलाफ 61 गेंदों पर नाबाद 108 रन की पारी खेली। यह उनके टी20 करियर का तीसरा शतक था।

### अंडर-19 एशिया कप में शतक

वैभव सूर्यवंशी ने 12 दिसंबर को संयुक्त अरब अमीरात के खिलाफ 95 गेंदों पर 171 रनों की पारी खेली।

### यूथ टेस्ट में शतक

वैभव ने यूथ टेस्ट में शतक जड़ा। इंडिया और ऑस्ट्रेलिया अंडर-19 में 78 गेंदों पर ताबड़तोड़ शतक जड़ा।

### 234 रन से हारा यूएई

भारत ने अंडर-19 वनडे एशिया कप के अपने शुरुआती मैच में यूएई को 234 रन के बड़े अंतर से हराया। यूएई ने लक्ष्य का पीछा करते हुए 53 रन तक छह विकेट गंवा दिए। सूरी और मधु ने इसके बाद सातवें विकेट के लिए 144 गेंद में 85 रन की साझेदारी कर टीम के हार को अंतर को कम किया।

## टीम खिताब भी हरियाणा के नाम

# राष्ट्रीय कुश्ती चैंपियनशिप में अंतिम ने जीता गोल्ड



⏭ मनीषा (57 किलोग्राम) और निशा दहिया (68 किलोग्राम) ने भी अपने-अपने वर्गों में स्वर्ण पदक जीते।

एजेंसी ⏭ अहमदाबाद

दो बार की विश्व चैंपियनशिप विजेता अंतिम पंघाल ने शुक्रवार को यहां शुरू हुई 2025 सीनियर राष्ट्रीय कुश्ती चैंपियनशिप में महिला 55 किलोग्राम वर्ग में स्वर्ण पदक जीता। टूर्नामेंट के पहले दिन महिला कुश्ती के सभी 10 भार वर्गों में मुकाबले हुए जहां देश की पहलवानों ने 2026 एशियाई खेलों और अगले ओलंपिक चक्र की तैयारी शुरू की। रेलवे खेल संवर्धन बोर्ड (आरएसपीबी) का प्रतिनिधित्व कर रही ओलंपियन अंतिम पंघाल अब 55 किलोग्राम भार वर्ग में खेल रही हैं जबकि पहले वह 53 किलोग्राम में खेलती थीं। उनके अलावा मनीषा (57 किलोग्राम) और निशा दहिया (68 किलोग्राम) ने भी अपने-अपने वर्गों में स्वर्ण पदक जीते। प्रिया मलिक को 76 किलोग्राम वर्ग के फाइनल में हरियाणा की ज्योति बेरवाल से हारने के बाद रजत पदक से संतोष करना पड़ा। विश्व चैंपियनशिप की कांस्य पदक विजेता मानसी ने 62 किलोग्राम वर्ग में तीसरा स्थान हासिल किया।राजस्थान की अंजली ने 53 किलोग्राम वर्ग में स्वर्ण पदक जीता, जबकि हरियाणा की रजनीता ने 59 किलोग्राम वर्ग में शीर्ष स्थान प्राप्त किया। हरियाणा की पुलकित ने 65 किलोग्राम वर्ग में जीत हासिल की, जबकि सेना खेल संवर्धन बोर्ड (एसएससीबी) की दीक्षा ने 72 किलोग्राम वर्ग में स्वर्ण पदक जीता। हरियाणा ने 190 अंकों के साथ महिला टीम खिताब अपने नाम किया। आरएसपीबी की टीम 144 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रही, जबकि दिल्ली ने 112 अंकों के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। राष्ट्रीय चैंपियनशिप का महत्व इसलिए भी अधिक है क्योंकि भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) आगामी शिविरों और चयन ट्रायल के लिए यहां से प्रतिभाओं की पहचान करने का प्रयास करेगा। पुरुषों की फ्रीस्टाइल प्रतियोगिताएं शनिवार को आयोजित की जाएगी जिसमें पेरिस ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता अमन 61 किलोग्राम वर्ग में चुनौती पेश करेंगे।



## भारत दौरे में धूम मचाने के लिए तैयार मेस्सी

**कोलकाता।** अर्जेंटीना के सुपरस्टार लियोनेल मेस्सी की 2011 के बाद 13 दिसंबर से शुरू होने वाली पहली भारतीय यात्रा चकाचौंध से भरपूर होगी लेकिन इसमें फुटबॉल का खास जादू देखने को नहीं मिलेगा। मेस्सी का यह दौरा यह 2011 की तुलना में पूरी तरह से अलग होगा जब यहां साल्ट लेक स्टेडियम में दर्शकों ने सुपरस्टार के पांवों का जादू देखा था। तब फीफा मैत्री मैच में अर्जेंटीना ने वेनेजुएला को 1-0 से हराया था और 85 हजार से अधिक प्रशंसक स्टेडियम में जमा हुए थे।

कुछ दर्शक तो स्टैंड के किनारों पर भी बैठे थे। आठ बार बैलोन डीओर जीतने वाले मेस्सी इस बार 'जीओएटी इंडिया टूर 2025' में फुटबॉल खेलने वाले नहीं हैं। यह पूरी तरह से प्रचार और व्यावसायिक रूप से आयोजित कार्यक्रम है, जो शनिवार को शुरू होगा और सोमवार को नई दिल्ली में समाप्त होगा।






## खबर संक्षेप

### दिल्ली ब्लास्ट आरोपियों की न्यायिक हिरासत बढ़ी



**नई दिल्ली।** दिल्ली में लाल किला मेट्रो स्टेशन के पास कार में हुए ब्लास्ट मामले में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने शुक्रवार को चार आरोपियों को पटियाला हाउस कोर्ट में पेश किया। आरोपियों में डॉक्टर मुजम्मिल, डॉ. शाहीन सईद, मुफ्ती इरफान अहमद और आदिल अहमद शामिल हैं। इन सभी चारों आरोपियों को पिछली कस्टडी पूरी होने के बाद अदालत में पेश किया गया। अदालत ने इन सभी चार आरोपियों को 12 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेजने का आदेश दिया है।

### पाक के 11 मछुआरे पकड़ाए, जांच जारी



**कच्छ।** इंडियन कोस्ट गार्ड ने कच्छ के अरब सागर में गुरुवार की रात एक पाकिस्तानी नाव पकड़ी है। 'अलवली' नामक इस नाव पर 11 पाकिस्तानी मछुआरे सवार थे, जो भारतीय जलक्षेत्र में घुस आए थे। नाव बुधवार को कोस्ट गार्ड ने अरब सागर में पेट्रोलिंग के दौरान पकड़ी। पकड़े गए सभी मछुआरों को आगे की पूछताछ के लिए जखौ पोर्ट लाया गया है। शुरुआती जांच में पता चला है कि ये मछुआरे मछली पकड़ने के मकसद से भारतीय जलक्षेत्र में घुसे थे।

### सिद्धू मूसेवाला की मां ने भेजा 10 लाख का नोटिस



**अमृतसर।** सिद्धू मूसेवाला की मां चरणकौर ने जालंधर में उनके पुतले को जलाए जाने की घटना पर क्रिश्चियन ग्लोबल एक्शन कमेटी को कानूनी नोटिस भेजा है। नोटिस में उन्होंने मांग की है कि कमेटी 15 दिनों के भीतर लिखित माफी जारी करें। यह माफी अखबारों में प्रकाशित की जाए, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर पोस्ट की जाए और चरण कौर को 10 लाख रुपए का मुआवजा दिया जाए।

### एसआईटी ने दायर की 3500 पन्नों की चार्जशीट



**नई दिल्ली।** असम के प्रसिद्ध गायक जुबीन गर्ग की संदिग्ध मौत मामले में स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम ने कामरूप मेट्रो के चीफ ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट की अदालत में विस्तृत 3500 पन्नों की चार्जशीट दाखिल कर दी है।

## अमेरिकी राष्ट्रपति की जी-7 को किनारा करने की योजना

# पांच सबसे बड़ी महाशक्तियों का सुपर 'कोर 5' क्लब बनाने की तैयारी में ट्रंप

यूरोप और नाटो देश पर दबदबे के रूप विकल्प के तौर पर जी-5 का प्रस्ताव तैयार

सी-5 क्लब में भारत, अमेरिका, रूस, चीन और जापान

एजेंडे में मिडिल ईस्ट सिक्योरिटी का मुद्दा शामिल

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप कोर-5 सुपरक्लब बनाने की तैयारी में हैं। इस सुपरक्लब में दुनिया की पांच सबसे बड़ी महाशक्तियां शामिल होंगी। माना जा रहा है कि ट्रंप इस ग्रुप तो जी7 समूह के विकल्प के तौर पर बनाना चाहते हैं, जिसमें यूरोप का दबदबा है। ट्रंप के प्रस्तावित कोर-5 या सी5 सुपरक्लब में भारत, अमेरिका, रूस, चीन और जापान शामिल हो सकते हैं। अगर वॉशिंगटन के सूत्रों पर यकीन किया जाए, तो ट्रंप यूरोप को किनारे करते हुए 'कोर 5' को जी7 (ग्रुप ऑफ़ सेवन) के संभावित विकल्प के तौर पर पेश करना चाहते हैं। ट्रंप ने इस साल की शुरुआत में इस समूह को बनाने के संकेत दिए थे, जिसे विशेषज्ञों ने जियोपॉलिटिकल एक्सपेरिमेंट करार दिया था। जून में जी7 शिखर सम्मेलन के दौरान ट्रंप ने कहा था कि रूस और चीन को भी इस ग्रुप का हिस्सा होना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि 2014 में क्रीमिया पर कब्जा करने के बाद रूस को हटाने की कोशिश करना एक बहुत बड़ी गलती थी। माना जाता है कि जी7 के यूक्रेन को क्रीमिया से रूस को हटाने के लिए उकसाने के कारण ही फरवरी 2022 में पुतिन ने हमले का आदेश दिया था।

### सभी देश की आबादी 10 करोड़ से अधिक



पीएम नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप फाइल फोटो

ट्रंप ने कहा कि जी7 में अगर रूस इसमें होता तो अभी कोई युद्ध नहीं होता। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि पुतिन के इस ग्रुप का हिस्सा न होने से जिंदगी और मुश्किल हो जाती है। इसी बात ने ट्रंप को पांच देशों के सुपरक्लब के विचार को जन्म दिया जिसमें अमेरिका, रूस, चीन, भारत और जापान को एक छतरी के नीचे लाने के लिए प्रेरित किया। रिपोर्ट में कोर 5, या सी5 का प्रस्ताव है, जिसमें यूएस, चीन, रूस, भारत और जापान शामिल हैं। ये सभी देश 10 करोड़ से अधिक की आबादी वाले देश हैं।

### ग्रुप का पहला एजेंडा भी तय

यह ग्रुप जी7 की तरह नियमित तौर पर खास जरूरी विषयों पर समिट के लिए मिलेगा। कोर-5 ग्रुप का पहला एजेंडा भी तय हो गया है - मिडिल ईस्ट सिक्योरिटी, जिसमें इजराइल और सऊदी अरब के बीच रिश्ते नॉर्मल करने पर फोकस किया जाएगा। इसके अलावा दुनिया की सबसे बड़ी महाशक्तियों के साथ अमेरिका के रिश्तों को मजबूत करने की कोशिश की जाएगी। अब अमेरिका अपने सहयोगियों की रक्षा के लिए खुद को खतरे में नहीं डालेगा।

### यूरोप और नाटो का भविष्य खतरे में

*विशेषज्ञों का कहना है कि अगर ट्रंप वास्तव में कोर-5 का गठन करने जा रहे हैं तो यह अमेरिका की प्राथमिकताओं में बहुत बड़ा बदलाव होगा। अब तक अमेरिका अपने यूरोपीय सहयोगियों पर निर्भर रहा है। लेकिन, अब नया फ्रेमवर्क उसे यूरोप से दूर लेकर जाएगा, जिससे बड़ा जियोपॉलिटिकल बदलाव होगा। इस समूह के बनने का मतलब न सिर्फ नाटो की मौत होगी, बल्कि क्वाड भी खत्म हो जाएगा। क्योंकि नाटो का गठन रूस के खिलाफ और क्वाड का गठन चीन के खिलाफ किया गया था, लेकिन अब ये दोनों देश अमेरिका के साथ एक ही गुट में शामिल होंगे।*

### विश्व में कई समूह

### अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ये ग्रुप

यूरोपीय संघ (ईयू) में वर्तमान में 27 देश शामिल हैं, जो एक आर्थिक और राजनीतिक संघ के रूप में काम करते हैं, जिसमें वस्तुओं, पूंजी, सेवाओं और लोगों की मुक्त आवाजाही की अनुमति है। नाटो में 32 सदस्य देश शामिल हैं, जिसमें उत्तरी अमेरिका और यूरोप के देश हैं; गठबंधन का सबसे नया सदस्य स्वीडन है, जो मार्च 2024 में शामिल हुआ। सार्क में 8 सदस्य देश शामिल हैं: भारत, पाकिस्तान, बांग्लादेश, श्रीलंका, नेपाल, भूटान, मालदीव, और अफगानिस्तान। इन देशों का उद्देश्य दक्षिण एशिया के लोगों के जीवन स्तर में सुधार और क्षेत्रीय आर्थिक विकास को बढ़ावा देना है, और इसका मुख्यालय नेपाल के काठमांडू में है। जी7 (ग्रुप ऑफ सेवन) में 7 प्रमुख विकसित देश शामिल हैं: कनाडा, फ्रांस, जर्मनी, इटली, जापान, यूनाइटेड किंगडम (यूके), और संयुक्त राज्य अमेरिका (यूएसए)। इसके अतिरिक्त, यूरोपीय संघ (ईयू) भी एक गैर-गणना सदस्य के रूप में भाग लेता है, लेकिन यह कोई देश नहीं है। क्वाड में चार देश शामिल हैं: भारत, अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया, जो हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शांति, सुरक्षा और आर्थिक सहयोग के लिए एक रणनीतिक मंच बनाते हैं।

## आईएमएफ ने पाक पर कसा शिकंजा

# बेलआउट पैकेज पर लगाईं अब 11 नई शर्तें, 18 महीने में बढ़कर कुल 64 हुईं



आईएमएफ मुख्यालय

एजेंसी ▶▶ इस्लामाबाद

इंटरनेशनल मॉनेटरी फंड (आईएमएफ) ने भ्रष्टाचार पर लगाम लगाने के लिए 7 बिलियन डॉलर के बेलआउट पैकेज के तहत पाकिस्तान पर 11 नई शर्तें लगाई हैं। फंड की दूसरी समीक्षा बैठक के लिए स्टाफ लेवल रिपोर्ट के मुताबिक, इस कदम से पाकिस्तान पर 18 महीने में कुल कम्पलायंस जरुरतें 64 हो गई हैं। यह कदम ऐसे समय में उठाया गया है जब आईएमएफ ने पाकिस्तान के आर्थिक प्रबंधन और सुधार पर चिंता जताई, जबकि उसने बेलआउट प्रोग्राम के तहत लगभग 1.2 बिलियन डॉलर के नए डिस्बर्समेंट को मंजूरी दी। साथ ही पॉलिसी में गलतियों, कमजोर संस्थागत और लगातार ढांचागत कमजोरियों से होने वाले जोखिम की चेतावनी दी।

### पाकिस्तान पर 307 बिलियन डॉलर का भारी कर्ज

आईएमएफ ने पाकिस्तान के भारी कर्ज के बोझ और बाहरी फाइनेंसिंग पर निर्भरता की ओर भी ध्यान दिलाया। रिपोर्ट में पता चलता है कि पाकिस्तान पर कुल पब्लिक कर्ज 307 बिलियन डॉलर से ज्यादा है, जिसमें बाहरी कर्ज, कुल कर्ज का एक-तिहाई से ज्यादा है और आईएमएफ की जिम्मेदारियां मल्टीलेटरल लायबिलिटीज का एक बड़ा हिस्सा हैं। आईएमएफ ने कहा कि पाकिस्तान की एक्सटेंडेड फंड फैसिलिटी (ईएफएफ) के तहत लगभग 1 बिलियन और रेजिलिएंस एंड सस्टेनेबिलिटी फैसिलिटी (आरएसएफ) के तहत लगभग 200 मिलियन डॉलर के तुरंत डिस्बर्समेंट को मंजूरी दी है। लेकिन यह मंजूरी परफॉर्मेंस क्राइटेरिया का पालन न करने की छूट के अनुरोध के साथ आई, जो पाकिस्तान के दावों में लगातार कमियों को दिखाता है।

### पाक की सुधार की रफ्तार बहुत धीमी

आईएमएफ ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि लगातार मजबूत पॉलिसी लागू करने से पाकिस्तान को इस साल कई झटकों से निपटने में मदद मिली है, लेकिन चेतावनी दी कि हाल की बाढ़ ने वित्त वर्ष 2026 के आउटलुक को थोड़ा कम कर दिया है। बता दें, पाकिस्तान के 37 महीने के ईएफएफ को सितंबर 2024 में मंजूरी मिली थी, जबकि 28 महीने के आरएसएफ को मई 2025 में मंजूरी मिली थी। इन प्रोग्राम का मकसद पाकिस्तान की इकॉनमी को स्थिर करना, भरोसा वापस लाना और सुधारों को सपोर्ट करना है, लेकिन आईएमएफ की नई चेतावनी से यह साफ है कि लगातार कम्प्लायंस और सुधार की रफ्तार अभी भी बहुत धीमी है।

# चीन संग बातचीत में भारत ने दिया निर्यात नियंत्रण से जुड़े लंबित मुद्दों को जल्द सुलझाने पर जोर

***दोनों देशों के बीच बीजिंग में हुई दो दिवसीय बैठक से निकला यह महत्वपूर्ण निष्कर्ष***

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

अमेरिका द्वारा रूस से तेल खरीद पर नाराजगी जताते हुए नई दिल्ली पर लगाए गए 50 फीसदी टैरिफ और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बनी हुई सुरक्षा चुनौतियों के बीच भारत और चीन अपने द्विपक्षीय संबंधों को पूरी तरह से सामान्य बनाने की प्रक्रिया में जुटे हुए हैं। बीते 11 से 12 दिसंबर तक बीजिंग में दोनों देशों के प्रतिनिधियों के बीच एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। जिसमें भारत का प्रतिनिधित्व विदेश मंत्रालय में संयुक्त सचिव (पूर्व एशिया) सुजीत घोष ने किया। जबकि चीन की तरफ से इस संवाद में उप-विदेश मंत्री सुन वीदोंग शामिल हुए। मंत्रालय ने शुक्रवार को बताया कि बैठक में दोनों पक्षों ने आगामी वर्ष के लिए पहले से निर्धारित योजना के मुताबिक तय की गई गतिविधियों और आदान-प्रदान की समीक्षा की है। भारतीय पक्ष ने निर्यात नियंत्रण से जुड़े हुए सभी लंबित मामलों के शीघ्र अति शीघ्र समाधान पर जोर दिया है। वार्ता में भारत-चीन के साझा हितों से जुड़ी हुई क्षेत्रीय और वैश्विक गतिविधियों पर भी संक्षिप्त रूप से विचारों का आदान-प्रदान किया गया। अपनी इस यात्रा के दौरान घोष ने चीन के वाणिज्य मंत्रालय में एशियन अफेयर्स के महानिदेशक से भी मुलाकात की और उसमें द्विपक्षीय व्यापार तथा वाणिज्यिक मुद्दों पर चर्चा की गई है।

### चीन के पेशेवरों को आसानी से मिलेगा बिजनेस वीजा



फाइल फोटो

उधर, भारत ने चीन के पेशेवरों और एग्जीक्यूटिव्स को बिजनेस वीजा देने के समय में कटौती कर दी है। जिसमें प्रशासनिक जांच को कम कर दिया गया है। नई दिल्ली के इस फैसले से चीन की कंपनियों को अब करीब एक महीने के अंदर भारत का बिजनेस वीजा प्रदान किया जा सकेगा। यह एक प्रकार से वीजा प्रक्रिया में शामिल अतिरिक्त जांच को हटाने के समान है। जिससे इस संबंध में लगने वाला समय कम हो जाएगा। यहां बता दें कि बीते दिनों चीन ने भारतीय नागरिकों के लिए लगभग 22 दिसंबर से ऑनलाइन वीजा आवेदन सिस्टम की शुरुआत करने का ऐलान किया था। जिसके बाद अब भारत की तरफ से चीनी पेशेवरों को बिजनेस वीजा प्रदान करने के लिए लगने वाले समय को कम करने की यह महत्वपूर्ण कवायद की गई है।

### चीन ने किया फैसले का स्वागत

चीन ने भारत के बिजनेस वीजा के लिए समय घटाने के निर्णय का स्वागत किया है। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता गुओ जियाकुन ने कहा कि हमारा देश भारत के साथ बातचीत और परामर्श की प्रक्रिया को जारी रखने का इच्छुक है। दोनों देशों के बीच 2020 के मध्य में एलएसी विवाद के दौरान तनाव बढ़ गया था। लेकिन नई दिल्ली का यह कदम दोनों देशों की आम जनता के बीच संबंधों को बेहतर बनाने के लिए उठाया गया एक सकारात्मक कदम है। जो दोनों देशों के साझा हितों से भी जुड़ा हुआ है।

### दोनों पक्षों के बीच रचनात्मक बातचीत हुई

मंत्रालय ने कहा कि भारत और चीन के बीच इस बैठक में आगे बढ़ने वाली एक रचनात्मक बातचीत हुई है। जिसमें दोनों पक्षों ने अपने-अपने देश के शीर्ष नेताओं द्वारा रेखांकित किए गए सामरिक मार्गदर्शन पर प्रकाश डाला। साथ ही द्विपक्षीय संबंधों में स्थिरता के साथ पुनर्निर्माण की दिशा में जारी प्रगति को लेकर सकारात्मक आकलन प्रस्तुत किया। जिसके केंद्र में दोनों देशों की आम-जनता से जुड़ी हुई गतिविधियां रही हैं।

# रणवीर सिंह की धुरंधर फिल्म पर खाड़ी देशों ने जतायी नाराजगी

ओमान सहित 6 खाड़ी देशों ने फिल्म की रिलीज पर लगाया प्रतिबंध

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

रणवीर सिंह की धुरंधर फिल्म को लेकर खाड़ी देशों की नाराजगी देखने को मिल रही है। अब तक ओमान सहित क्षेत्र के कुल 6 देशों ने इस फिल्म की रिलीज पर रोक लगा दी है। इस निर्णय के पीछे सभी का यह कहना है कि यह फिल्म पाकिस्तान विरोधी संदेश दे रही है। प्रतिबंध लगाने वाले खाड़ी देशों में बहरीन, कुवैत, ओमान, कतर, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात शामिल हैं।

बताते चलें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अगले सप्ताह जॉर्डन, इथोपिया और ओमान की यात्रा पर रहेंगे। उनकी इस विदेश यात्रा का अंतिम पड़ाव ओमान होगा। पीएम के ओमान पहुंचने से पहले संबंधित देश का यह निर्णय सामने आया है। जबकि जानकार मानते हैं कि ओमान द्वारा भारत की फिल्म पर प्रतिबंध इसलिए लगाया जा सकता है। क्योंकि वह और पाकिस्तान दोनों इस्लामिक देशों के अंतरराष्ट्रीय संगठन ओआईसी के सदस्य हैं। इसलिए पाकिस्तान को लेकर सहयोग प्रदर्शित किया जाना स्वाभाविक सा जान पड़ता है। लेकिन हमें यह भी याद रखना चाहिए कि भारत और ओमान भी दो पुराने साझेदार देश हैं।

## राष्ट्रीय जलमार्गों से यातायात का बढ़ रहा क्रेज

# नदियों के रास्ते सफर करने वाले यात्रियों की संख्या बढ़कर 7.64 करोड़ पहुंची

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत में राष्ट्रीय जलमार्गों पर यातायात में इस वर्ष ऐतिहासिक बढ़ोतरी दर्ज की गई है। बंदरगाह और जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने शुक्रवार को लोकसभा में बताया कि वित्त वर्ष 2024-25 में नदियों के रास्ते सफर करने वाले यात्रियों की संख्या 7.64 करोड़ तक पहुंच गई। पिछले वित्त वर्ष 2023-24 में यह आंकड़ा 1.61 करोड़ था, यानी एक साल में लगभग 5 गुना वृद्धि दर्ज हुई है।

### तीन वर्षों के लिए 95.42 करोड़ की लागत



सर्वानंद सोनोवाल

सरकार ने अंतर्देशीय जल परिवहन को और सशक्त करने के लिए जलवाहक योजना शुरू की है। यह योजना 2024-25 से 2026-27 तक तीन वर्षों के लिए 95.42 करोड़ रुपए की लागत से चलाई जा रही है। इसके तहत जलमार्गों पर माल ढुलाई करने वाले कार्गो मालिकों को उनके वास्तविक परिचालन खर्च का 35 प्रतिशत तक वित्तीय प्रोत्साहन सीधे दिया जाता है।

## लूथरा ब्रदर्स को दिल्ली लाने के लिए आईबी की टीम थाईलैंड पहुंची

# बैंकॉक में भारतीय एजेंसियों के हवाले किए जाएंगे, 4 दिन लगेंगे

सोमवार तक दोनों भाइयों के दिल्ली पहुंचने की संभावना

आगजनी मामले में अब तक 6 लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

उत्तरी गोवा के अरपोरा गांव स्थित बर्च बाय रोमियो लेन नाइटक्लब के मालिक गौरव व सौरव लूथरा को मंगलवार को थाईलैंड से दिल्ली लाया जाएगा। गोवा में बीते शनिवार की रात नाइटक्लब में आग लगते ही दोनों भाई तुरंत टिकट बुक करवा पहले मुंबई और वहां से इंडिगो एयरलाइंस से थाईलैंड भाग गए थे। भारत सरकार व केंद्रीय सुरक्षा एजेंसियों के अनुरोध पर थाईलैंड पुलिस ने गुरुवार सुबह दोनों भाईयों को थाईलैंड में हिरासत में ले लिया और इसकी सूचना भारत सरकार को दे दी गई। जिसके बाद लूथरा ब्रदर्स को भारत लाने के लिए कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी गई।

### ट्रांजिट रिमांड पर गोवा ले जाएंगे




फुकेट में गिरफ्तार सौरभ और गौरव लूथरा

थाई पुलिस अब दोनों को बैंकॉक के सुवर्णभूमि एयरपोर्ट ले गई है। यहां दोनों को भारतीय एजेंसियां अपनी कस्टडी में लेंगी। इसके बाद उन्हें सुआन फू इमिग्रेशन डिटेंशन सेंटर ले जाया जाएगा। पासपोर्ट रद्द होने के कारण भारतीय दूतावास इनके लिए इमरजेंसी ट्रैवल सर्टिफिकेट जारी करेगा। चूंकि, थाईलैंड से गोवा के लिए सीधी उड़ान नहीं है, इसलिए लूथरा ब्रदर्स को बैंकॉक से पहले दिल्ली, फिर गोवा ले जाया जाएगा। इस पूरी प्रक्रिया में करीब 4 दिन लगेंगे। सोमवार तक दोनों भाइयों के दिल्ली पहुंचने की संभावना है। दिल्ली पहुंचते ही गोवा पुलिस दोनों को हिरासत में लेगी। दिल्ली से ट्रांजिट रिमांड लेकर उन्हें गोवा ले जाया जाएगा।

### सोमवार को अग्निशमन विभाग की आएगी रिपोर्ट

गोवा के डीजी आलोक कुमार का कहना है कि अब तक की जांच में नाइटक्लब में आग लगने का कारण ई पटाखे से निकली आग के गोले व शॉर्ट सर्किट के मिश्रण को माना जा रहा है। सोमवार तक गोवा अग्निशमन विभाग की फाइनल रिपोर्ट आ जाएगी, उससे आग लगने के सही कारण की पुष्टि हो जाएगी। हादसे में जिन 25 लोगों की मौत हुई है उनकी सूची बनाकर गृह मंत्रालय व गोवा सरकार के संबंधित विभाग को भेज दी गई है ताकि उनके स्वजन को जल्द से जल्द मुआवजा मिल सके। गोवा सरकार की तरफ से पांच-पांच लाख व पीएम फंड से सभी के स्वजन को दो-दो लाख मुआवजा दिया जाएगा।

### एक और मालिक खोसला गिरफ्त से बाहर

नाइटक्लब के एक मालिक सुरेंद्र कुमार खोसला को गोवा पुलिस अब तक गिरफ्तार नहीं कर पाई है। उसके खिलाफ भी गोवा पुलिस ने सात दिसंबर को सीबीआई के जरिये लुक आउट सर्कुलर नोटिस जारी करवा दिया था। आगजनी मामले में गोवा पुलिस अब तक छह आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है, जिनमें क्लब के मालिक अजय गुप्ता, चीफ जनरल मैनेजर राजीव मोदक, जनरल मैनेजर विवेक सिंह, बार मैनेजर राजीव सिंघानिया, गेट मैनेजर रियांशु ठाकुर व मैनेजर भरत कोहली शामिल है। भरत कोहली, पंजाबी बस्ती, सब्जी मंडी का रहने वाला है। वहीं, अजय गुप्ता गुरुग्राम के सुशांत लोक का रहने वाला है। उसका रियर एस्टेट का भी कारोबार है। अजय गुप्ता व भरत कोहली को गोवा पुलिस ने दिल्ली से गिरफ्तार किया है।

## आंध्र प्रदेश में बड़ा सड़क हादसा

# बस खाई में गिरी, 9 की मौत, पीएम ने जताया दुख, सहायता राशि का ऐलान

एजेंसी ▶▶ चित्तूर

आंध्र प्रदेश के अल्लूरी सीतारमा राजू (एएसआर) जिले में शुक्रवार सुबह एक दर्दनाक हादसा हो गया। चिंतूरू और भद्राचलम को जोड़ने वाली घाट सड़क पर एक बस अचानक नियंत्रण खो बैठी और गहरी खाई में जा गिरी। मौके पर ही कम से कम 9 लोगों की मौत हो गई। पीएम नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने हादसे पर दुख जताया है। पीएम कार्यालय ने पीएम राष्ट्रीय राहत कोष (पीएमएनआरएफ) से पीड़ितों के लिए अनुग्रह राशि का ऐलान किया गया है। हादसे में जान गंवाने वाले मृतकों के परिवारों को 2-2 लाख रुपए और घायलों को



दुर्घटनाग्रस्त बस

50,000 रुपए दिए जाएंगे। आंध्र प्रदेश के सीएम एन. चंद्रबाबू नायडू ने इस हादसे पर गहरा शोक जताया। उन्होंने कहा कि कई लोगों की मौत की खबर विचलित करने वाली है। सीएम ने बताया कि सरकार राहत कार्यों की प्रगति पर नजर बनाए हुए हैं। घायलों को सर्वोत्तम चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। जिला कलेक्टर के अनुसार, कई यात्री गंभीर रूप से घायल हुए हैं।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109